सूर्योदय 6:39 सूर्यास्त 5:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13 न्यू | 20 अधि |
| धर्मशाला | 16 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84000 |
| निफ्टी | 25763 |
| सोना 120777 | चांदी 149300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 4 नवंबर 2025 | 20 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 307, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




# चंडीगढ़ के निकट टाउनशिप विकसित करेगी हिमाचल सरकार

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने हिमुडा परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में चल रही और प्रस्तावित आवासीय परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने हिमुडा को निर्देश दिए कि राज्य के लोगों की बढ़ती आवासीय मांग को ध्यान में रखते हुए चंडीगढ़ के समीप नई टाउनशिप विकसित करने की संभावनाएं तलाशें, ताकि आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नया शहरी केंद्र तैयार किया जा सके। मुख्यमंत्री ने शिमला के निकट प्रस्तावित जाठिया देवी सैटेलाइट टाउन परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इस परियोजना से राजधानी में बढ़ती भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने



शिमला में हिमुडा परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

हिमुडा को परियोजना में तेजी लाने और शीघ्र एक सलाहकार नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि टाटा इंजीनियरिंग सर्विसेज कंपनी द्वारा इस टाउनशिप की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और विश्व स्तरीय आवासीय सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। यह टाउनशिप शिमला के निकट एक संतुलित और सुव्यवस्थित शहरी विकल्प प्रदान करेगी।

### विकासनगर में बनेगा आधुनिक वाणिज्यिक परिसर

मुख्यमंत्री सुक्खू ने शिमला के विकासनगर में प्रस्तावित वाणिज्यिक परिसर के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और इसके लिए 20 करोड़ रुपए जारी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह भवन शिमला के सबसे आधुनिक परिसरों में से एक होगा, जिसमें सरकारी कार्यालयों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और अन्य आवश्यक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। इससे न केवल शहर के व्यावसायिक ढांचे को सुदृढ़ता मिलेगी, बल्कि स्थानीय रोजगार अवसरों में भी वृद्धि होगी।

### समय पर पूरी करें सभी परियोजनाएं

**मुख्यमंत्री** ने हिमुडा की आगामी आवासीय परियोजनाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं और सुव्यवस्थित शहरी जीवन प्रदान करना है, जिसके लिए सभी विभागों के बीच तालमेल आवश्यक है।

### क्रिकेटर रेणुका को 1 करोड़ देगी सरकार

**शिमला।** महिला क्रिकेट विश्व कप में भारत की जीत में अहम योगदान देने वाली भारतीय तेज गेंदबाज एवं हिमाचल की बेटी रेणुका सिंह को सरकार पुरस्कार के तौर पर एक करोड़ रुपए देगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को यह घोषणा की। सीएम ने कहा कि रोहड़ू की बेटी रेणुका ने वो सपना पूरा कर दिखाया, जो हर पहाड़ की बेटी देखती है। संघर्षों से जीतकर वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा बनना, यह देश और हिमाचल का गौरव है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने रेणुका सिंह से फोन पर बात की। सीएम ने रेणुका, उनकी मां और उनके परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। सीएम ने कहा कि रेणुका के स्वर्गीय पिता को नमन, जिनकी प्रेरणा आज पूरे हिमाचल का अभिमान बनी है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट का पोर्न मूवी पर सुनवाई से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पोर्न वीडियोज को बैन करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने सितंबर में नेपाल में हुए जेन जी प्रदर्शन का हवाला दिया। कहा- नेपाल में सोशल मीडिया एप्स पर बैन लगाने के बाद क्या हुआ, जरा देखिए। हालांकि चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा- पोर्नोग्राफी बैन वाली याचिका पर 4 हफ्ते बाद सुनवाई की जाएगी। गवई 23 नवंबर को अपने पद से रिटायर्ड हो रहे हैं। याचिका में केंद्र सरकार से मांग की गई है कि वह अश्लील कंटेंट (पोर्नोग्राफी) पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक नेशनल पॉलिसी बनाए। साथ ही बच्चों तक यह कंटेंट नहीं पहुंचे, इसके लिए जरूरी एक्शन ले। इसके अलावा पब्लिक प्लेटफॉर्म से ऐसे वीडियोज हटाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

### आवारा कुत्तों को खाना खिलाने के बनेंगे नियम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देश भर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैंपस में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा। कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी। जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं। अब मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा: ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। उन्होंने यह बयान रविवार को बीबीएस न्यूज को दिए इंटरव्यू में दिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रंप से पूछा गया कि नॉर्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रंप ने कहा कि रूस,पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सिलेबस की तैयारी के लिए टीजीटी मेडिकल अभ्यर्थियों ने मांगा वक्त पेज 2
- शिव मंदिर बैजनाथ में आज होगी 15 हजार अखरोटों की वर्षा -पेज 5
- मेडिकल टूरिज्म की संभावनाओं पर काम करेगी सेंट्रल यूनिवर्सिटी -पेज 5
- स्वास्थ्य सेवाओं व 'सिकल सेल' एनीमिया की करें जांच -पेज 7
- पांवटा साहिब में खुलेगा सिरमौर जिले का पहला केंद्रीय विद्यालय -पेज 12

# भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर: प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

### कहा- हमारे पास सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के बने भारत मंडपम में इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव 2025 में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान देश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपए की रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम फंड लॉन्च किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब केवल टेक्नोलॉजी का कंज्यूमर नहीं रह गया है। वह टेक्नोलॉजी के जरिए ट्रांसफॉर्मेशन का पायोनियर बन गया है। दुनिया का सफल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रकचर भारत के पास है। यह कॉन्क्लेव 5 नवंबर तक चलेगा। इसमें प्रमुख वैज्ञानिकों की पैनल चर्चाएं, प्रस्तुतियां और टेक्नोलॉजी प्रदर्शन होंगे, जो भारत के साइंस और टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए शोधकर्ताओं, उद्योग और युवा इनोवेटर्स के बीच सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसमें एजुकेशन, रिसर्च, उद्योग से जुड़े 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी, नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रख्यात वैज्ञानिक, इनोवेटर्स और पॉलिसी मेकर्स शामिल हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



### प्रधानमंत्री मोदी की स्पीच की बड़ी बातें

- **जब** विज्ञान का पैमाना मिलता है, जब नवाचार समावेशी हो जाता है, जब प्रौद्योगिकी परिवर्तन को प्रेरित करती है, तब बड़ी उपलब्धियों की नींव रखी जाती है।
- **हम** रिसर्च को आसान बनाने पर फोकस कर रहे हैं ताकि भारत में नवाचार का एक मॉडर्न इकोसिस्टम डेवलप हो सके।
- **आज** भारत के पास दुनिया का सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर है। भारत एथिकल और ह्यूमन सेंट्रिक एआई के लिए ग्लोबल फ्रेमवर्क को आकार दे रहा है।
- **विचार-विमर्श** 11 प्रमुख सेक्टरों पर केंद्रित होगा। इसमें एडवांस मैटेरियल्स एंड मैन्युफैक्चरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायो-मैन्युफैक्चरिंग, ब्लू इकॉनमी और डिजिटल कम्युनिकेशन शामिल हैं।

# विधायक हंसराज और युवती प्रकरण में महिला आयोग ने तलब की रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

### चेयरपर्सन विद्या नेगी ने एसपी चंबा को विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा

भाजपा विधायक और पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. हंसराज पर एक युवती ने गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद हिमाचल प्रदेश महिला आयोग ने चंबा के एसपी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग की चेयरपर्सन विद्या नेगी ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के माध्यम से उन्हें यह मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने एसपी चंबा को पूरी जांच रिपोर्ट पेश करने और युवती की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के पास यह मामला जनवादी महिला समिति के माध्यम से भी पहुंचा है, जिसमें युवती ने अपने परिवार को खतरा बताया है। वहीं, विधायक हंसराज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लाइव आकर इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि यह उनकी छवि खराब करने की साजिश है। उन्होंने युवती के आरोपों को राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए मानहानि का केस करने की चेतावनी दी है। विधायक का कहना है कि यह मामला पहले भी उठ चुका था, लेकिन युवती बाद में अपने बयान से पलट गई थी। अब दोबारा आरोप लगाए जाने से चंबा जिले के चुराह क्षेत्र की राजनीति में हलचल बढ़ गई है।

### घास काट रही महिला पर दराट से हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर के सासन इलाके में सोमवार को घास काटने गई एक महिला पर हुए हमले में वह बुरी तरह घायल हो गई है। किसी ने दरार से उस पर हमला किया और उसके गले पर बड़ा घाव आ गया है। एक कान भी उसका कटा हुआ है। उसे गंभीर अवस्था में हमीरपुर स्थित मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में दाखिल करवाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। महिला का नाम रंजना कुमारी है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। अभी महिला को बचाने का प्रयास हो रहा है। उसके गले और कान से काफी ब्लीडिंग हो चुकी है। समाचार लिखे जाने तक उसका इलाज जारी था।

# दो सड़क हादसों में 32 की मौत

### तेलंगाना के रंगारेड्डी में बस और डंपर की टक्कर में 19 लोगों ने गंवाई जान



**एजेंसी, रंगारेड्डी**

तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर गिट्टी से लदे डंपर ने तेलंगाना रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस को टक्कर मार दी। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 महीने का बच्चा, 10 महिलाएं और दोनों वाहनों के ड्राइवर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 20 लोग घायल हैं। सभी का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह हादसा हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर चेवेल्ला पुलिस स्टेशन क्षेत्र में खानपुर गेट के पास हुआ। यह बस विकाराबाद जिले के तंदूर से हैदराबाद जा रही थी। गलत दिशा से आ रहे डंपर ने बस को सामने से टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह डैमेज हो गई और डंपर पर लदी गिट्टी बस के अंदर यात्रियों पर जा गिरी। इससे कई यात्री दब गए। घटना के दिल दहला देने वाले वीडियो सामने आए, जिनमें गिट्टी में दबे यात्री मदद के लिए पुकारते दिखे। पुलिस और बचावकर्मी लोगों को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे। बचाव दल को शवों को निकालने के लिए बस को काटना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

#### शवों को निकालने के लिए काटनी पड़ी बस

### जयपुर में शराबी डंपर ड्राइवर ने 17 वाहनों को मारी टक्कर, 13 की मौत



**एजेंसी, जयपुर**

जयपुर में तेज रफ्तार डंपर ने एक के बाद एक 17 गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कई के शरीर टुकड़ों में बंट गए। किसी का पैर कट गया तो किसी का हाथ। हादसे में 10 घायल हो गए। 6 गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर हरमाड़ा के लोहा मंडी पर हुआ। दोपहर करीब 1 बजे डंपर लोहा मंडी पेट्रोल पंप की तरफ से रोड नंबर -14 से हाईवे पर चढ़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान उसने गाड़ियों को टक्कर मार दी। लोगों ने डंपर ड्राइवर को मौके से पकड़ लिया। वह नशे में था। ड्राइवर कल्याण मीणा विराटनगर का रहने वाला है, जिसका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हेड कांस्टेबल रविंद्र ने बताया कि डंपर खाली था। जो रोड नंबर 14 की तरफ जा रहा था ाद्य लोहा मंडी रोड पर करीब 300 मीटर दूर से लोगों को टक्कर मारता आ रहा था। कई वाहनों और लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया गया। (अनंत ज्ञान)

#### 300 मीटर दूर से टक्कर मारता हुआ आया चालक

# चीन की कंपनियों ने भी रूस से तेल खरीदना कम किया

**एजेंसी, बीजिंग**

अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस की बड़ी तेल कंपनियों और उनके कुछ ग्राहकों पर पाबंदियां लगाई हैं, जिसके बाद अब चीन की तेल कंपनियां रूसी तेल खरीदने से पीछे हट रही हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की सरकारी कंपनियां जैसे सिनोपेक और पेट्रोचाइना ने हाल ही में रूस से तेल की कई खेपें रद्द कर दी हैं। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि अमेरिका ने पिछले महीने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रॉसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए थे। चीन की कुछ निजी छोटी रिफाइनरियां, जिन्हें टीपॉट्स कहा जाता है, भी रूसी तेल खरीदने से डर रही हैं। इससे पहले रॉयटर्स की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद कम कर दी है। (अनंत ज्ञान)

#### ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में किया गया दावा

# अफगानिस्तान में शक्तिशाली भूकंप आने से 8 लोगों की मौत

**एजेंसी, काबुल**

उत्तरी अफगानिस्तान में सोमवार तड़के 6.3 तीव्रता वाले शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 200 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी प्रांतीय अधिकारियों ने दी। अमरीकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार भूकंप का केंद्र खुल्म से लगभग 22 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण पश्चिम में, मजार-ए-शरीफ शहर के पास था। यह स्थानीय समयानुसार लगभग 12:59 बजे आया जो 28 किलोमीटर की गहराई में था। मजार-ए-शरीफ में 150 लोग घायल हो गए, जहां की आबादी लगभग 5,23,000 है। मजार-ए-शरीफ के निकट पहाड़ी क्षेत्र समांगन प्रांत के स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता समीम जोयांदा ने कहा कि अबतक कुल 8 लोग मारे गए हैं और 200 घायल हुए हैं, जिनमें से सभी को स्वास्थ्य केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# ईडी ने अनिल अंबानी की 3000 करोड़ की 40 संपत्तियां की जब्त

## पाली हिल वाला घर भी शामिल, जिसमें बना है हेलिपैड

**एजेंसी, मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 40 से ज्यादा प्रॉपर्टीज को जब्त कर लिया है। प्रॉपर्टीज में अनिल अंबानी का पाली हिल वाला घर भी है, जिसमें एक हेलिपैड बना हुआ है। अटैच की गई प्रॉपर्टीज की कुल वैल्यू 3,084 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

यह एक्शन मनी लॉन्ड्रिंग केस में लिया गया है, जिसमें यस बैंक से लिए लोन का फंड डायवर्जन का मामला शामिल है। ईडी का कहना



है कि ये पब्लिक मनी रिकवर करने के लिए जरूरी हैं। प्रॉपर्टी अटैच करने का यह आदेश पीएमएलए की धारा 5(1) के तहत जारी किए गया था। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट ब्लैक मनी को रोकने के लिए 2002 में बना था। इसमें प्रॉपर्टी अटैचमेंट से लेकर कोर्ट ट्रायल तक सब कवर होता है। ईडी ने 24 जुलाई को अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों और करीब 50 कंपनियों पर छापेमारी की थी।

इसके बाद 23 अगस्त को सीबीआई ने भी अनिल अंबानी के घर पर छापेमारी की थी। श्वष्ठ ने 24 जुलाई को अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों और करीब 50 कंपनियों पर छापेमारी की थी। इसके बाद 23 अगस्त को सीबीआई ने भी अनिल अंबानी के घर पर छापेमारी की थी। (अनंत ज्ञान)

**उदारता** किसानों पर था 90 लाख रुपए का कर्ज, मां की पुण्यतिथि पर पूरे पैसे बैंक में कराए जमा

# गुजरात में कारोबारी ने चुकाया अपने पूरे गांव का कर्ज

**एजेंसी, अमरेली**

गुजरात के अमरेली जिले के रहने वाले एक कारोबारी ने अपने पूरे गांव को कर्जमुक्त बना दिया। सावरकुंडला तहसील के जीरा गांव के निवासी बाबूभाई जीरावाला ने अपनी मां की पुण्यतिथि पर गांव के 290 किसानों का पिछले 30 सालों का कर्ज चुका दिया। इसके लिए उन्होंने 90 लाख रुपए दान किए। उनकी इस मदद से गांव के सभी किसान कर्जमुक्त हो गए हैं। इस बारे में बाबूभाई जीरावाला ने बताया- हमारे गांव में जीरा सेवा सहकारी मंडल को लेकर 1995 से एक बड़ा विवाद चल रहा था। इस समिति के तत्कालीन प्रशासकों ने किसानों के नाम पर फर्जी ऋण लिए थे।

इतने सालों में कर्ज कई गुना तक बढ़ गया था। किसानों को सरकार से मिलने वाली सहायता, ऋण और अन्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा था। गांव के किसानों को बैंक कोई लोन नहीं देती थी। लोन न मिलने से किसान परेशान थे। कर्ज के चलते जमीनों का बंटवारा तक नहीं हो पा रहा था। इसलिए मेरी माता की इच्छा थी कि उनके पास जो गहने हैं, उसे बेचकर गांव के किसानों का कर्ज चुका दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

#### 1995 से लंबित था बैंक के ऋण का मामला



अपने गांव के किसानों को नो लोन सर्टिफिकेट वितरित करते बाबूभाई जीरावाला।

### बैंक के अधिकारियों ने किया पूरा सहयोग

**बाबूभाई** जीरावाला ने बताया कि उन्होंने बैंक अधिकारियों से मुलाकात की और इच्छा जताई तो अधिकारियों ने भी नो कर्ज सर्टिफिकेट देने में सहयोग किया। गांव के किसानों पर कुल 89,89,209 लाख रुपए का कर्ज था। वह हमने भर दिया और बैंक से किसानों के नाम नो कर्ज सर्टिफिकेट लेकर सभी किसानों को दे दिए हैं। मैं और मेरा परिवार खुश है कि हमने मां की इच्छा पूरी की और मां को सच्ची श्रद्धांजलि दी।

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री यादविंद्र गोमा आज नादौन में

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) नादौन में 4 नवंबर से छात्र-छात्राओं की राज्य स्तरीय अंडर-14 सांस्कृतिक एवं योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के सभी 12 जिलों की टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि मंत्री यादविंद्र गोमा आज सुबह 10 बजे करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसीपल दिल्ली मोहम्मद पोसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमें प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। मंत्री यादविंद्र गोमा सोमवार देर शाम हमीरपुर पहुंच गए थे और मंगलवार सुबह नादौन में कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव काथला के लिए रवाना होंगे।

### प्रांजल शर्मा ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के सातवें सेमेस्टर के छात्र प्रांजल शर्मा ने दिल्ली में आयोजित 'अपने नेता को जानें' कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों से चयनित विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। प्रांजल शर्मा का चयन ऑनलाइन पंजीकरण और चयन प्रक्रिया के बाद हुआ। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सहित कई गणमान्य वक्ताओं ने संबोधित किया। प्रांजल ने बताया कि यह अनुभव उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने देशभर के युवाओं से संवाद कर राष्ट्रीय एकता और नेतृत्व के बारे में गहन विचार साझा किए।

### जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आज: राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा 4 नवंबर को हमीरपुर के बाईपास रोड स्थित एक निजी होटल में जिला-स्तरीय संगठनात्मक बैठक करने जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर करेंगे, जबकि प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी अमित ठाकुर ने इसे बुलाई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल की पार्टी गतिविधियों का मूल्यांकन, विभिन्न मंडलों और मोर्चा के कामकाज की समीक्षा और पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करना है। राकेश ठाकुर ने कहा कि यह बैठक सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों और मोर्चा संयोजकों के लिए संगठनात्मक प्रगति पर विचार-विमर्श और आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने का महत्वपूर्ण मंच होगी।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए 26 विद्यार्थी रवाना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के एमबीए पर्यटन विभाग के पहले सेमेस्टर के 26 विद्यार्थी दस दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान तकनीकी विवि के एमबीए पर्यटन विभाग के विद्यार्थी गुजरात और दीव क्षेत्र का दौरा करेंगे। भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ गए प्राध्यापक डॉ विनित कुमार और अजय कुमार ने कहा कि इस दौरान उपरोक्त क्षेत्रों की जीवंत संस्कृति विरासत, पर्यटन और अन्य पर्यटन को लेकर सतत विकास के अपनाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल करें। जिसकी सभी विद्यार्थी एक रिपोर्ट तैयार करेंगे। वहीं, तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ राजेश कुमार और कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर ने पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दीं।

### छात्रों को दी करियर बनाने की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में सोमवार को विद्यार्थियों को एचसीएल टेक के अर्ली करियर प्रोग्राम के तहत छात्रों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. विभा ठाकुर ने की। इस अवसर पर करियर काउंसलिंग समन्वयक डॉ. सपना राणा, प्रो राजेश खरवाल तथा डॉ. अरविंद कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। एचसीएल टेक से अजय नरयाल ने बताया कि यह एक फुल जॉब और हाइब्रिड प्रोग्राम है, जिसमें विद्यार्थियों की ओवरऑल एजुकेशन और पर्सनालिटी ग्रूमिंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि वे नौकरी के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। इस वर्कशॉप में 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

### पूर्व छात्रों ने रिटायर्ड शिक्षिका की सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के कोहला की 75 वर्षीय रिटायर्ड अध्यापिका कौशल्या देवी को उनके 75वें जन्मदिन पर उनके वर्ष 1976 में पढ़ाए गए छात्रों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पुराने शिष्यों ने स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम के आयोजकों में सतीश अत्री, सूबेदार रवि मेहता, पंडित प्रदीप शास्त्री, सुनील कुमार महंत, दीपक कुमार डीपी, संदीप बबलू चौधरी, विपिन कुमार चाहंगी, अशोक चौधरी और अन्य शामिल थे। पूर्व छात्रों ने बताया कि कौशल्या देवी के मार्गदर्शन में पढ़ाई करने वाले कई छात्र अब विभिन्न सरकारी पदों, व्यवसाय और समाज सेवा में सक्रिय हैं। इस अवसर पर कौशल्या देवी ने करीब 50 साल पुराने अनुभवों को याद करते हुए शिष्यों को धन्यवाद दिया और अपने को गौरवांवित महसूस किया।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के धनेटा कस्बा में स्थित गुगा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राधे-राधे कीर्तन मंडली धनेटा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है। भारत भूषण कपिल ने बताया कि इस कथा का शुभारंभ सुबह त्रिमूर्ति शिव मंदिर से कलश यात्रा के साथ किया गया जिसमें आसपास की 51 महिलाओं ने भाग लिया। भारत भूषण ने बताया कि 8 दिन चलने वाली कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक चलेगी जिसमें पंडित गणेश दत्त व्यास पीठ से भक्त जनों को श्रीमद् भागवत कथा से भाव विभोर करेंगे।

### पंच भीष्म पंचक व्रत में जरूर जलाएं दीपक

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** पहली नवंबर से सुरू पंच भीष्म पंचक व्रत जो की 5 नवंबर तक चलेंगे। इस व्रत पर लोग 5 दिन तक घर पर दीए जलाकर इनका पूजन करके शुरू करते हैं ,जो की लगातार 5 दिन तक चलता है। धनेटा निवासी पंडित अश्विनी कुमार ने बताया कि इन पांच दिनों में अखंड दीपक जलाने से मनुष्य में पड़ने वाले पांच प्रकार के विकार नष्ट होते हैं व अंत मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि वैसे तो पंचक हर माह के अंदर आते हैं परंतु कार्तिक माह में पढ़ने वाले पंचको का अपना अलग ही महत्व है।

### नादौन में कल मनाया जाएगा गुरु पर्व

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ऐतिहासिक नगर नादौन स्थित गुरुद्वारा गुरु दसवीं पातशाही में सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाशोत्सव 5 नवंबर को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इससे पूर्व आज से अखंड पाठ आरंभ हो गया है, जो गुरु पर्व तक निरंतर चलेगा। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी सिमरनजीत सिंह ने बताया कि इस अवसर पर कीर्तन जत्थे गुरु महिमा का गुणगान करेंगे। प्रातः 11 बजे से अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे गुरु पर्व में भाग लेकर गुरु चरणों में नतमस्तक हों और लंगर का प्रसाद ग्रहण करें।

### नौकरी लेने के लिए 10 को आएं हमीरपुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की जुपिटर सोलर टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ट्रेनी के कुल 250 पदों को भरने के लिए 10 नवंबर को सुबह 10 बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लेगी। इनमें से 200 पद आईटीआई डिप्लोमा धारक महिला एवं पुरुष उम्मीदवारों के लिए हैं। अभ्यर्थी वर्ष 2023, 2024 या 2025 के पास आउट होने चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 14 हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा। इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ईसीई, मैकेनिकल और केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक डिग्री धारक पुरुष उम्मीदवारों के लिए 50 पद रखे गए हैं। अभ्यर्थी वर्ष 2022, 2023, 2024 या 2025 के पास आउट होने चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 25 हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि युवक का नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### छात्राओं को तनाव प्रबंधन की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट और मटाहणी में किशोरावस्था में मानसिक तनाव पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में प्रसिद्ध मनोविज्ञानी एवं काउंसलर शीतल वर्मा ने छात्राओं को मानसिक तनाव के लक्षण और इसे नियंत्रित करने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि बातचीत में दूसरों की बात ध्यान से सुनना और तुरंत निष्कर्ष पर न पहुंचना जरूरी है। सीडीपीओ सुनीता शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा में सकारात्मक शब्दों के प्रयोग और नकारात्मक भाषा से बचने पर जोर दिया। उन्होंने छात्राओं को आभार व्यक्त करने और दूसरों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और स्कूल के शिक्षक भी मौजूद रहे।

# सिलेबस की तैयारी के लिए टीजीटी मेडिकल अभ्यर्थियों ने मांगा पूरा वक्त

## अभ्यर्थियों ने आयोग से कहा–सिलेबस स्पष्ट न होने के कारण दिया जाए समय

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग में टीजीटी मेडिकल के अभ्यर्थियों ने की सिलेबस में बदलाव करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा है कि यदि इसमें बदलाव न किया जाए तो इसकी तैयारी के लिए कम से कम 6 महीनों का वक्त तो मिलना चाहिए। क्योंकि आयोग ने 6 महीने के बाद अब सिलेबस को वेबसाइट पर अपलोड किया है। उसमें भी किताबें पढ़ने के लिए कहा गया है चैप्टर के हिसाब से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। यही अभ्यर्थियों की सबसे बड़ी असमंजस वाली स्थिति तैयार हो गई है।

चयन आयोग को पत्र लिखकर मांग की गई है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो या परीक्षा ज्यादातर स्टूडेंट्स के लिए औपचारिकता ही साबित होगी क्योंकि जिस सिलेबस को इस बार आधार बनाया गया है, उसकी तैयारी के लिए समय चाहिए है। उन्हें डर है कि यदि एक महीने के भीतर कहीं परीक्षा आयोजित हो गई, तो अभ्यर्थी नुकसान में रहेंगे। क्योंकि आयोग ने इसमें अपनी औपचारिकता पूरी कर दी है। इससे अभ्यर्थियों का भला होने वाला नहीं है।

अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को आयोग के सचिव विक्रम महाजन से भी मिला। लेकिन इस प्रतिनिधि मंडल के अभ्यर्थियों का कहना था कि संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया है। इसलिए अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से वे मिलने शिमला जाएंगे। कारण यह है कि आयोग जानबूझकर ऐसा कर रहा है। उसे पता है कि किताबों के हिसाब से वह भी जिनका नाम अंकित किया गया है, उस हिसाब से यदि तैयारी की जाएगी, तो 5, 6 महीने चाहिए ही चाहिए हैं।

### सिलेबस में स्पष्टता न होने से छात्रों में चिंता

**प्रियंका** ठाकुर ने कहा कि सिलेबस सही है, लेकिन चैप्टर स्पष्ट न होने के कारण तैयारी में कठिनाई हो रही है। जून में विज्ञापन के बाद इसे चिन्हित करके अपलोड किया जाना चाहिए था। अब परीक्षा इसी महीने शुरू होने वाली है और यदि टीजीटी परीक्षा जल्दी आयोजित की गई तो छात्रों को नुकसान होगा। पहले एनसीईआरटी और बीएससी दोनों का सिलेबस शामिल होता था, अब केवल बीएससी का है, लेकिन चैप्टर नहीं बताए गए।

### सचिव विक्रम महाजन बोले- सिलेबस में नहीं कोई समस्या, तैयारी के लिए पर्याप्त समय है

**आयोग** के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि इसमें कोई दिक्कत नहीं है। सिलेबस तो जारी किए गए विज्ञापन में ही बता दिया गया था और अभी इसके लिए पर्याप्त समय स्टूडेंट के पास है। उन्हें कैसे पता चल गया कि एक महीने तक एग्जाम हो जाएगा? आयोग ने नियमों के तहत ही यह सब जारी किया है। अभ्यर्थियों को इसमें दिक्कत नहीं आनी चाहिए फिर भी स्टूडेंट मिलने आए थे, देखते हैं।

# टिक्करी घुराला में जमीनी विवाद पर दो पक्षों में मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत गांव टिक्करी घुराला (डाकघर लुदर महादेव, तहसील भोरंज में खेत में ट्रैक्टर ले जाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया, जो मारपीट में बदल गया। दोनों ओर से गाली-गलौच, डंडा चलने और चोटें आने की बात सामने आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहला मामले में शिकायतकर्ता सपना देवी पत्नी शशी कुमार निवासी टिक्करी घुराला ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह अपने पति के साथ खेत बिजाई करने गई थीं। इस दौरान उनके ससुर ने ट्रैक्टर आगे ले जाने से रोका। उसी समय उनकी सास मीरा देवी, देवर सुनील कुमार तथा अन्य पड़ोसी प्रकाश चन्द, माया देवी, संतोष कुमार, मंसा देवी, विकास कुमार और संतोष कुमारी मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौच करते हुए डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में सपना देवी को चोटें आईं। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है।

दूसरा मामले में दूसरी ओर, रोशन लाल पुत्र दिले राम निवासी टिक्करी घुराला ने शिकायत दी कि आरोपी शशी कुमार अपने ट्रैक्टर से उस जमीन पर विजाई करने का प्रयास कर रहा था, जो शिकायतकर्ता के नियंत्रण में है। जब उसने रोकने की कोशिश की, तो आरोपी व उसकी पत्नी ने उसके साथ तथा उसकी पत्नी के साथ डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकियां दीं। इस घटना में खेत की बाड़ भी तोड़ी गई तथा ग्रामीणों को गाली-गलौच कर डराया गया। पुलिस ने इस मामले में धारा 115(2), 351(2), 329(3) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

थाना भोरंज के एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के विरुद्ध शिकायतें दी गई हैं। दोनों मामलों पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया गया है तथा आगामी जांच प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

# महल में 1 करोड़ 14 लाख रुपए से बनेगा नया पंचायत घर: सुरेश कुमार

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के महल में सोमवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भोरंज विधायक एवं राज्य विकास चर्चा प्रभारी सुरेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर लोगों से सीधा संवाद किया। इससे पहले पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विधायक सुरेश कुमार का महल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास का प्राथमिकता दे ही है। इसके लिए भोरंज विधानसभा क्षेत्र में विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम को शुरू किया गया है। इससे ग्रामीणों की समस्याओं को ग्रामीण स्तर पर दूर करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क सुविधा की ओर विशेष ध्यान दे रही है। क्षेत्र के बच्चों को वर्तमान समय के अनुसार आधुनिक शिक्षा मिले इसके लिए करहा में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि जहां पर पूर्व राजस्व मंत्री स्वर्गीय धर्म सिंह चौधरी ने भोरंज विस क्षेत्र का विकास कार्य छोड़ा था, उसके अब शुरू हुआ है। पिछले 35 वर्षों से केवल विकास के नाम पर भाजपा के नेताओं ने राजनीति करने का कार्य किया है। यहीं बजह है कि आज भी भोरंज के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व के भाजपा विधायकों ने बिना प्राकलन से 50 हजार रुपए से 1 लाख रूपए देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि महल में 1 करोड़ 14 लाख रूपए की लागत नया पंचायत घर बनेगा। इसके अलावा महिला मंडल भवन की मुरम्मत करवाने तथा एक सुदंर वर्शाषालिका का निर्माण प्राथमिक से करवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष विजय बन्याल, दीप चंद, चंदन ठाकुर, चमन लाल शर्मा, सुरेंद्र कुमार, रवि कुमार, आशीष देव, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित कई मौजूद रहे।

# सुजानपुर में आवारा कुत्तों का आतंक, 24 लोग घायल एक को हमीरपुर रेफर किया

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर टिहरा क्षेत्र में आवारा कुत्तों का लगातार लोगों पर हमला कर रही है, जिससे अब तक 24 लोग घायल हो चुके हैं। सभी घायलों का इलाज सुजानपुर अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक मरीज को गंभीर हालत में हमीरपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार एक कुत्ता पिछले कुछ दिनों से विभिन्न



मोहल्लों में घूम रही है और राहगीरों पर अचानक हमला कर उन्हें घायल कर रही है। बच्चों और बुजुर्गों में डर का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है ताकि इलाके में फैली दहशत समाप्त हो सके। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि कुत्ते को पकड़ने के लिए विशेष टीम भेजी जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि सतर्क रहें और किसी भी आवारा कुतिया को देखते ही प्रशासन को सूचित करें। अस्पताल के डॉक्टरों ने सभी घायलों को आवश्यक उपचार और एंटी-रेबीज टीके देने की जानकारी दी।

# भाजपा नेता किस बात का नड्डा साहब का जता रहे आभार, पहले पता करें पैसा कहां से आया: डॉ. पुष्पेंद्र



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने भाजपा नेताओं पर सोमवार को तीखे प्रहार किए और पूछा कि वे नड्डा साहब का आभार किस बात के लिए जता रहे हैं, जबकि प्रदेश में स्वास्थ्य और बुनियादी विकास के लिए पैसा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार की मेहनत से आया है। डॉ. वर्मा ने बताया कि सुक्खू सरकार के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति हुई है। प्रदेश में तीन नई एमआरआई मशीनें लगाई जा रही हैं, शिमला और टांडा में रोबोटिक सर्जरी शुरू हो चुकी है, सात नए सुपर स्पेशलिटी विभाग स्थापित किए जा रहे हैं और मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में केथ लैब भी स्थापित होगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता केवल राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त हैं और जनता को भ्रमित कर रहे हैं। बड़सर में विधायक मुख्यमंत्री को गुमराह करने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि सच यह है कि हमीरपुर का बस अड्डा 123 करोड़ का बन रहा है, 65 करोड़ रुपए का रोपवे बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत हुआ है। इसके अलावा 650 करोड़ रुपए के कैंसर अस्पताल, 100 सीटों के डेंटल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज, तथा 150 करोड़ एमसी हमीरपुर के लिए लाए गए हैं।

डॉ. वर्मा ने व्यंग्य करते हुए कहा कि भाजपा के नेता जादूगर की टोपी से उछल-कूद कर रहे हैं, लेकिन जनता जानती है कि शराफत हारती नहीं और बेईमानी जीत नहीं सकती।

### टोपी बदलने से नहीं होता कुछ

**डॉ.** वर्मा ने कहा कि बड़सर के विधायक पहले हरी टोपी पहनते थे और अब लाल टोपी पहनकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। टोपी के रंग बदलने से कुछ नहीं होता, उनका असली धरातल जनता के सामने आ चुका है। खरगोश की तरह उछल-कूद करने वाले भाजपा नेता अब अपनी असली औकात दिखा रहे हैं।

### टीजीटी से प्रवक्ता व हेडमास्टर पदोन्नति शीघ्र करे विभाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि रिक्त पदों पर टीजीटी से प्रवक्ता और हेडमास्टर पदोन्नति सेटल वरिष्ठता के अनुसार शीघ्र की जाए। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया और महासचिव विजय हीर ने कहा कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के मामलों (पूर्णिमा बनाम सरकार व सतीश कुमार) में स्टे केवल डिमोशन पर है, प्रमोशन पर नहीं। इसलिए शिक्षा विभाग कानूनी राय लेकर 270 पात्र टीजीटी और प्रवक्ता को प्रमोट करे। संघ ने यह भी कहा कि प्रवक्ता से प्रिंसिपल, जेबीटी और सी एंड वी से टीजीटी वर्ग की लंबित प्रमोशन सूचियां भी यथाशीघ्र जारी की जाएं।

टीजीटी कला संघ लाहौल में अध्यक्ष बने अजीत, उपाध्यक्ष रिगजिन संदप, महासचिव प्रमोद कुमार और कैशियर किशोरी। 5 नवंबर को नाहन में सिरमौर जिला के चुनाव संपन्न होंगे। संघ ने चेतावनी दी है कि लंबित प्रमोशन न होने से शिक्षक वर्ग में असंतोष बढ़ रहा है और सरकार की छवि प्रभावित हो सकती है।

# कोठी गांव में सड़क पर अवैध कब्जा बनी समस्या

## लोग एक साल से कर रहे प्रशासन से शिकायत, कोई समाधान नहीं

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** विकास खंड हमीरपुर के तहत कोठी गांव के लोग सरकारी सड़क पर किए गए अवैध कब्जे को लेकर परेशान हैं। गांव को जाने वाली सड़क पर 4 लोगों ने अवैध कब्जा किया है जिसके कारण आए दिन गांव वालों के साथ झगड़ा होता है। खेती बाड़ी के समय यह लोग ट्रैक्टर तक नहीं ले जाने दे रहे।

इसके अलावा हरिजन बस्ती के लिए भी यही सड़क है लेकिन गाड़ियां ले जाने पर यह लोग झगड़ा करना शुरू कर देते हैं। यहां तक कि हरिजन बस्ती के लोग यदि कोई बीमार हो जाए तो उन्हें मरीज को सड़क तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। गौर रहे कि कोठी गांव के लोग पिछले एक साल से उपायुक्त हमीरपुर और एसडीएम से भी कई बार गुहार लगा रहे हैं, कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटाकर सड़क सुविधा को बहाल किया जाए, लेकिन आज दिन इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। सोमवार को भी कोठी गांव के प्रकाश चंद, कुलदीप सिंह, प्रीतम सिंह व उत्तम चंद ने एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह से मिलकर उन्हें शिकायत सौंपी। एसडीएम हमीरपुर ने इस शिकायत को राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार को लिखित में इस समस्या का हल करने के आदेश जारी किए हैं। गांव के लोगों का कहना है कि यदि इस बार भी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सिविल कोर्ट, मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग मंत्री के समक्ष आनी समस्या रखेंगे। बता दें कि सड़क की समस्या से गांव के 400 से 500 लोग प्रभावित हो रहे हैं जिन्हें आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं यह सड़क शमशान घाट की ओर भी जाती है जिससे भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि एक साल से इस समस्या का प्रशासन कोई समाधान नहीं कर पाया है। इसलिए फिर से इस समस्या को लेकर एसडीएम से मिले हैं।



कोठी गांव के लोग एसडीएम से सड़क की समस्या को लेकर शिकायत पत्र सौंपने जाते हुए।

### अग्नि व जल सुरक्षा का अभ्यास करवाया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में चल रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर में सोमवार को छात्रों को अग्निशमन और जल सुरक्षा (फायर ड्रिल व वाटर सेफ्टी ड्रिल) का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों में आत्मरक्षा के उपाय सिखाना था। प्रशिक्षकों ने छात्रों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षित बाहर निकलने, प्राथमिक उपचार, टीमवर्क व राफ्टिंग के माध्यम से जल सुरक्षा का अभ्यास करवाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों रोहित अग्निहोत्री, हरीश, दीप्ति शिखा व मंजू के निर्देशन में यह गतिविधियां छात्रों में साहस, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता व आपसी सहयोग विकसित करने में सफल रही। प्रधानाचार्य नैना लखनपाल ने सभी की मेहनत और सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

### वरिष्ठ नागरिकों की बढ़े सामाजिक सुरक्षा पेंशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा ने वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि की सरकार से अपील की है। संस्था के प्रधान प्रकाश चंद सेन ने बताया कि 60 वर्ष से ऊपर और 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली पेंशन वर्तमान महंगाई के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। बस किराया और चिकित्सा खर्च में वृद्धि के कारण पेंशन अधिकांश खर्चों में ही खत्म हो जाती है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि पेंशन को कम से कम प्रतिमाह 5000 रुपए किया जाए, ताकि वरिष्ठ नागरिक आर्थिक तंगी के बावजूद सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें व दवाइयों और जरूरतों के लिए भी पर्याप्त सहायता मिल सके।

### 15 तक जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 नवंबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 नवंबर तक हमीरपुर शहर के भोटा चौक पर स्थित उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### कार्यक्रम

## हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर का वार्षिकोत्सव-2 धूमधाम से संपन्न

# 161 मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के वार्षिकोत्सव-2 का वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। 'अभिव्यक्ति थीम' पर मनाए गए इस वार्षिक समारोह में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। छात्रों ने अभिभावकों का दर्शक दीर्घा में पहुंचने पर वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों व तिलक लगाकर स्वागत किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य शशिबाला ने स्वागत भाषण पढ़ा। मंत्र उच्चारण के साथ मुख्य अतिथि, विद्यालय चेयरमैन प्रोफेसर आरसी लखनपाल, विद्यालय वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, विद्यालय निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, अकादमिक प्राचार्य हिमांशु शर्मा, प्राचार्य विकासनगर नैना लखनपाल, प्राचार्य हीरानगर शशि बाला व विद्यालय समन्वयकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय छात्राओं ने वार्षिक रिपोर्ट व मुख्य अतिथि के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय चेयरमैन, विद्यालय चेयरपर्सन, विद्यालय निदेशक, प्राचार्य विकास नगर, प्राचार्य हीरानगर ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। लक्की डिप-1 के विजेता शामली खन्ना, सीमा, डॉ. अभिलाषा को मुख्य अतिथि विधायक आशीष शर्मा हमीरपुर व जिला विज्ञान पर्यवेक्षक हमीरपुर ने इनाम देकर सम्मानित किया।

मेधावी 161 छात्रों को मुख्य अतिथि, विद्यालय चेयरमैन, विद्यालय वाइस चेयरपर्सन, विद्यालय निदेशक, प्राचार्य विकासनगर व प्रधानाचार्य हीरानगर ने अलग-अलग क्रियाकलापों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। लक्की डिप-2 के विजेता पूजा ठाकुर, एकता व लक्की सूर्यवंशी को विद्यालय चेयरमैन, विद्यालय चेयरपर्सन व स्वाति शर्मा ने इनाम देकर सम्मानित किया। लक्की डिप-3 के विजेता सीमा, दिव्या ठाकुर व विनोद को विद्यालय निदेशक, अकादमिक प्राचार्य व प्राचार्य हीरानगर ने इनाम देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण गणेश वंदना, एक तेरा नाम है सच्चा, तेरी मिट्टी में, नाच मेरी जान, पंजाबी गिद्दा, यादों की बारात, बुमरो- बुमरो, रोल-प्ले, पंजाबी भांगड़ा, फोक डॉन्स, हरियाणवी फोक डॉन्स व हिमाचली भांगड़ा रहा।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमो व संस्कृति से जुड़ाव अत्यावश्यक है। समन्वयक डॉक्टर नीता सिंह, पूजा शर्मा, माया शर्मा, विनोद शर्मा, अशोक पटियाल, विपिन शर्मा, ईशा कपिल, पूनम डोगरा, मधुबाला, प्रेमलता, शालिनी धीर, रिशु शर्मा, कविता ठाकुर, त्रिखा, मीना शुक्ला, निधि वालिया, मीनाक्षी, अभिलाषा शर्मा, संगीत अध्यापिका शिप्रा, लक्ष्मी, अभिषेक, अभिषेक अत्री, सुशील व इवेंट मैनेजर चंद्र किरण सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्वयक रहे। हैप्स के सभी शिक्षकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्राचार्या ने बधाई दी।



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुतियां देते स्कूली बच्चे।

### पहाड़ी दिवस पर बच्चों ने पहाड़ी में दिए भाषण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला भाषा अधिकारी कार्यालय हमीरपुर ने पहाड़ी दिवस के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय भाषण, निबंध, मुहावरा-लोकोक्ति और पहेली लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वरिष्ठ साहित्यकार दलीप कुमार मुख्य अतिथि रहे। जिला भाषा अधिकारी संतोष कुमार पटियाल ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में पहाड़ी भाषा और संस्कृति के प्रति रुचि, गर्व और जागरुकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन ने न केवल भाषाई विरासत को संरक्षित किया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने और सृजनात्मक प्रतिभा प्रकट करने का अवसर भी प्रदान किया।

### 1500 रुपए की प्रतीक्षा कर रही हैं महिलाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा हमीरपुर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की 28 लाख महिलाएं मासिक 1500 रुपए की प्रतीक्षा कर रही हैं और 15 लाख युवा रोजगार की तलाश में हैं, लेकिन मुख्यमंत्री बिहार चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने सत्ता में आने के बाद जनता की समस्याओं पर ध्यान देना बंद कर दिया है, जिससे महिलाओं और युवाओं की स्थिति खराब है। उन्होंने जंगल राज, अपराध, अवैध खनन और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता को भी गंभीर चिंता का विषय बताया।

### नरेली में कल होगी खो-खो प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला खो-खो एसोसिएशन हमीरपुर आगामी 5 नवंबर को सब जूनियर, जूनियर और सीनियर ब्वॉयज एवं गर्ल्स के लिए जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। यह एकदिवसीय प्रतियोगिता कुठेड़ा के साथ लगते नरेली खेल मैदान में आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर-14 और अंडर-18 खिलाड़ियों के लिए आयु, ऊंचाई और भार के निर्धारित इंडेक्स के अनुसार पात्रता तय की गई है।

# प्रदेश में पंचायत सचिवों की होगी भर्ती

## बेरोजगारों के लिए सुनहरा मौका; भरे जाएंगे 300 पद, वित्त विभाग में पहुंची फाइल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए राहत और उत्साह भरी खबर है। लंबे इंतजार के बाद प्रदेश में पंचायत सचिवों के सैकड़ों पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने 300 पंचायत सचिवों की भर्ती योजना तैयार कर वित्त विभाग को भेज दी है। अब वित्त विभाग की मंजूरी मिलते ही भर्ती प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी जाएगी।

जानकारी के अनुसार सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंचायत सचिवों के 300 पद जॉब ट्रेनी के आधार पर भरे जाएंगे। विभाग ने इस संबंध में पूरी फाइल वित्त विभाग को भेज दी है। मंजूरी मिलते ही आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश के हजारों युवा जो लंबे समय से सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे थे, अब इस भर्ती को लेकर बेहद उत्साहित हैं। पंचायत सचिवों की नियुक्ति से ग्रामीण प्रशासन को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

इस बार पंचायत सचिवों को पहली बार जॉब ट्रेनी के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित उम्मीदवार दो वर्षों तक प्रशिक्षण अवधि में रहेंगे, जिसके बाद उन्हें नियमित किया जाएगा। विभाग ने अभी इस अवधि के वेतनमान को तय नहीं किया है, इसलिए फाइल को वित्त विभाग की मंजूरी के लिए भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद इसे लोक सेवा आयोग के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा।

राज्य के विभिन्न विकासखंडों में पंचायत सचिवों के कुल 899 पद लंबे समय से खाली हैं। कई स्थानों पर एक ही सचिव दो से तीन पंचायतों का कार्यभार संभाल रहा है, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण विकास विभाग ने इस समस्या के समाधान के लिए तेजी से भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है, ताकि पंचायतों का संचालन सुचारू रूप से हो सके। विधानसभा सत्र के दौरान पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के जवाब में बताया था कि बजट 2025-26 में पंचायत सचिवों के पदों को भरने की घोषणा की गई थी। पहले चरण में वित्तीय प्रावधान को देखते हुए 300 पदों के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा था कि विभाग आरएंडपी रूल्स में संशोधन कर रहा है, ताकि भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके।

इस भर्ती से प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर मिलेगा और ग्राम पंचायतों की कार्यकुशलता में भी वृद्धि होगी। सरकार का यह कदम न केवल ग्रामीण प्रशासन को मजबूत करेगा बल्कि युवाओं में रोजगार को लेकर नया विश्वास भी जगाएगा।




### मंजूरी के बाद शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

**पंचायत** सचिव भर्ती की फाइल फिलहाल वित्त विभाग के पास विचाराधीन है। जैसे ही वहां से हरी झंडी मिलती है, विभाग आवेदन प्रक्रिया की तिथि घोषित करेगा। उम्मीद है कि यह प्रक्रिया नवंबर के आखिर या दिसंबर के पहले सप्ताह तक शुरू हो जाएगी।

# सरकारी भवनों की विद्युत कॉन्ट्रैक्ट डिमांड में कमी से हिमाचल को हर साल 6.72 करोड़ की बचत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के सरकारी भवनों की बिजली खपत का गहन विश्लेषण कर ऊर्जा उपयोग के क्षेत्र में एक मिसाल पेश की है। अनावश्यक विद्युत लोड को घटाकर सरकार ने न केवल बिजली का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया है, बल्कि हर वर्ष 6.72 करोड़ रुपये की बचत भी की है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर शुरू किया गया यह अभियान 'स्मार्ट एडमिनिस्ट्रेशन और प्रूडेंट फाइनेंस' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सरकारी खर्च को वैज्ञानिक और पारदर्शी ढंग से नियंत्रित किया जा रहा है।

प्रदेश में कृषि, थोक आपूर्ति, वाणिज्यिक, जल शक्ति, औद्योगिक, गैर-वाणिज्यिक और अस्थायी आपूर्ति जैसी श्रेणियों के तहत 913 सरकारी विद्युत कनेक्शनों की कॉन्ट्रैक्ट डिमांड का युक्तिकरण किया गया। इस कदम से मांग शुल्क 2.05 करोड़ रुपये से घटकर 1.49 करोड़ रुपये प्रति माह हो गया। इसके परिणामस्वरूप सरकार को हर महीने औसतन 56 लाख रुपये की बचत हो रही है, जो सालाना 6.72 करोड़ रुपये तक पहुंचती है।

शिमला स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ने इस दिशा में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पहले यहां की विद्युत कॉन्ट्रैक्ट डिमांड 1350 केवीए थी, जिसे घटाकर 858 केवीए कर दिया गया। इस सुधार से अस्पताल को ही हर वर्ष लगभग 24 लाख रुपये की बचत हो रही है। यह पहल अब अन्य सरकारी भवनों के लिए भी प्रेरक बन गई है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने देखा था कि कई विभाग अपनी वास्तविक बिजली खपत की तुलना में कहीं अधिक मांग शुल्क अदा कर रहे हैं। उनके निर्देशों पर हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने विभागीय भवनों की वास्तविक लोड कैपेसिटी के अनुरूप कॉन्ट्रैक्ट डिमांड को पुन: संरेखित करने का एक व्यापक अभियान चलाया। तत्कालीन मुख्य सचिव की देखरेख में यह प्रक्रिया उप-मंडल स्तर पर तेजी से पूरी की गई। इसके लिए मुख्य विद्युत निरीक्षक की देखरेख में राज्यभर के सभी सरकारी उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर उनकी वास्तविक खपत के आंकड़े जुटाए गए।

हर कनेक्शन की नई सीमा पिछले वर्ष की अधिकतम दर्ज मांग से 10 प्रतिशत अधिक रखी गई, ताकि गर्मी और सर्दी दोनों मौसमों के अधिकतम लोड का ध्यान रखा जा सके। इसके बाद एचपीएसईबीएल और विभागीय प्रतिनिधियों ने मिलकर एक विशेष आवेदन और अनुबंध फॉर्म तैयार किया, जिसे बोर्ड की आईटी शाखा ने लागू किया। इस प्रक्रिया को जून 2025 में अंतिम रूप दिया गया और अगस्त 2025 तक सरकार को केवल एक महीने में 56 लाख रुपये की बचत दर्ज हुई।

### अन्य विभागों में भी होंगे ऐसे सुधारात्मक कदम

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देने वाला कदम है, बल्कि यह सरकार की दूरदर्शी सोच और ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग की नीति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इसी तरह के सुधारात्मक अभियान अब अन्य विभागों में भी शुरू किए जाएंगे, ताकि अनावश्यक व्यय में कटौती कर राज्य के संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सके।

- ऊर्जा बचत की दिशा में प्रदेश का अभिनव कदम, स्मार्ट लोड प्रबंधन से घटा खर्च

# चमुर्थी नस्ल के घोड़े रहे आकर्षण का केंद्र, नंद लाल ने विजेता किए सम्मानित



रामपुर बुशहर में तीन दिवसीय अश्व प्रदर्शनी का सफल समापन हुआ।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** जिला के रामपुर बुशहर में तीन दिवसीय अश्व प्रदर्शनी का सफल समापन हुआ, जिसे आगामी अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 2025 के उपलक्ष में आयोजित किया गया था। समापन समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश राज्य सातवां वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं रामपुर के विधायक नंद लाल ने की, जबकि उनकी धर्मपत्नी सत्या नंद लाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

नंद लाल ने कहा कि लवी मेला प्रदेश की व्यापारिक, सांस्कृतिक और पशुपालन परंपरा का जीवंत प्रतीक है और अश्व प्रदर्शनी इस मेले का अभिन्न हिस्सा है। अश्व प्रदर्शनी में कुल 282 घोड़ों की भागीदारी रही, जिनमें विशेष रूप से स्पीति नस्ल के 121 और चमुर्थी नस्ल के घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी में स्पीति क्रॉस ब्रीड, अन्य नस्लों और खच्चरों का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान लगभग 150 पशुओं की बिक्री भी हुई, जिससे पशुपालकों को आर्थिक लाभ मिला। समापन दिवस पर गुब्बारा फोड़, 400 व 800 मीटर घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें धर्मपाल और हैप्पी ने क्रमश: पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## 63 लोगों का हुआ श्रवण परीक्षण, 17 में मिले बहरेपन के लक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। आईजीएमसी शिमला के ईएनटी विभाग की मोबाइल ओडियोमेट्री टीम ने सोमवार को सिविल अस्पताल जुन्गा में ओडियोमेट्री शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 63 लोगों का श्रवण परीक्षण किया गया, जिनमें वरिष्ठ नागरिक भी शामिल थे।

जांच के दौरान 17 लोगों में बहरेपन के लक्षण पाए गए। सिविल अस्पताल जुन्गा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि जिन व्यक्तियों में लक्षण मिले हैं, उन्हें आगे की विस्तृत जांच के लिए आईजीएमसी शिमला बुलाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर श्रवण यंत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अत्यधिक मोबाइल फोन और हेडफोन के उपयोग से लोगों में सुनने की क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि मोबाइल पर लंबी बातचीत और हेडफोन का अत्यधिक उपयोग न करें।

# बिहार में भी हिमाचल प्रदेश जैसी झूठी गारंटियों की शातिर चालें चला रहा महागठबंधन: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और उसका गठबंधन हिमाचल की तरह ही अब बिहार को गारंटियों के नाम पर गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल में झूठी गारंटियों से जनता का जनादेश चुराया और अब वही तरीका बिहार में अपनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल के मुख्यमंत्री बिहार जाकर वही झूठ दोहरा रहे हैं जो उन्होंने यहां बोला था। जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठी गारंटियों के बल पर सत्ता पाने वाले अब जनता के बीच बेनकाब हो चुके हैं और देश अब ऐसे भ्रम में नहीं आएगा।

उन्होंने कहा कि सेवा और विकास के लिए नीयत की जरूरत होती है, न कि मंदिरों में जाकर कसमें खाने या झूठी गारंटियां देने की। हमारी सरकार ने बिना किसी गारंटी के जनहित में अनेक योजनाएं चलाईं गृहिणी सुविधा योजना, हिमकेयर, सहारा, शगुन, स्वावलंबन, बेटी है अनमोल, कन्यादान, सीएम सोलर फेंसिंग जैसी योजनाओं से जनता को सीधा लाभ मिला।

### पत्रकारों पर मुकदमे व माफिया पर मेहरबानी

**पत्रकारों** पर दर्ज हो रहे मुकदमों पर प्रतिक्रिया देते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार अभिव्यक्ति की आज़ादी का गला घोंट रही है। जंगली मुर्गा खाने की खबर लगाने वाले पत्रकारों पर कार्रवाई की गई जबकि अपराध करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह तानाशाही की निशानी है और बीजेपी इसकी कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध खनन और माफिया संस्कृति बढ़ रही है। सत्ता संरक्षित माफिया खुलेआम धमकियां दे रहे हैं और गोली चलाने से भी नहीं हिचकते।

### धारा-118 में ढील के पीछे सक्रिय रैकेट

**धारा-118** में ढील के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सरकार हिमाचल के हितों को बेचने पर उतारू है। इस कानून में ढील दिलाने के लिए एक संगठित रैकेट सक्रिय है जो लोगों से उगाही कर रहा है। यह पूरा तंत्र सत्ता संरक्षण में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पारिस्थितिकी अवैध खनन से गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

# दो साल से सूखा नल, 72 वर्षीय बिमला देवी ढो रही सिर पर पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



करीब दो वर्ष पहले जल शक्ति विभाग ने धरेच पंचायत के उपगांव शांतकुटी में 72 वर्षीय बिमला देवी के घर में नल तो लगा दिया, लेकिन आज तक उसमें पानी की एक बूंद भी नहीं आई। बिमला देवी का परिवार आज भी पहले की तरह डेढ़ किलोमीटर दूर सातस्वर से सिर पर पानी ढोने को मजबूर है। विभाग ने घर-घर नल लगाने का वादा तो निभाया, पर जल नहीं दिया।

बिमला देवी ने बताया कि वे कई बार जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर चुकी हैं, यहां तक कि 1100 पर भी शिकायत दर्ज करवाई, मगर विभाग ने झूठी रिपोर्ट देकर फाइल बंद कर दी। उनका कहना है कि गांव के अन्य आठ घरों में तुंगेश लिफ्ट जलापूर्ति योजना से पानी मिल रहा है, पर उनके घर में प्लास्टिक पाइप बिछाने के कारण पानी नहीं पहुंचा। जल शक्ति विभाग कोटी के कनिष्ठ अभियंता सुनील भीखटा ने कहा कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

- शिकायतों के बाद भी नहीं टपकी एक बूंद, विभाग ने दी झूठी रिपोर्ट

## अंबाला में अग्निवीर महिला सेना पुलिस भर्ती 13 व 14 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अग्निवीर महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण 13 और 14 नवम्बर 2025 को खड्गा स्पोर्ट्स स्टेडियम, अंबाला कैंट में आयोजित किया जाएगा। इस भर्ती में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की वे महिला अभ्यर्थी भाग ले सकेंगी जो प्रथम चरण की कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन परीक्षा में शॉर्टलिस्ट हुई हैं। अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 31 अक्टूबर 2025 को जारी किए जा चुके हैं। सभी उम्मीदवारों से अनुरोध किया गया है कि वे भारतीय सेना की वेबसाइट पर भी अपनी लॉगिन आईडी से एडमिट कार्ड डाउनलोड करें।

एडमिट कार्ड में दिए गए सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। यदि किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई समस्या आती है, तो वे अपने निकटतम सेना भर्ती कार्यालय में प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं ताकि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जा सके।

## संजौली में जन स्वास्थ्य केंद्र का 18वां मासिक शिविर आयोजित

# हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति केंद्र में नशे से प्रभावितों के मुद्दों पर चर्चा



संजौली में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के केंद्र में आयोजित शिविर में विचार साझा करते सीआईडी डीएसपी रविंद्र नेगी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के संजौली स्थित कार्यालय में जन स्वास्थ्य केंद्र के 18वें मासिक शिविर में नशे से प्रभावितों के मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डीएसपी सीआईडी रविंद्र नेगी ने नशे से पीड़ित परिवारों की पीड़ा को सुना और नशे से बाहर निकलने की इच्छाशक्ति दिखा रहे युवाओं की प्रेरक कहानियों को साझा किया।

उन्होंने ऐसे युवाओं से समाज में आदर्श प्रस्तुत करने की अपील की। शिविर में शामिल पंकज और अन्य युवाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए, जो पिछले आठ से नौ महीनों से इस बीमारी से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं।

इस दौरान हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'युवा बचाओ अभियान' के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अब तक सात प्रकार के हस्तक्षेप चिन्हित किए गए हैं, जिन पर समग्र रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। इनमें वैज्ञानिक, सामाजिक, पारिवारिक और सांस्कृतिक स्तर पर हस्तक्षेप शामिल हैं।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ग्राहकों को जीएसटी छूट का दिया लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी हटाए जाने के बाद आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने ग्राहकों को इस राहत का पूरा लाभ दिया है। पहले ग्राहकों को प्रीमियम राशि पर 18 प्रतिशत जीएसटी देना पड़ता था, जो अब पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इससे जीवन बीमा और टर्म इंश्योरेंस दोनों योजनाएं पहले की तुलना में काफी सस्ती हो गई हैं। उदाहरण के तौर पर, 30 वर्ष के गैर-धूम्रपान करने वाले पुरुष को 1 करोड़ के जीवन कवर के लिए अब 825 की बजाय केवल 699 मासिक प्रीमियम देना होगा, जबकि इसी आयु वर्ग की महिला को 697 के स्थान पर केवल 594 चुकाने होंगे।

कंपनी के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर श्री विकास गुप्ता ने कहा कि ग्राहकों को वास्तविक मूल्य वही है जो उनके हित में हो। उन्होंने बताया कि जीएसटी छूट से बीमा योजनाएं अब और किफायती हो गई हैं, जिससे अधिक लोग अपनी और अपने परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित कर पाएंगे।

# 2008 के शिक्षकों को अब तक नहीं मिला न्याय

## हाईकोर्ट के आदेश का सरकार और शिक्षा विभाग ने नहीं किया पालन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

2008 में नियुक्त शिक्षकों ने सरकार और शिक्षा विभाग पर हाईकोर्ट के आदेश की खुली अवहेलना का गंभीर आरोप लगाया है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा का कहना है कि उच्च न्यायालय ने विभाग को आठ सप्ताह के भीतर लंबित आर्थिक लाभ देने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्धारित समयसीमा बीत जाने के बाद भी न तो लाभ दिए गए हैं और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई है।

मोर्चा ने आरोप लगाया है कि सरकार और विभाग ने अदालत में यह झूठा हलफनामा दाखिल किया कि कोर्ट के आदेशानुसार सभी शिक्षकों को आर्थिक लाभ दे दिए गए हैं। जबकि वास्तविकता में 2008 के शिक्षकों को उनके अनुबंध काल से नियमित माने जाने के बाद भी कोई वित्तीय लाभ नहीं मिला है। शिक्षकों ने इसे न्यायपालिका के आदेश का सीधा उल्लंघन करार दिया है।

शिक्षक मोर्चा के अनुसार विभाग ने इन शिक्षकों की वरीयता सूची को संशोधित तो कर दिया है, लेकिन उसके बाद भी उन्हें आर्थिक लाभ नहीं मिले। एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी उनके वेतन व एरियर जारी नहीं किए गए हैं। वहीं कई मामलों में एक ही निर्णय के बाद कुछ शिक्षकों को लाभ दे दिया गया, जबकि अन्य को अब तक वंचित रखा गया है।

- शिक्षक मोर्चा बोला, कोर्ट में दिया झूठा हलफनामा
- एक साल बाद भी आर्थिक लाभ अधर में
- वरीयता सूची में संशोधन लाभ पर अभी भी रोक

### बजट हेड का बहाना और शोषण के आरोप

**शिक्षकों** ने बताया कि सरकार अब एरियर देने के लिए अलग से बजट हेड बनाने का तर्क दे रही है, जिसे मोर्चा 'बहाना' मानता है। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया का कोई निश्चित समय नहीं है और यह कदम सिर्फ देरी का जरिया है। मोर्चा का आरोप है कि 2008 में नियुक्त शिक्षकों का वर्षों से 'युद्ध स्तर पर शोषण' किया जा रहा है। उन्हें अर्जित अवकाश तो दिए जा रहे हैं, लेकिन उनके लिए आर्थिक लाभ से लगातार वंचित रखा जा रहा है।

### फिर अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे

**मोर्चा** ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही न्यायालय के आदेशों को लागू नहीं किया गया तो वे दोबारा कोर्ट में अवमानना याचिका दायर करेंगे। उनका कहना है कि अब संघर्ष का अगला चरण शुरू होगा, क्योंकि सरकार और विभाग की मंशा स्पष्ट रूप से आदेशों को टालने की है।

## छात्र से मारपीट के मामले में अभी नहीं हुई गिरफ्तारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल में स्कूल छात्र से मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। यह मामला पुलिस चौकी खदराला में एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता दुर्गा सिंह ने आरोप लगाया है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मुख्य अध्यापक देवेंद्र ने अपनी पत्नी कृतिका ठाकुर की जगह नितिश ठाकुर नामक व्यक्ति को अवैध रूप से बच्चों को पढ़ाने के लिए नियुक्त किया था। इसी नितिश ठाकुर ने उनके पहली कक्षा में पढ़ने वाले बेटे के साथ मारपीट की, जिससे बच्चे के कान से खून निकलने लगा। पिता के अनुसार, बच्चे को शौचालय में ले जाकर उसकी पैंट में बिच्छू बूटी डालकर प्रताड़ित किया गया और धमकी दी गई कि घटना की जानकारी घर पर न दे। शिकायत में कहा गया है कि स्कूल में जातिगत भेदभाव भी किया जाता है, जहां नेपाली, हरिजन और राजपूत वर्ग के बच्चों को अलग-अलग बैठाकर भोजन कराया जाता है। आरोप है कि 30 अक्टूबर को मुख्य अध्यापक देवेंद्र ने पूरे मामले को दबाने की कोशिश की और दुर्गा सिंह को अपनी गाड़ी में बैठाकर धमकाया।

**खुशी** पिता की प्रेरणा से शुरू हुआ क्रिकेट का सफर, पारसा गांव में रेणुका ठाकुर के घर खुशी का माहौल

# मां बोलीं- बेटी ने पिता का सपना किया पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने इतिहास रचते हुए देश को 52 साल बाद वनडे वर्ल्ड कप दिलाया। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के तहत रोहड़ू में आते पारसा गांव में रेणुका के घर खुशी का माहौल है।

गांव में दिनभर नाटी नाच हुआ और आसमान पटाखों की गूंज से गूंज उठा। मैच जीतने के बाद भावुक हुई रेणुका की मां सुनीता ठाकुर ने कहा कि बेटी ने पिता का सपना पूरा कर दिया, जिससे परिवार और पूरे हिमाचल का सिर गर्व से ऊंचा हो गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी रेणुका को बधाई देते हुए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की और कहा कि रेणुका ने किफायती गेंदबाजी से विरोधी टीम पर दबाव बनाया और हिमाचल का नाम रोशन किया। रेणुका के पिता क्रिकेट के जबरदस्त प्रशंसक थे और चाहते थे कि उनके बच्चे क्रिकेट खेलें, लेकिन जब रेणुका सिर्फ तीन साल की थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया। पिता का सपना पूरा करने के लिए रेणुका ने गांव के लड़कों के साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया और अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया।

उनके चाचा और पीटी टीचर भूपेंद्र सिंह ने उनकी प्रतिभा पहचानते हुए उन्हें हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन धर्मशाला की अकादमी में दाखिला लेने का सुझाव दिया। साल 2009 में रेणुका ने वहां दाखिला लिया और अंडर-16 और अंडर-19 टीमों से अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की। अक्टूबर 2021 में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 डेब्यू किया और फरवरी 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में पदार्पण किया।




### विश्व मंच पर चमकी बेटी

**कॉमनवेल्थ** गेम्स 2022 में रेणुका सिंह सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहीं और उन्हें आईसीसी द्वारा 'इमर्जिंग वुमन क्रिकेटर ऑफ द ईयर' के सम्मान से नवाजा गया। वर्ल्ड कप में उन्होंने पांच मैचों में तीन विकेट हासिल किए और हर मुकाबले में किफायती गेंदबाजी से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। गांव पारसा में जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता, तो मां सुनीता ठाकुर की आंखें नम हो गईं और उन्होंने कहा कि देवता के आशीर्वाद और पति के अधूरे सपने ने आज बेटी के रूप में साकार रूप लिया है। रेणुका ने कहा कि वह बहुत खुश हैं और देश के लिए खेलना उनके पिता को सच्ची श्रद्धांजलि है।

### हिमाचल की बेटी रेणुका ठाकुर ने बढ़ाया मान: प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने देश का गौरव बढ़ाते हुए इतिहास रच दिया है। यह जीत इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं, बल्कि अनेक बार उनसे आगे बढ़कर नई मिसाल कायम कर रही हैं। प्रतिभा सिंह ने हिमाचल प्रदेश की बेटी रेणुका ठाकुर को भी विशेष रूप से बधाई दी है, जिन्होंने इस ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि रोहड़ू की बेटी रेणुका ठाकुर ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल प्रदेश का नाम रोशन किया है, बल्कि प्रदेश की हर बेटी के लिए प्रेरणा बन गई हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए यह बेहद गर्व और सौभाग्य का क्षण है कि उसकी बेटी विश्व विजेता टीम का हिस्सा बनी। प्रतिभा सिंह ने सम्पूर्ण भारतीय महिला क्रिकेट टीम को उनकी लगन, मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि देशभर की बेटियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगी और खेल के क्षेत्र में नए इतिहास लिखने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# शिमला में निजी बस ऑपरेटरों की हड़ताल, लोगों की बढ़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में सोमवार सुबह से निजी बस ऑपरेटरों की हड़ताल के चलते आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब सौ से अधिक निजी बसों के न चलने से शहर के कई रूटों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। वर्किंग डे होने के कारण दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों और रोजाना काम पर जाने वाले लोगों को बस अड्डों और चौकों पर लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ा।

शिमला सिटी बस चालक-परिचालक यूनियन का कहना है कि प्रशासन ने बड़ी दूरी से आने वाली बसों को पुराने बस अड्डे में प्रवेश से रोकने का वादा किया था, लेकिन अभी तक आदेश लागू नहीं हुए। यूनियन महासचिव अखिल गुप्ता ने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

वहीं अध्यक्ष रूप लाल ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समस्या का समाधान नहीं किया तो हड़ताल को अनिश्चितकाल तक बढ़ा दिया जाएगा।



### एचआरटीसी ने चलाईं अतिरिक्त बसें

**प्राइवेट** बस यूनियन के पदाधिकारियों ने एचआरटीसी पर भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि निगम की बसें स्कूल ड्यूटी के बाद सवारियां उठा रही हैं, जिससे निजी बस ऑपरेटरों को नुकसान हो रहा है। उधर, यात्रियों की सुविधा के लिए एचआरटीसी ने शहर में अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है ताकि लोगों को अधिक असुविधा न हो।

यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषं पुरुषर्षभ।
समदुःखसुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते॥

क्योंकि हे पुरुषश्रेष्ठ! दुःख-सुख को समान समझने वाले जिस धीर पुरुष को ये इंद्रिय और विषयों के संयोग व्याकुल नहीं करते, वह मोक्ष के योग्य होता है॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 4 नवंबर 2025

# गुरु नानक के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक



गुरु नानक देव जी का प्रकाश ऐसे समय में हुआ था, जब देश इतिहास के सबसे अंधेरे युगों में था, उस समय अंधविश्वास एवं आडंबरों का बोलबाला था और धार्मिक कट्टरता तेजी से बढ़ रही थी। श्री गुरु नानक देव संत, कवि और महान समाज सुधारक थे। नानक देव जी के पिता बाबा कालूचंद्र बेदी और माता तृप्ता जी थी। बचपन से ही नानक जी का मन आध्यात्मिक भावों से जुड़ा रहता था। पंडित और मौलवी सभी नानक देव जी की विद्वता से प्रभावित हुए बिना न रह सके। पत्नी सुखमणि (सुलक्षणा) से उन्हे दो पुत्र भी हुए थे, परंतु उनका मन गृहस्थी में कभी नहीं लगा और वह मानव सेवा में लगे रहे। ईश्वर एक है। सदैव उसकी उपासना करो, वह सब जगह और सभी में मौजूद है, उस ईश्वर की भक्ति करने वालों को किसी का भय नहीं होता, मेहनत और ईमानदारी से कमाई करके जरूरतमंद को भी कुछ दो, सभी स्त्री और पुरुष बराबर हैं, लोभ-लालच व संग्रहवृत्ति बुरी है, जैसी शिक्षाओं को उन्होंने सभी के मध्य पहुंचाने का प्रयास किया। जीवनभर धार्मिक यात्राओं के माध्यम से लोगों को मानवता का उपदेश देते रहे और 70 वर्ष की साधना के पश्चात सन 1539 ई. में परम ज्योति में विलीन हो गए।

**जयंती विशेष**

## गुरु नानक जी के विचार सिद्धांत

**गुरु** नानक देव जी के उपदेश एवं शिक्षाएं आज भी उनके अनुयायियों के लिए जीवन का आधार हैं। उनके दिए गए सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने लोगों को समझाया कि सभी इंसान एक-दूसरे के भाई हैं। ईश्वर सभी का है। अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बंदे एक नूर तेसब जग उपज्या, कौन भले को मंदे। एक पिता की संतान होने के बावजूद हम ऊंचे-नीचे कैसे हो सकते हैं। पांच सौ वर्षों पूर्व दिए उनके उपदेशों का प्रकाश आज भी मानवता को आलोकित कर रहा है। नानक देव जी सिख धर्म के संस्थापक रहे, मानव धर्म के उत्थापक तथा सिखों के आदि गुरु थे। नानक देव जी ने अपनी शिक्षा से लोगों में एकता और प्रेम को बढ़ावा दिया।

## गुरु नानक जयंती महत्व

*गुरु नानक जयंती बहुत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। गुरु पर्व के अवसर पर सभी तरफ महोत्सव जैसा माहौल बना रहता है। गुरुद्वारों में विशेष आयोजन होता है, पूजा-अर्चना की जाती है। जुलूस एवं शोभा यात्राएं निकाली जाती हैं। इस जुलूस में हाथी, घोड़ों आदि के साथ नानकदेव के जीवन से संबंधित सुसज्जित झांकियां बैंड-बाजों के साथ निकाली जाती हैं। गुरुद्वारों में भजन, कीर्तन, सत्संग, प्रवचन के साथ-साथ लंगर का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेते हैं।*

*कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष कि पूर्णिमा को कार्तिक पूर्णिमा के दिन त्रिपुरासुर नामक राक्षस का संहार करके भगवान शिव ने सभी देवों कों उसके कष्ट से मुक्त किया था, इसलिए इसे चित्रपुरी पूर्णिमा के नाम से भी पुकारा जाता है, अगर इस पूर्णिमा का समय कृतिका नक्षत्र का संयोग भी बन रहा हो, तो इसे महाकार्तिकी माना जाता है। यह बहुत ही पुण्यदायी हो जाती है, अगर इस समय पर भरणी नक्षत्र या रोहिणी नक्षत्र का योग बनता हो तो भी इसका महत्व और बढ़ जाता है।*

# कार्तिक पूर्णिमा

**कार्तिक पूर्णिमा बुधवारः नवंबर 5**

| | |
|---|---|
| पूर्णिमा के दिन चंद्रोदय : | शाम 5:11 बजे |
| पूर्णिमा तिथि प्रारंभ : | नवंबर 4, रात 10:36 बजे |
| पूर्णिमा तिथि समाप्त : | नवंबर 5 को शाम 6:48 बजे |



## कार्तिक पूर्णिमा की पूजन विधि

**कार्तिक** पूर्णिमा के दिन ब्रह्म मुहूर्त समय पर उठ कर स्नान करना चाहिए। इस दिन पवित्र नदियों, जलाशयों, घाटों इत्यादि में स्नान करना चाहिए। इस दिन गंगा स्नान का पुण्य फल प्राप्त होता है। यदि गंगा स्नान करने नहीं जा सकते हैं तो घर में ही नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना उत्तम होता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन घी, दूध, केले, खजूर, चावल, तिल और आवंले का दान उत्तम माना जाता है। भगवान शिव, भगवान श्री विष्णु का पूजन करना चाहिए। पूजन के पश्चात संध्या समय घर के मुख्य द्वार पर, तुलसी पर दीपक जरूर जलाना चाहिए।

## कार्तिक पूर्णिमा के दिन मत्स्यावतार जयंती

**ग्रंथों** के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के समय पर ही भगवान विष्णु का मत्स्यावतार हुआ था। इस दिन को मत्स्य जयंती के रूप में भी मनाए जाने कि परंपरा रही है। भगवान विष्णु का पूजन और भागवद कथा का पाठ इस दिन किया जाता है। इस दिन गंगा स्नान के बाद दीप-दान का फल दस राजसूय यज्ञों के समान होता है।

**महापुनीत पर्व :** कार्तिक पूर्णिमा के दिन को महापुनीत पर्व के नाम से भी पुकारा जाता है। इसका अर्थ होता है कि इस दिन किया गया दान अत्यंत ही शुभ और अमोघ फलों को देने वाला होता है। यह महादान की श्रेणी में आता है। इस दान को किसी भी रूप में किया जा सकता है। दान के लिए अनाज, वस्त्र, भोजन, वस्तु, धन-संपदा में किसी भी वस्तुर का दन चाहे वह छोटा हो या बड़ा सभी का अत्यंत महत्व होता है।

## स्नान दान की पूर्णिमा

*__कार्तिक__ मास में आने वाली पूर्णिमा वर्षभर की पवित्र पूर्णमासियों में से एक है। इस दिन किए जाने वाले दान-पुण्य के कार्य विशेष फलदायी होता है। इस दिन संध्याकाल समय में दीपदान करने से पुनर्जन्म के पाप भी शांत हो जाते हैं। इस दिन दीपदान करने का है बड़ा महत्व होता है। कार्तिक पूर्णिमा पर सिर्फ गंगा स्नान ही नहीं बल्कि दीपदान का भी खास है। दीप दान करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति और मुक्ति प्राप्त होती है। श्रद्धालु काशी, संगम हरिद्वार जैस पवित्र स्थलों पर जाकर दीपदान करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता अनुसार देवता भी इस दिन दीये जलाते हैं।*

# चुटकी भर सिंदूर सुहाग, आस्था और अटूट प्रेम का प्रतीक



**भारतीय** संस्कृति और परंपरा में स्त्री के श्रृंगार का विशेष महत्व है। तीज-त्योहार, विवाह और करवा चौथ जैसे अवसरों पर महिलाएं आकर्षक वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार करती हैं। परंतु जब तक विवाहिता स्त्री अपनी मांग में चुटकी भर सिंदूर, गले में मंगलसूत्र और बाहों में लाल चूड़ा न धारण करे, तब तक उसका श्रृंगार अधूरा माना जाता है। यही प्रतीक उसकी शादीशुदा पहचान और अखंड सुहाग का द्योतक है। हिंदू विवाह में सिंदूर भरने की रस्म सबसे पवित्र मानी जाती है। दूल्हा जब दुल्हन की मांग में सिंदूर भरता है, तभी विवाह पूर्ण होता है। यह सिंदूर केवल सजावट नहीं, बल्कि पति-पत्नी के भावनात्मक जुड़ाव, निष्ठा और जीवनभर के साथ का प्रतीक है। मान्यता है कि सिंदूर लगाने से देवी पार्वती का अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसी कारण



तुलसी राम डोगरा, पालमपुर

विवाहित स्त्रियां प्रतिदिन मांग में सिंदूर लगाकर अपने पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करती हैं। पौराणिक मान्यताओं में लाल रंग को सती और पार्वती की ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। सिंदूर लगाने के ज्योतिषीय लाभ भी बताए गए हैं। मांग के मध्य में लगाया गया सिंदूर पति की रक्षा करता है और वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बढ़ाता है। परंपरागत रूप से इसे स्पष्ट रूप में लगाना शुभ माना गया है, ताकि समाज में स्त्री के सुहाग का आदर बना रहे। समय के साथ आधुनिकता ने सिंदूर लगाने की परंपरा को प्रतीकात्मक रूप दिया है, फिर भी इसकी आध्यात्मिक और सामाजिक महत्ता आज भी अक्षुण्ण है। यदि पति की मृत्यु हो जाए तो सिंदूर मिटा दिया जाता है, जो वैवाहिक बंधन की समाप्ति का संकेत है। यह परंपरा स्त्री की समर्पण भावना और वैवाहिक मर्यादा को दर्शाती है। सच कहा गया है 'चुटकी भर सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो, यह सुहागिन के पूरे जीवन का सम्मान और विश्वास है।'




# पंच भीष्म मेले

## मां जयंती मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## तीसरे दिन भक्तिभाव से गूंजा दरबार

**ऐतिहासिक** जयंती माता मंदिर में चल रहे पंच भीष्म मेले का तीसरा दिन भक्तिभाव, उल्लास और आस्था के अद्भुत संगम के रूप में यादगार रहा। सोमवार की सुबह होते ही चारों दिशाओं से श्रद्धालुओं का सैलाब माता के दरबार की ओर उमड़ पड़ा। भोर की पहली किरण के साथ ही मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयघोषों से गूंज उठा। भक्तों के चेहरों पर मां के दर्शन की ललक और मन में अटूट विश्वास झलक रहा था। हर कोई मां जयंती के दरबार में सिर नवाकर अपने जीवन की खुशहाली, सुख-समृद्धि और मंगलकामना मांगने आया था। सुबह से ही मंदिर मार्ग पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। माता की भव्य प्रतिमा के दर्शन करते ही भक्तों के चेहरे खिल उठे। मंदिर के गर्भगृह से लेकर मुख्य द्वार तक घंटियों की मधुर ध्वनि और भक्तों के भजन की स्वर लहरियां हवा में गूंज रही थीं। मंदिर और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए थे। जगह-जगह पानी के स्टॉल, सफाई व्यवस्था और प्रसाद वितरण केंद्र बनाए गए थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और स्वयंसेवकों की टीम तैनात रही। इस बार सुरक्षा के साथ-साथ व्यवस्था भी अनुकरणीय रही। किसी भी स्थान पर अव्यवस्था या भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनी। श्रद्धालु सहज रूप से दर्शन करते रहे और मंदिर प्रबंधन की ओर से हर श्रद्धालु के लिए मार्गदर्शन की सुविधा दी गई। मेले की विशेषता यह रही कि हर ओर आस्था और सामाजिक एकता का अनोखा संगम देखने को मिला। मंदिर के आसपास विभिन्न सामाजिक संगठनों और परिवारों की ओर से लंगर और भंडारे आयोजित किए गए, जहां हर आने वाले को खुले दिल से प्रसाद परोसा गया। इनमें सबसे प्रमुख रहा वर्मा परिवार द्वारा आयोजित विशाल भंडारा, जिसने श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। दिनभर वहां भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। गरम-गरम पूड़ी, सब्जी, खीर और हलवे की सुगंध से पूरा वातावरण भक्तिभाव से सराबोर रहा।






## भक्तों की होती हर मनोकामना पूरी

**भक्तों** ने बताया कि मां जयंती का आशीर्वाद पाने के लिए वे हर साल इस मेले में शामिल होते हैं। उनका विश्वास है कि मां के दर्शन से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और मन की मुरादें पूरी होती हैं। मां जयंती को सिद्ध शक्तियों की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है, जिनकी कृपा से भक्तों के जीवन में सुख और समृद्धि का संचार होता है। कहा जाता है कि इस मंदिर में मां की आराधना सच्चे मन से करने पर मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि पंच भीष्म मेले की विशेषता है कि यह न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और भक्ति की एक डोर में पिरो देता है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की तुलना में तीसरे दिन श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ी और आने वाले दिनों में और भी अधिक भीड़ की संभावना है। उन्होंने बताया कि हर दिन सुबह से देर रात तक आरती, भजन और कीर्तन का सिलसिला चलता रहता है, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ दूरदराज से आए भजन मंडलियां भी शामिल होती हैं। पंच भीष्म मेला केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि यह संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। मेले के दौरान स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्पकारों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए भी प्रदर्शन का अवसर मिलता है। मेले में लगे स्टालों पर धार्मिक वस्तुएं, प्रसाद, खिलौने और स्थानीय उत्पादों की बिक्री होती रही। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी मां के दरबार में झूमती नजर आईं। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और कौतुहल झलक रहा था।

## भक्तों के जयकारों से गूंजा मंदिर

**पूरा** दिन मंदिर परिसर में भक्तिभाव की गूंज बनी रही। दोपहर के बाद जैसे-जैसे धूप तेज हुई, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ती गई। शाम को मंदिर में आयोजित संध्या आरती ने वातावरण को और अधिक पावन बना दिया। दीपों की कतारों से मंदिर परिसर स्वर्णिम आभा से जगमगा उठा। भजन-कीर्तन के मधुर स्वर और ढोलक-मंजीरे की थाप पर भक्त नाच उठे। हर ओर आस्था, आनंद और मां के प्रति अपार श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे व्यवस्था बनाए रखें और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग दें। मेले के अगले चरणों के लिए भी सुरक्षा और सुविधा के प्रबंध और सख्त किए जा रहे हैं ताकि हर आगंतुक को सुखद अनुभव प्राप्त हो। तीसरे दिन का यह मेला केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भक्ति और मानवता का पर्व बन गया।



# महासू देवताः न्याय, लोक और आस्था की महागाथा

## हनोल के देवालय में हर रोज जगता है न्याय का दीपक

**चार** देव, एक आस्था के साथ महासू की लोककथा, जौनसार-बावर, बंगाण, सिरमौर, सोलन व जुब्बल के कुल देवता भी है महासू। टोंस नदी की लहरों से चिरंतन संगीत पाकर बसा हनोल गांव उन विरल स्थानों में गिना जाता है, जहां इतिहास, पौराणिकता और लोकविश्वास एक-सा स्वर धारण कर लेते हैं। इस गढ़ा हुआ लोक-विश्वास महासू देवता के चार रूपों में विभक्त होकर भी एक ही चेतना बने रहते हैं। बासिक, बूठिया, पबासिक और चालदा। यही देवता, यही चिरकालीन न्याय और वही लोककथा जिनके सहारे हनोल की धरणी ने सदियों से अपने सत्यमूलों को संभाला है। यह भव्य मंदिर लोकधर्म की एक जीती जागती किताब है, जहां हर खांचा कोई कथा और हर नक्काशी कोई परीक्षण बयान करती है। देवकथा कहती है कि एक भयावह राक्षस किरमिर ने इस प्रदेश में आतंक मचाया था और हुना भट्ट नामक ब्राह्मण की प्रार्थना पर भगवान शिव महासू के रूप में प्रकट हुए। शिव के चारों अवतारों ने मिलकर उस दैत्य का संहार किया और न्याय की स्थापना कर दी। यही कथा इस मंदिर को केवल पूजा का स्थान नहीं बनाती, बल्कि एक न्यायालय भी घोषित करती है जहाँ आज भी लोक अपने वाद और भीतरी सवालों को हल कराने के लिए आते हैं। गर्भगृह में सदैव जली रहने वाली दिव्य ज्योति और वहां से निकलती अनजान स्रोत वाली पानी की सरिता उस रहस्य का प्रतीक है जो विश्वास और अटूट आस्था को आकार देता है। महासू असल में चार देवों की एक समुच्चयात्मक पहचान है। एक ऐसा संग्रह जो जौनसार-बावर की न्याय-परंपरा बन गया। चालदा महासू का भ्रमणशील स्वभाव इस परंपरा की सबसे विचित्र और दिलचस्प कडी है; वह बार-बार स्थान बदलता है और वर्षों के चक्र में कहीं आकर विरल दर्शन देता है, जिसकी प्रतीक्षा पीढ़ियां करती हैं। बासिक महासू, बूठिया और पबासिक अपने-अपने स्थायी मंदिरों में पूजे जाते हैं, पर हनोल में बूठिया महासू का प्रधान स्थान है। यहां की पालकी पर श्रद्धालु उस पारंपरिक श्रद्धा-यात्रा को चलाते हैं, जो समुदाय के भीतर सामाजिक सूत्रों को जोड़े रखती है। पौराणिक आख्यानों तथा पुरातात्विक मिलाप ने इस स्थान को और भी समृद्ध किया है। कुछ स्रोतों में मंदिर का निर्माण नवीं शताब्दी का बताया गया है, जबकि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अभिलेखों में इसका श्रेय ग्यारहवीं-दो बारहवीं शताब्दी से भी जोड़ा गया है। खुदाई के समय मिली मूर्तियां शिव-शक्ति, दुर्गा, विष्णु-लक्ष्मी, सूर्य और कुबेर की प्रतिमाएं, इस भूमि की सांस्कृतिक परतों पर अनगिनत कहानियां लिखती हैं, आज ये प्रतिमाएं हनोल संग्रहालय की शीतरक्षित दीवारों पर शोर मचाए बिना अपनी उपस्थिति दर्ज कराती हैं। हनोल का यह मंदिर इन चारों भाइयों का प्रमुख धाम है। कहते हैं, मंदिर के गर्भगृह में जो दिव्य ज्योति जलती है, वह कभी नहीं बुझती। जैसे न्याय का दीपक, जो युगों से जलता चला आ रहा है। वहां से निकलती जलधारा आज भी रहस्य है।

कोई नहीं जानता वह कहां से आती है और कहां बह जाती है, पर श्रद्धालु उसे प्रसाद मानकर ग्रहण करते हैं। यही रहस्य और विश्वास इस मंदिर को अध्यात्म की सीमाओं से ऊपर उठाकर लोकगाथा बना देते हैं।

विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला



### पांडवों की छाया और देवशिल्प की अद्भुत कला

**किंवदंती** है कि जब पांडव लाक्षागृह से निकलकर पहाड़ों की शरण में आए, तो उन्होंने माता कुंती के साथ कुछ समय हनोल में भी बिताया। कहते हैं कि भीम ने यहां घाटा पहाड़ से विशाल पत्थर ढोकर लाए और इन्हीं से विश्वकर्मा ने मंदिर की नींव रखी। बिना गारे की चिनाई, 32 कोनों पर टिके पत्थर और लकड़ी की कलाकारी इस मंदिर को स्थापत्य का जादुई नमूना बना देते हैं। यह मंदिर उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि हिमाचल की सीमाओं तक श्रद्धा का केंद्र है। हनोल में आज भी वे दो गोलाकार शिलाखंड रखे हैं, जिन्हें 'भीम के कंचे' कहा जाता है। उनका आकार भले छोटा हो, पर वजन इतना कि कोई भी बलवान व्यक्ति उन्हें हिला नहीं सकता। एक का वजन छह मण और दूसरे का नौ मण बताया जाता है। यह सिर्फ शारीरिक शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि उस अडिग विश्वास का भी प्रतीक है जो पीढ़ियों से यहां के लोगों के हृदय में बसता आया है।

### महासू देवता का न्याय और लोगों की निष्ठा

**इस** क्षेत्र में महासू देवता को न्याय का अंतिम स्रोत माना जाता है। लोग अपने विवादों का निपटारा मंदिर के समक्ष करते हैं और जो निर्णय आता है, वह देव निर्णय होता है। अटल, निर्विवाद। यही कारण है कि जौनसार-बावर, बंगाण, सिरमौर, सोलन, शिमला और जुब्बल तक महासू देवता को कुल देवता और न्याय के देवता दोनों रूपों में पूजा जाता है। मंदिर के चारों द्वार इस लोकविश्वास की गहराई का संकेत हैं। जहां हर दरवाजे पर देवताओं की मूर्तियां, ग्रहों की कलाकृतियां और मनुष्य की विनम्रता साथ-साथ विराजमान हैं।

### हनोल की वर्तमान और शाश्वत परंपरा

**आज** यह मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण में है। खुदाई में यहां से शिव-शक्ति, विष्णु-लक्ष्मी, दुर्गा और सूर्य की अनेक दुर्लभ मूर्तियां प्राप्त हुईं, जो अब हनोल संग्रहालय में सुरक्षित हैं। मंदिर की परंपरा में संगीत, लोकगीत और नौबत का विशेष स्थान है। सुबह-शाम नौबत बजती है, दीप जलते हैं और पहाड़ों की हवा में घंटियों की गूंज मिलकर एक अनोखा अध्यात्म रच देती है।

# मेडिकल टूरिज्म की संभावनाओं पर काम करेगी सेंट्रल यूनिवर्सिटी

## हेल्थ और मेडिकल टूरिज्म के अनछुए पहलू होंगे चिन्हित

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश मेडिकल टूरिज्म की संभावनाओं पर काम करेगी। इसके इसके लिए मेडिकल व हेल्थ टूरिज्म को साथ मिलाकर प्रदेश में उपलब्ध मेडिकल व हेल्थ टूरिज्म संबंधी अनछुए पहलुओं को चिन्हित कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

इसके लिए तीन वर्षों तक अध्ययन किया जाएगा। इसके लिए सीयू को डेढ़ करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस दिशा में होने वाले अध्ययन की रिपोर्ट आगामी समय में पॉलिसी मेकर्स के लिए फायदेमंद होगी। वर्तमान में हेल्थ टूरिज्म में केरल अच्छा काम कर रहा है और मेडिकल टूरिज्म में कर्नाटक बेहतर कार्य कर रहा है। ऐसे में अब हिमाचल उक्त दोनों टूरिज्म सेक्टर में अध्ययन के साथ कार्य करते हुए रिपोर्ट तैयार करेगा।



**आईसीएसएसआर से मिला है डेढ़ करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट**

> **हिमाचल** में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। विशेषकर मेडिकल टूरिज्म की हिमाचल सहित पूरे देश में संभावनाओं को तलाशा जाएगा। इस क्षेत्र में कई अनछुए पहलू भी हैं, जिन्हें चिन्हित करके, इस बारे में चर्चा की गई है। यह प्रोजेक्ट तीन वर्ष का है। इसकी रिपोर्ट आगामी समय में पॉलिसी मेकर्स के लिए काफी फायदेमंद होगी।
>
> **-प्रो. सत प्रकाश बंसल, वाइस चांसलर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी।**

गौरतलब है कि इंडियन काउंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर) दिल्ली की ओर से कुछ प्रपोजल दीर्घकालीन योजना प्रारूप और रिसर्च के तहत मांगे गए थे। इसकी प्रपोजल तैयार करने के लिए सीयू ने पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़, बीएचयू, केरल सहित 4-5 राज्यों के स्कॉलर्स और सीनियर फेकल्टी मेंबर्स की टीम बनाई गई थी। सभी ने साथ मिलकर प्रपोजल तैयार किए थे, जिसमें सीयू के वीसी प्रो. सत प्रकाश बंसल प्रिंसिपल इन्वेस्टीगेटर हैं। इसका 1.5 करोड़ का प्रोजेक्ट स्वीकृत हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सकरी स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान।** नगरोटा सूरियां। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सकरी में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए एनएसएस का सात दिवसीय कैंप का प्रधानाचार्य संजय बागी ने शुभारंभ किया। शिविर में कुल 25 वालंटियर्स भाग ले रहे हैं। एनएसएस प्रभारी अजय गुलेरिया और रंजना ने बताया कि एनएसएस वॉलंटियर्स लगातार सात दिन स्कूल और सकरी गांव में विभिन्न कार्यों में अपनी सेवाएं देंगे। प्रधानाचार्य संजय ने एक-दूसरे का सहयोग की भावना से कार्य करने की सलाह दी। साथ ही कहा कि एनएसएस शिविर के सात दिनों के दौरान आप जो भी कार्य करेंगे, वे स्वयं सात दिनों के बाद उसकी प्रतिपुष्टि लेंगे। प्रधानाचार्य ने एनएसएस प्रभारी और सभी वालंटियर्स को से शुभकामनाएं दी।

### आपदा से हुए नुकसान का मूल्यांकन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मानसून 2025 के दौरान हुई प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की विशेषज्ञ टीम 4 नवंबर को कांगड़ा जिले का दौरा करेगी। एडीएम शिल्पी बेक्टा ने बताया कि टीम विभिन्न स्थानों पर क्षति का आकलन कर डीसी कार्यालय धर्मशाला में बैठक करेगी। बैठक में विभागाध्यक्षों से विचार-विमर्श कर समग्र रिपोर्ट तैयार की जाएगी, ताकि भविष्य की आपदा प्रबंधन योजनाएं और प्रभावी बन सकें।

### परमवीर चक्र विजेता सोमनाथ को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** देश के प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा के शहीद दिवस पर सोमवार को पालमपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विधायक आशीष बुटेल ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा पुलिस प्रशासन ने सलामी दी। विधायक ने कहा कि मेजर शर्मा का बलिदान देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। कार्यक्रम में मेयर गोपाल नाग, एसडीएम नेत्रा मेती, शहीद के परिजन और नगर निगम के पार्षद उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### समलोटी में नशा मुक्त भारत अभियान संपन्न

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समलोटी में 14 अक्तूबर से 3 नवंबर तक 'नशा मुक्त भारत अभियान' की पांचवीं वर्षगांठ पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। नोडल अधिकारी बलवीर सिंह के निर्देशन में रंगोली, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, योग शिविर व जनजागरण रैलियां आयोजित हुईं। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य संजय चौधरी ने अभियान को सफल बनाने में सभी के योगदान की सराहना की।

### सेराथाना में नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेराथाना में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन समाजसेवी व सेवानिवृत्त प्रवक्ता संस्कृत सुधीर पठानिया मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम अधिकारियों दिनेश कुमार और मंजू डोगरा ने उनका स्वागत किया। पठानिया ने स्वयंसेवियों को एनएसएस की संरचना, उद्देश्यों और लाभों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य संदीप अवस्थी ने सुधीर पठानिया का विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए आभार व्यक्त किया।

### एकल नारियों को नहीं मिली नुकसान पर मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एकल नारी शक्ति संगठन की त्रैमासिक बैठक ठारू पंचायत में हुई। इसकी अध्यक्षता संगठन की राष्ट्रीय सदस्य राधा रघवाल ने की। तीन महिलाओं के घर बरसात में गिरे, जबकि दो की पशुशालाएं गिरी, लेकिन उन्हें अभी तक प्रदेश सरकार की ओर से कोई भी सहायता नहीं मिली है। इसके अलावा चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। महिलाओं को संगठन की ओर से दी जा रही गतिविधियों बारे जानकारी साझा की गई। राष्ट्रीय सदस्य राधा रघवाल ने बताया कि 16 नवंबर से पांच दिसंबर तक चलने वाले महिला हिंसा पखवाड़े बारे में जानकारी दी। इस दौरान वीना देवी, जगदम्बा देवी, सिमलो देवी, कमला व आशा देवी भी मौजूद रहीं।

### नामांकन सुधार के लिए हेल्पलाइन का करें प्रयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन 1950 से सभी नागरिक चुनाव संबंधी जानकारी और शिकायतों का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। यह टोल-फ्री नंबर 1800-11-1950 प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक उपलब्ध है। इसके अलावा 'बुक-ए-कॉल विद बीएलओ' और ई-मेल (complaintseci@eci.gov.in) जैसी सुविधाओं के माध्यम से भी मतदाता अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। उन्होंने सभी से इन सेवाओं का अधिकतम उपयोग करने की अपील की।

### गरली स्कूल में स्वच्छता का दिया संदेश

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सोमवार को संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत वणी की प्रधान बिन्दु ठाकुर ने युवाओं को समाजसेवा, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए। स्वयंसेवियों ने सफाई अभियान, पौधरोपण, स्वास्थ्य रैली और ग्राम जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने शिविर की सफलता पर खुशी जताई और सभी स्वयंसेवियों को उनके समर्पण के लिए बधाई दी।


### पंजाब के प्रभावितों को बांटे 1.3 करोड़ रुपए

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक ने बमियाल स्थित आईटीआई में बाढ़ प्रभावित 14 गांवों के लगभग 350 परिवारों को फसलों के नुकसान का 1.3 करोड़ मुआवजा वितरित किया। मंत्री ने कहा कि हाल के बाढ़ ने भोआ विधानसभा क्षेत्र के 82 गांवों में फसलों, घरों और पशुधन को नुकसान पहुंचाया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की घोषणा के अनुसार दिवाली से पहले प्रभावितों को मुआवजा दिया जा रहा है। समारोह में मंत्री ने प्रभावित लोगों को हौसला दिया और कहा कि शेष गांवों को भी जल्द मुआवजा मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए सभी परिवारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बैजनाथ में मंदिर न्यास की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** शिव मंदिर कार्यालय बैजनाथ में मंदिर न्यास की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता सहायक आयुक्त एवं उपमंडलाधिकारी संकल्प गौतम ने की। बैठक में मंदिर प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सामाजिक उत्तरदायित्व और आय-व्यय प्रणाली को पारदर्शी बनाने पर चर्चा हुई। 40 टीबी रोगियों को पोषण किट प्रदान करने, ऑनलाइन सुलभ दर्शन व्यवस्था, पर्यावरण अनुकूल धूप-अगरबत्ती निर्माण, गोशाला सुधार और आगामी अखरोटों की बारिश कार्यक्रम सहित मंदिर विकास कार्यों पर भी निर्णय लिए गए। बैठक का संचालन तहसीलदार रमन ठाकुर ने किया।

### समूहगान स्पर्धा में एंजल स्कूल बना उपविजेता



**अनंत ज्ञान, डरोह।** भारत विकास परिषद भवारना द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एंजल पब्लिक स्कूल भवारना की टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। एंजल पब्लिक स्कूल के विधायक विपिन सिंह परमार ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। क्षेत्रीय संस्कार प्रमुख अरुण कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने बच्चों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि एंजल पब्लिक स्कूल इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद की सात शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 74 किग्रा में पवन राजपूत ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत में फेडरेशन कप क्लासिक एवं इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में 59 किग्रा में झारखंड के फरहुनी ब्रह्म प्रथम, 66 किग्रा में छत्तीसगढ़ के नासिर हुसैन प्रथम और 74 किग्रा में हरियाणा के पवन राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में 47 किग्रा में बिहार की साविया हाशमी और 69 किग्रा में दिल्ली की ज्यू लाकरा ने प्रथम स्थान हासिल किया।

### पूर्व विधायक ने मंत्री चंद्र कुमार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, जवाली।** जवाली के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अर्जुन ठाकुर का नगरोटा पंचायत में लोगों ने ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। अर्जुन ठाकुर ने जनता के स्नेह के लिए आभार जताते हुए कहा कि दोबारा अवसर मिलने पर रुके हुए विकास कार्य पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर विकास रोकने का आरोप लगाते हुए कृषि मंत्री चंद्र कुमार को ट्रैक्टर मालिकों की रोजी-रोटी छीनने के लिए घेरा।

## बच्चों को बताया स्वच्छता व पेड़ों का महत्व




**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगरोटा सूरिया में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर संपन्न हो गया। बच्चों को एनएसएस शिविर की जानकारी मुहैया करवाई गई। प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने सभी एनएसएस वॉलंटियर्स को स्वच्छता अभियान, पेड़ों का महत्व, सामुदायिक सेवा, योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

## प्रौद्योगिकी-संचालित कृषि नवाचारों पर दिया जोर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में नाबार्ड हरियाणा अधिकारियों के लिए 'कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में हालिया प्रगति' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति डॉ. अशोक कुमार ने किया और सतत, प्रौद्योगिकी-संचालित कृषि नवाचारों पर जोर दिया। मुख्य अतिथि निवेदिता तिवारी ने नाबार्ड के क्लस्टर दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद शर्मा ने साझेदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समन्वयन उप महाप्रबंधक हिमांशु साहू ने किया।

## अर्बन सहकारी बैंक लेंगे 'को-ऑपरेटिव कुंभ' में भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के सभी पांच अर्बन सहकारी बैंक 10 और 11 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित 'को-ऑपरेटिव कुंभ 2025' में भाग लेंगे। भगाट, शिमला, परवाणु, मंडी और चंबा अर्बन सहकारी बैंक के चेयरमैन और निदेशक इस सम्मेलन में शामिल होंगे। राज्य के 10 जिलों में कार्यरत ये बैंक 40 शाखाओं के माध्यम से लगभग दो लाख खाताधारकों को वित्तीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## ओपन डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में नगरोटा बगवां के शिवांश-मोहित विजेता




होला में डे-नाइट बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन।

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

**डरोह।** भवारना उपमंडल की चांदड़ बमियाल पंचायत के होला में 1 और 2 नवंबर को माणिक वेव टेक्नोलॉजी के सौजन्य से तथा यूथ फिटनेस अकेडमी होला के बैनर तले दो दिवसीय डे-नाइट बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कांगड़ा, हमीरपुर और ऊना के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इसमें ओपन डबल्स, 30 प्लस डबल्स और ओपन सिंगल्स के मुकाबले आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश चंद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए 5000 रुपए का योगदान दिया, जबकि रामपाल ने भी प्रतियोगिता आयोजन हेतु 5000 रुपए दिए। यूथ फिटनेस अकेडमी के निदेशक संजय कुमार और स्प्रिंग डेल स्कूल के निदेशक अजय राणा की विशेष उपस्थिति रही। ओपन डबल्स में नगरोटा बगवां के शिवांश और मोहित विजेता बने, जिन्हें ट्रॉफी व 7100 रुपए मिले, जबकि ऊना गगरेट के अनिल और अरुण उपविजेता रहे। 30 प्लस डबल्स में दीपक और शगुन (भवारना) ने पहला स्थान प्राप्त किया। ओपन सिंगल्स में कपूर अकेडमी कांगड़ा के जतिन ने ट्रॉफी व 2100 रुपए का पुरस्कार जीता। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और खेल भावना का सुंदर परिचय दिया।

## भरमाड़ में सड़क किनारे चल रही महिला के गले से सोने की चेन ले उड़े बाइक सवार

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पुलिस थाना जवाली क्षेत्र के भरमाड़ में सोमवार दोपहर करीब एक बजे सड़क किनारे पैदल जा रही महिला शीला देवी के गले से दो बाइक सवार युवकों ने सोने की चेन झपटकर भाग गए। शीला देवी ने बताया कि वह बैंक संबंधी कार्य के लिए आई थी और लौटते समय पीछे से आए लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई। इससे पहले बीते दिन भी जवाली में एक महिला के कान की बाली चोरी हो चुकी थी। वहीं, फतेहपुर के बटाहड़ी में भी एक महिला के दोनों कानों की बालियां भी चुराई गईं। दो दिनों में तीन ऐसी घटनाओं से लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## नौशहरा में तनावपूर्वक स्थिति में हुआ विवाहिता के शव का अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत नौशहरा गांव (रैत) में सबिता (25) पत्नी जीवन कुमार निवासी वार्ड नं 7 नौशहरा डाकघर बसनूर तहसील शाहपुर ने घर में फंदा लगा लिया था, जिसका सोमवार को टांडा कॉलेज में पोस्टमार्टम करवाया गया। जब शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, तो माइका पक्ष ने कहा कि हम ससुराल के घर के अंदर अंतिम संस्कार करेंगे। इससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। थाना प्रभारी करतार सिंह ने स्थिति को संभालते हुए हालात को नियंत्रित किया और मायका पक्ष को समझाया, जिस पर वे लोग श्मशानघाट चंबी में अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए। उन्होंने बताया कि सास, पति, जेठ व जेठानी को थाना में तलब किया गया है, ताकि गहराई से छानबीन की जा सके।

## क्या जयराम इतने कमजोर हो गए कि अब अपनी ही पार्टी लाइन तोड़नी पड़ी: जग्गी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**कहा- किसी के निजी घर में बैठकर साजिश रचना जिम्मेदार विपक्ष की निशानी नहीं**

कांग्रेस नेता व धर्मशाला नगर निगम के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह प्रकाशित हुआ है कि भाजपा के कुछ नेता गत शुक्रवार रात को धर्मशाला में एक ऐसे व्यक्ति के घर पर एकत्र हुए, जो हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुआ है और वहां राज्य सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने की चर्चा हुई।

अगर ये रिपोर्ट्स सत्य हैं तो यह घटना न केवल राजनीतिक अनुशासन का खुला उल्लंघन है, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं की स्पष्ट अवहेलना भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह स्पष्ट मत है कि लोकतंत्र में हर दल को अपनी बात रखने, आलोचना करने और सुझाव देने का अधिकार है, लेकिन किसी के निजी घर में बैठकर सरकार को अस्थिर करने की साजिश रचना, किसी जिम्मेदार विपक्ष या उसके नेता को शोभा नहीं देती। राजनीतिक मतभेद होना स्वाभाविक है, पर यह मतभेद मर्यादा और नैतिकता की सीमाओं में रहकर ही सार्थक होते हैं। जग्गी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू बार-बार यह स्पष्ट कर चुके हैं कि कांग्रेस सरकार सत्ता के लिए नहीं, बल्कि जनसेवा और प्रदेश के विकास के लिए आई है। हमारी सरकार का हर निर्णय जनता के हित में है, न कि किसी व्यक्तिगत या राजनीतिक स्वार्थ के लिए, लेकिन कुछ लोग जिनके निजी हित पूरे नहीं हो पा रहे, वे भ्रम फैलाकर प्रदेश की स्थिरता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस संदर्भ में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर इतने कमजोर हो गए हैं कि अब उन्हें अपनी ही पार्टी लाइन तोड़कर इस तरह की गुप्त बैठकों में शामिल होना पड़ रहा है?

## सोनाली शर्मा के सिर सजा 'मिस एशिया इंडिया इंटरनेशनल 2025' का ताज



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एसके एंड पियू प्रोडक्शन की ओर से दिल्ली एनसीआर में आयोजित 'मिस एशिया इंडिया इंटरनेशनल 2025' में हिमाचल की सोनाली शर्मा ने खिताब हासिल कर हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इस कार्यक्रम के आयोजक सोनिया, संदीप और प्रिया प्रजापति थे। शो में एमटीवी रोडीज फैम की रुचिका सहित 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। त्रेहल (नगता), बैजनाथ की रहने वाली सोनाली ने प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रतिभा से सभी को टक्कर दी और कई अवॉर्ड भी जीते। उन्होंने कहा कि यदि मन में ठान लें और मेहनत करें तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सोनाली जल्द ही हिमाचल में आएंगी और अपने प्रशंसकों से रूबरू होंगी।

## तपोवन में शीतकालीन विस सत्र इस बार नवंबर अंतिम सप्ताह में: कुलदीप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**बोले, दिसंबर माह में पर्यटन सीजन होने के कारण किया जाएगा बदलाव**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा शीतकालीन सत्र इस बार नवंबर माह में अंतिम सप्ताह में आयोजित करने पर विचार किया जा रहा है, ताकि दिसंबर माह में टूरिस्ट सीजन होने के कारण धर्मशाला तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों तथा पर्यटन कारोबारियों को असुविधा न हो।

सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया रैत में चार दिवसीय फेडरेशन कप क्लासिक एवं इक्विप्ट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन बतौर मुख्यातिथि खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के तपोवन में आयोजित होने वाले शीतकालीन सत्र में इस बार आठ सीटिंग्स होंगी, जो कि यहां पर अब तक की सबसे लंबी अवधि का विस सत्र रहेगा। पठानिया ने कहा कि हिमाचल विधानसभा एक विधायी संस्था के रूप में पूरे देश सबसे बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सकारात्मक चर्चा तथा सुविचारित तर्क प्रस्तुत करने से व्यक्ति और संस्था दोनों की प्रतिष्ठा बढ़ती है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से विधायी कार्यों में दक्षता तथा पारदर्शिता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा युवा विधायकों को उनके सुझाव प्रस्तुत करने के लिए उचित समय दिया जा रहा है, ताकि सभी नागरिकों विशेष रूप से उपेक्षित वर्गों के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सुशासन और सामाजिक कल्याण सुनिश्चित कर सकें।

## महिलाओं को मिलेगा टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तपोवन स्थित हिमाचल विधानसभा परिसर को पर्यटकों के लिए खोला गया है, जहां समूह अपने उत्पाद भी बेच सकेंगे। महिलाओं को विधानसभा का इतिहास, आतिथ्य सत्कार और मार्गदर्शन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। परिसर का प्रवेश शुल्क रखरखाव में उपयोग होगा, जिससे पर्यटन और स्थानीय रोजगार दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

## विद्यार्थी केंद्रित होना चाहिए शिक्षा ढांचा, सीयू बनेगा स्टूडेंट-सेंट्रिक लर्निंग का रोल मॉडल: प्रो बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आने वाले समय में शिक्षा का पूरा ढांचा विद्यार्थी केंद्रित होना चाहिए। जब हम 'लर्निंग टू लीव टुगेदर' की बात करते हैं, तो यह आवश्यक है कि विद्यार्थी केवल ज्ञान का उपभोक्ता न रहकर अपनी सीखने की प्रक्रिया का निर्माता बने। यह बात हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने 'परिवर्तनकारी अधिगम हेतु सतत विकास लक्ष्यों आधारित पाठ्यक्रम निर्माण' विषयक दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला 'करिकुलम डिजाइनिंग फॉर ट्रांसफॉर्मेटिव लर्निंग' जैसे अत्यंत प्रासंगिक विषय पर केंद्रित है। आज के दौर में शिक्षा के स्वरूप में बड़ा बदलाव आवश्यक है। हमें 'व्हाट टू थिंक' से 'हाउ टू थिंक' की ओर बढ़ना होगा। शिक्षा केवल सूचना तक सीमित न रहकर लर्निंग से नॉलेज की दिशा में आगे बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं, तो सबसे पहले आत्मनिर्भर विद्यार्थी तैयार करने होंगे। विद्यार्थी तभी आत्मनिर्भर बनेंगे जब उन्हें शिक्षा की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। वहीं, विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विशेषज्ञों ने शिक्षा सुधार की रूपरेखा पर गहन चर्चा की।

## गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की तैयारी जोरों पर

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** गुरु श्री गुरु नानक देव जी की जयंती (गुरु पर्व) को लेकर योल क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। योल स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरुद्वारा साहिब सिंह सभा ने पावन पर्व की तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुद्वारा को फूलों और रोशनी से सजाया जा रहा है, जबकि संगत के युवा और बुजुर्ग सेवा में जुटे हैं। 3 नवंबर को अखंड पाठ साहिब के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें सिख और हिंदू समुदाय के लोग शामिल हुए। 4 नवंबर को दोपहर 1:30 बजे नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से स्टेशन हेडक्वार्टर चौक तक जाएगा। मार्ग में सेवा स्टॉल लगेंगे और पंजाब की गतका पार्टी मनोरंजन एवं भाईचारे का संदेश देगी। 5 नवंबर को अखंड पाठ का भोग होगा और बड़े पैमाने पर संगत को लंगर परोसा जाएगा। इंद्रपाल सिंह ने सभी नागरिकों से परिवार सहित गुरुद्वारा में पहुंचने की अपील की है।

## केवल पठानिया ने किया निजी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को शाहपुर में एक निजी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी और मरीजों को इलाज के लिए दूर-दराज के बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पास ही उपलब्ध हों। इस दिशा में निजी क्षेत्र की भागीदारी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान समाज की बड़ी जरूरत पूरी करते हैं। केवल सिंह पठानिया ने बताया कि अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं, आईसीयू यूनिट, लेबर रूम, डायग्नोस्टिक सेंटर, मेडिकल स्टोर और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा शाहपुर ही नहीं, बल्कि पूरे कांगड़ा जिले और आसपास के ग्रामीण इलाकों के मरीजों के लिए एक बड़ा स्वास्थ्य केंद्र साबित होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की टीम मरीजों की सेवा के लिए तत्पर रहेगी।

## सुलह को पूर्णतया तहसील का दर्जा मिलने पर किया धन्यवाद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह के लोगों ने उपतहसील सुलह को पूर्णतया तहसील का दर्जा दिए जाने पर प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान का सुलह में स्वागत किया और धन्यवाद दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यशैली को निहारते हुए चौहान के माध्यम से विशेष धन्यवाद संदेश दिया, जिसमें उन्होंने आश्वस्त किया कि सुलह की जनता सदैव उनके साथ खड़ी है।

चौहान ने कहा कि सुलह विस के लिए मुख्यमंत्री की यह भेंट गर्व की बात है। चौहान ने बताया कि सुलह को तहसील बनाए जाने से बहुत-सी पंचायतों को लाभ हुआ है। मुख्यत: पटवार सर्किल दरंग, परौर, खड़ौठ, सुलह, कस्बा, ननाओं, हेंजा, बोदा, समूला, मेंझा और इनमें आती पंचायतों को तहसील का लाभ हुआ है उन्हें अब पालमपुर में धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। चौहान ने कहा कि जल्द ही सुलह में वेटरनरी का उपमंडल कार्यालय और खंड स्वास्थ्य विभाग कार्यालय की घोषणा इसी माह में मुख्यमंत्री के दौरे में उनके द्वारा करवा दी जाएगी।

## शिव मंदिर बैजनाथ में आज होगी 15 हजार अखरोटों की वर्षा

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** बैजनाथ स्थित प्राचीन शिव मंदिर एक ऐसा मंदिर है, जिसमें सदियों से चली आ रही अनूठी परंपरा के चलते हर वर्ष बैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर एक अद्वितीय धार्मिक आयोजन किया जाता है। मंगलवार को मंदिर में सायं कालीन आरती के उपरांत मंदिर की छत से लगभग 15,000 अखरोटों की वर्षा की जाएगी, जिसे शिव मंदिर व उद्यान में आए श्रद्धालु शिव प्रसाद के रूप में श्रद्धा से ग्रहण करते हैं।

यह आयोजन सदियों पुरानी परंपरा का हिस्सा है, जिसमें भगवान शिव और भगवान विष्णु की संयुक्त आराधना की जाती है। मान्यता है कि इस दिन अखरोटों की वर्षा शंखासुर वध की स्मृति में की जाती है, जो वेदों की रक्षा का प्रतीक मानी जाती है। कार्यक्रम की शुरुआत संध्या आरती से होगी, जिसके उपरांत मां पीतांबरी देवी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके पश्चात पुजारियों द्वारा मंदिर की छत से अखरोटों की वर्षा की जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य घनश्याम अवस्थी, मिलाप राणा, इंद्रजीत नंदा ने बताया कि इस साल 15000 अखरोटों की बारिश की जाएगी। उन्होंने सभी शिव भक्तों से आग्रह किया कि व ह इस पावन पर्व शिव मंदिर आएं व प्रसाद ग्रहण करें।



### अखरोटों की बारिश का महत्व

- यह आयोजन बैकुंठ चतुर्दशी के दिन होता है, जो कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है।
- मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने शंखासुर राक्षस का वध किया था।
- अखरोटों को प्रसाद के रूप में मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं पर बरसाया जाता है।
- यह आयोजन मंदिर की संध्या आरती के बाद होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता में जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता कल

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** जिला वॉलीबाल संघ की एक बैठक रविवार को संघ के जिलाध्यक्ष अनूप महाजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 नवंबर को जिला स्तरीय महिला और पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन झंडूता में किया जाएगा। संघ के जिला सचिव अंकित चोपड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिला टीम का चयन करना है, जो राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बद्दी में 14 से 16 नवंबर तक किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और राज्य स्तर पर खेलने का अवसर प्राप्त होगा। बैठक में खेल आयोजन से संबंधित तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया, जिनके माध्यम से मैचों के प्रबंधन, निर्णायक मंडल, तकनीकी सहायता और आवासीय व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाएगा। संघ ने सभी इच्छुक टीमों व प्रतिभागियों से आग्रह किया है कि वे अपना पंजीकरण 4 नवंबर तक करा दें।

### गाहर से केट तक सड़क 29 नवंबर तक बंद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि घुमारवीं उपमंडल के गाहर से केट मार्ग के आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते सभी प्रकार के यातायात के लिए आगामी 29 नवंबर तक बंद रहेगा। यं आदेश एंबुलेंस, स्कूल बसों, वीआईपी वाहनों तथा अन्य आपातकालीन सेवा वाहनों के लिए लागू नहीं होंगे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 10 को बरठीं में

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** पेंशनर्स वेलफेयर ऐसोसिएशन जिला बिलासपुर की त्रैमासिक बैठक दिनांक 10 नवंबर सोमवार को झंडूता खंड के अंतर्गत बरठीं स्थित खरोटा मंदिर में सुबह 10. 30 बजे सुबह होनी निश्चित की गई है। जिला प्रधान जगदीश दिनेश एवं महासचिव नरोत्तम धीमान ने सभी खंड प्रधान और सचिव, समस्त शहरी इकाइयों के प्रधान व सचिव, समस्त यूनिट प्रधान व सचिव तथा जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से इस महत्वपूर्ण बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। बैठक के मुख्य ऐजेंडा के विषयों में संगठन को सशक्त बनाने हेतु सदस्यता अभियान चलाना, अपने हक प्राप्ति के लिए विशेषकर जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त पैंशनर्ज का छठे वेतन आयोग के एरियर्स और डीए की किश्तों का केंद्र के पैटर्न पर भुगतान हेतु भविष्य की रणनीति तैयार करना है।

### गेहड़वीं स्कूल के स्वयंसेवियों ने किया श्रमदान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहड़वीं में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने विभिन्न सेवा कार्यां में भाग लेकर समाज सेवा की मिसाल पेश की। स्वयंसेवियों ने पाठशाला परिसर को समतल किया तथा सुंदरता बढ़ाने हेतु नई क्यारियां तैयार कीं। विद्यालय के पिछले हिस्से में क्यारियां बनाकर आलू का बीज भी रोपा गया। कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी गौतम एवं सरोज कुमारी ने बताया कि एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने शीतला माता मंदिर परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा गांववासियों को सामुदायिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। शाम के सत्र में डॉ. रुशाली ने स्वयंसेवियों को स्वास्थ्य की देखभाल एवं किशोरावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर विजय, विनोद, संजीव परमार, अजय कुमार, सोनी देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे। एसएमसी सदस्य सुमित कुमार ने भी ग्रामवासियों के साथ मिलकर मंदिर परिसर के सफाई अभियान में भाग लिया तथा स्वयंसेवियों के कार्यों की सराहना की।

### सुगम संगीत में बैहल की छात्राएं तीसरे स्थान पर

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दधोल में 29 से 31 अक्तूबर तक जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर आयोजित सुगम संगीत (वोकल सॉन्ग) प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बैहल की छात्रा ऋतिका ने 'हिमाचल में आई आपदा पर आधारित गीत' प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस प्रस्तुति में नितिका और रश्मिता ने संगतकार के रूप में सहयोग दिया। विशेष बात यह रही कि यह गीत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बैहल में कार्यरत अध्यापिका सरोज शर्मा द्वारा लिखा गया था। इन तीनों छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

### दधोल के खिलाड़ियों का बास्केटबाल में शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। ये खिलाड़ी ऊना में संपन्न राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटे हैं। बिलासपुर की टीम ने 17 साल बाद खिताब जीता। फाइनल मुकाबले में बिलासपुर ने ऊना को 100-83 से हराया, जिसमें दधोल स्कूल के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा। वहीं, बालिका वर्ग में बिलासपुर की टीम उपविजेता रही। अंतिम मैच में मंडी ने 81-71 से जीत दर्ज की। प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज ने खिलाड़ियों और शारीरिक शिक्षा अध्यापक अश्वनी भारद्वाज को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों ने विद्यालय और क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। उन्होंने अभिभावकों का भी सहयोग के लिए आभार जताया।

### डीएवी बरमाणा में 'उदयन' वार्षिकोत्सव की धूम

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाणा में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक समारोह 'उदयन' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलन और वेद मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। मुख्यातिथि डीएवी सीएमसी सचिव एवं स्कूल अध्यक्ष रविंद्र तलवार ने कहा कि डीएवी संस्थान शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मोबाइल के दुष्परिणाम, शिक्षा में ज्योतिबा फुले का योगदान, विविध संस्कृति, खेलों का महत्व और देशभक्ति जैसे विषयों पर नृत्य, नाटक और संगीत प्रस्तुत किए। भांगड़ा, राजस्थानी नृत्य और हिमाचली नाटी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अनेक व्यक्ति, विद्यालय एलएमसी और पीटीए सदस्य उपस्थित रहे। समापन पर अतिथियों के लिए भोज एवं जलपान की व्यवस्था की गई।

### झंडूता के 6 स्टूडेंट्स राज्य स्तर के लिए सिलेक्ट

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में धमाकेदार प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर जगह पक्की की है। स्कूल समिति प्रधान और शिक्षकों ने इसे संस्थान की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। अंडर-14 वर्ग में खेलों में कमाल, प्रतिभा का लोहा मनवाया 4 लड़के और 2 लड़कियां राज्य स्तरीय खेलकूद के लिए चयनित। टेबल टेनिस में 2 प्रतिभागी 1 लड़का, 1 लड़की ने शानदार खेल दिखाया। शतरंज में 1 लड़के ने दिमाग की जंग जीती। ये होनहार जिला स्तर पर टॉप पर रहे और अब राज्य में स्कूल का नाम रोशन किया। अंडर 19 वर्ग में खेल और संस्कृति दोनों में अव्वल 3 लड़के राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई। 3 लड़के राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। 3 लड़कियां सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी कला का जादू बिखेरेंगी। स्कूल के प्रधानाचार्य पवन संख्यान ने कहा कि हमारे बच्चे मेहनत और लगन का जीता-जागता उदाहरण हैं।

### छात्रों को बताए साइबर अपराध से बचाव के उपाय

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का तीसरा दिन स्वच्छता और डिजिटल सुरक्षा को समर्पित रहा। प्रभारी रूप लाल और आशा कुमारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने योग व व्यायाम से दिन की शुरुआत की और विद्यालय परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। विचार-विमर्श सत्र में स्कूल प्रवक्ता अब्दुल मजीद ने 'साइबर सुरक्षा, जागरूकता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, हैकिंग जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। अब्दुल मजीद ने एआई के लाभ, जोखिम और भविष्य की संभावनाओं पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, तकनीकी जागरूकता और अनुशासन की भावना विकसित करते हैं।

### प्रभु प्रेम की धारा में डूबा घुमारवीं का टकरेड़ा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत घुमारवीं के गांव टकरेड़ा स्थित पावन मां श्री नयना देवी मंदिर परिसर इन दिनों श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पवित्र आयोजन से आध्यात्मिक चेतना, भजन-कीर्तन और प्रभु प्रेम की धारा में डूबा हुआ है। वृंदावन धाम के विख्यात भागवताचार्य आचार्य बृजेश गोस्वामी महाराज की रसपूर्ण वाणी, मधुर कीर्तन और भक्तिमय शैली से प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। कथा पंडाल में सुबह–शाम गूंजते कीर्तन, शंखनाद, हरे कृष्ण महामंत्र और दीपमालाओं से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित बना हुआ है।

# सीएनजी-पीएनजी नेटवर्क से सशक्त होगा जिला : उपायुक्त

## बीपीसीएल बनाएगा गैस नेटवर्क, अब तक तीन सीएनजी स्टेशन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिला बिलासपुर में अब स्वच्छ और सस्ता ईंधन आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। भारत पेट्रोलियम को-ऑपरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा जिले में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सप्लाई शुरू करने के लिए आधुनिक व्यवस्था बनाई जा रही है। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने दी।

**लोगों से किया स्वच्छ परिवहन का आह्वान**

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ने बीपीसीएल को देशभर के 81 जिलों में सिटी गैस नेटवर्क विकसित करने की अनुमति दी है। इन्हीं जिलों में अब बिलासपुर भी शामिल हो गया है, जहां सीएनजी और पीएनजी नेटवर्क का काम शुरू हो गया है। उपायुक्त ने बताया कि अब तक जिले में तीन सीएनजी स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं, पीएनजी सप्लाई के लिए एम्स बिलासपुर में एक डीसीयू (डिस्ट्रिक्ट कंप्रेशन यूनिट) लगाई जा रही है। एम्स और बीपीसीएल के बीच इसके लिए समझौता (एमओयू) पूरा हो चुका है। इसके अलावा, घुमारवीं क्षेत्र में भी एक और डीसीयू लगाने की योजना है, ताकि वहां के लोगों को भी पाइप गैस की सुविधा मिल सके।



**सीएनजी सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल**

**डीसी** ने बताया कि सीएनजी एक साफ-सुथरा, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल ईंधन है, जो पेट्रोल और डीजल के मुकाबले प्रदूषण को काफी कम करता है। उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि वे प्रदूषण घटाने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सीएनजी वाहनों का इस्तेमाल करें। बीपीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में बिलासपुर जिले में सीएनजी और पीएनजी से जुड़ी सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। यह पहल बिलासपुर को हरित ऊर्जा की दिशा में आगे ले जाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# विभागों की ओर से लंबे समय से भुगतान न होने से ठेकेदार नाराज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा लंबे समय से ठेकेदारों के भुगतान लंबित पड़े होने से ठेकेदारों में गहरी नाराजगी है। ठेकेदारों ने जिला प्रशासन से इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। ठेकेदारों ने जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि विभागों द्वारा कराए गए कार्यों का बिल पारित होने के बावजूद भुगतान के लिए टोकन प्रक्रिया में अनावश्यक देरी की जा रही है। इस कारण ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है और वे अपने परिवार का भरण–पोषण करने में असमर्थ हो रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि ठेकेदारों ने अपने कार्य ईमानदारी और निष्ठा से पूरे किए हैं, लेकिन विभागों द्वारा भुगतान न करने के कारण उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ठेकेदारों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि वह इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर ट्रेजरी विभाग को लंबित बिलों के टोकन पास करने के निर्देश दे, ताकि उनका बकाया भुगतान शीघ्र किया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगामी पांच दिनों में समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो ठेकेदार वर्ग को मजबूरन धरना–प्रदर्शन करना पड़ेगा। डीसी को ज्ञापन देने वालों में विनोद ठाकुर, विपिन ठाकुर, रजनीश ठाकुर, पंकज, संजीव, चमन चौधरी, विशाल, थुमनछौंकी, हंसराज, राम लाल, मखनु शर्मा, रतन लाल,अरुण, राहुल व निशांत शामिल रहे।

**उपायुक्त को ज्ञापन सौंप जल्द भुगतान करने की उठाई मांग**

# कमल गौतम ने चिंतपूर्णी मंदिर में हवन की पर्ची काटने को लेकर उठाए सवाल

## कहा- फरमान को वापस नहीं लिया तो करेंगे धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

हिंदू रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष कमल गौतम ने कहा कि देवभूमि हिमाचल देव आज्ञा से चलेगी और जो निर्देश माता हडिंबा और बिजली महादेव के द्वारा दिए गए हैं, उनका पालन होगा, तो प्रदेश में आपदाएं नहीं आएंगी और प्रदेश सुरक्षित रहेगा।

यह बात उन्होंने श्री नयना देवी के दर्शन करने के उपरांत पत्रकारों से कही। कमल गौतम ने कहा कि ऊना जिले में स्थित चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शनों के लिए गए थे और उन्होंने देखा कि वहां पर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से हवन करने के लिए 5100 रुपए की पर्ची काटी जा रही है। कमल गौतम ने कहा कि यह बिलकुल गलत है और इससे श्रद्धालुओं की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द इस फरमान को वापस नहीं लिया गया तो हिंदू रक्षा मंच आंदोलन करने को मजबूर होगा।



हिंदू रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष कमल गौतम व अन्य।

**देवताओं के आदेश का करना होगा पालन**

## नम्होल स्कूल में बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल में चल रहे एनएसएस शिविर का शुभारंभ एसएमसी प्रधान पवन ने किया। कार्यक्रम अधिकारी कमल शर्मा व निशी राणा ने बताया कि शिविर के इन सात दिनों में शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों का समावेश शामिल किया गया है। प्रधानाचार्य प्रीत लाल शर्मा ने बच्चों को अनुशासन में रहने और कर्म ही पूजा को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष शिविर में 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सायंकालीन सत्र में नीना शुक्ला एचआईवी एवं एड्स सलाहकार ने बच्चों को एचआईवी व एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत सुप्रभा हेल्थ ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोहरी ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी व इससे दूर रहने की सलाह दी। वहीं अधिवक्ता पंकज वर्मा ने नालसा के ऊपर जानकारी दी। रात्रि में सभी ने भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम किया।

# केंद्र और राज्य के टकराव में पिस रही आम जनता : हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सह संयोजक ठाकुर हीरापाल सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के आपसी टकराव का खामियाजा हिमाचल की आम जनता भुगत रही है। केंद्र सरकार राज्य को आवश्यक आर्थिक सहायता देने में टालमटोल कर रही है, जबकि भाजपा नेता और सांसद इस मुद्दे पर राजनीति करने में व्यस्त हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में आपदाओं से प्रदेश को करोड़ों का नुकसान हुआ है, हजारों लोग बेघर हुए हैं, लेकिन अब तक अधिकांश प्रभावितों को सहायता राशि नहीं मिल पाई है। ठेकेदारों ने भुगतान न मिलने के कारण काम रोक दिए हैं, सड़कों और भवनों का निर्माण अधूरा पड़ा है, और कर्मचारी वर्ग अपने अधिकारों को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं। हीरापाल सिंह ने कहा कि सरकारें केवल बयानबाजी में लगी हैं, जबकि जनता मूलभूत सुविधाओं सड़क, पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता जनता के हितों की रक्षा करने के बजाय प्रदेश सरकार की टांग खींचने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि अगर नेताओं का यही रवैया रहा तो जनता आने वाले चुनावों में उन्हें सबक सिखाने से पीछे नहीं हटेगी। लोकतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी शक्ति है और जब जनप्रतिनिधि जवाबदेह नहीं रहते, तो जनता उन्हें बदलने का अधिकार रखती है।

# झंडूता के 200 साल पुराने नौण को मिला नया जीवन

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** उपमंडल के ठाकुरद्वारा नरसिंह मंदिर के समीप रानी नागर देई द्वारा निर्मित 200 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक नौण को भारी बारिश ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था। सड़क की ओर की सुरक्षा दीवार पूरी तरह ढहने से नौण के अंदर मलबा भर गया और आसपास के मकानों को गंभीर खतरा पैदा हो गया था। अब लोक निर्माण विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। ग्राम पंचायत झंडूता के उपप्रधान राकेश कुमार ने बताया, 'बरसात के दिनों में यह नौण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। दीवार ढहने से पानी सड़क और घरों की ओर बहने लगा था। हमने तुरंत विधायक जीत राम कटवाल से मुलाकात की और पूरी समस्या बताई। विधायक ने विधायक निधि से तत्काल धनराशि स्वीकृत कर लोक निर्माण विभाग को काम सौंपा। आज मलबा हट चुका है, नई नींव खोदी जा रही है और मजबूत दीवार का निर्माण शुरू हो गया है। कार्य शुरू होने से लोगों को राहत मिली है।

**पुनर्निर्माण शुरू ग्रामीणों में खुशी**

## कुठेड़ा स्कूल में बताए प्राणायाम के फायदे

**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा।** मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत और प्राणायाम के माध्यम से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी गई। राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के संगीत विभाग की प्रोफेसर डॉ. अंजना शर्मा ने शिविर में विशेष संवाद और व्याख्यान के माध्यम से बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग तनाव, अवसाद, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, जिन्हें संगीत और प्राणायाम से काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

# फ्री स्टाइल वर्ग में 57 किग्रा में कार्तिक विजेता

## ठाकुर कुश्ती अकादमी में सीनियर जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चांदपुर स्थित ठाकुर कुश्ती अकादमी में सीनियर जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिलेभर से पहुंचे पहलवानों ने दमखम दिखाते हुए राज्य स्तर के लिए अपनी जगह बनाई। फ्री स्टाइल वर्ग में 57 किग्रा में कार्तिक शर्मा, 61 किग्रा में शुभम ठाकुर, 65 किग्रा में अभिनव मेहता, 70 किग्रा में सचिन ठाकुर, 74 किग्रा में ओंकार सिंह और 125 किग्रा में लक्ष्य विजेता रहे।

महिला वर्ग में साक्षी, बबली, सोनिका और अभिलक्षा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अन्य भार वर्गों में अभय, आदित्य, केशव, हंसराज, अजय कुमार, विशाल, हरप्रीत, जसवंत, सौरव और प्रिंस विजेता बने। इन खिलाड़ियों का चयन 8–9 नवंबर को कांगड़ा में होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहां से उत्कृष्ट पहलवान राष्ट्रीय प्रतियोगिता (अहमदाबाद, गुजरात) में हिस्सा लेंगे।

मुख्यातिथि डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों के माध्यम से अनुशासित जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कोच विवेक ठाकुर के प्रयासों की सराहना की।



# मुंडखर स्कूल के विकास के लिए दिए 51 हजार

## व्यवसायी हुक्म व पत्नी बिमला ने सामाजिक सरोकार के तहत दी आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर के निर्माण एवं विकास कार्यों को सुदृढ़ करने के लिए गांव के मूल निवासी एवं गोवा के व्यवसायी हुक्म चंद हितान व उनकी पत्नी बिमला देवी ने 51,000 रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान कर मानवता और शिक्षा के प्रति अपनी संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। हुक्म चंद हितान ने कक्षा पहली से पांचवीं तक की प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की थी। अपने पुराने विद्यालय के प्रति स्नेह, कृतज्ञता एवं सामाजिक सरोकारों से प्रेरित होकर उन्होंने यह योगदान दिया है।

वर्तमान में हुक्म हितान का गोवा में स्वयं का शिप यार्ड वर्कशॉप है, जहां वे एक सफल व्यवसायी के रूप में स्थापित हैं, परंतु अपनी जड़ों से जुड़े रहकर समय–समय पर सामाजिक व जनोपयोगी कार्यों में योगदान करते रहते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति, अध्यापकों एवं ग्रामवासियों ने हुक्म चंद हितान एवं बिमला देवी के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा कदम न केवल विद्यालय के बच्चों के भविष्य को सशक्त करेगा, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति दायित्व निभाने की प्रेरणा भी देगा।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने भी दंपत्ती को सम्मानित करने का निर्णय लिया है तथा भविष्य में जनसहभागिता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# योग को बनाएं अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा, दिनचर्या में करें शामिल : प्रीतम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में शारीरिक शिक्षा व शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

इस शिविर का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल की अध्यक्षता में हुआ जिन्होंने कहा कि हमें योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी मानसिक रोगों से ग्रस्त हो रही है जिसके लिए योग ही एकमात्र सरल उपाय है।

इस शिविर में महाविद्यालय की योग प्रशिक्षिका डॉ. रीता ने पहले दिन विद्यार्थियों को जीवन और यौवन के लिए आवश्यक योग आसनों का अभ्यास करवाया। इस शिविर में शिविर के संयोजक शिक्षा विभाग की प्रो पूजा देवी और शारीरिक शिक्षा विभाग की डॉक्टर अंजू ने भी विद्यार्थियों के साथ योग में भाग लिया।

# जनजातीय गौरव दिवस पर होंगी विभिन्न गतिविधियां

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

जिला बिलासपुर में जनजातीय गौरव दिवस–2025 के उपलक्ष्य में श्री नयना देवी जी विकास खंड की ग्राम पंचायत टोबा संगवाना में जन–जागरूकता से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 7 नवंबर को राजकीय प्राथमिक विद्यालय नीला में आधार सत्यापन, स्वास्थ्य शिविर, पोषण अभियान तथा अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 10 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोबा में निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता के साथ–साथ स्वास्थ्य शिविर, आधार सत्यापन सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को ग्राम पंचायत भवन टोबा में क्षय रोग जागरूकता सहित स्वास्थ्य शिविर, आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जनधन खाता कैंप, पोषण अभियान तथा स्वयं सहायता समूहों के प्रोत्साहन संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन जातीय दिवस के अवसर पर आयोजित की जा रही इन गतिविधियों में स्थानीय लोगों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित बनाई जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इन गतिविधियों से लाभान्वित हो सकें।

# बड्डू–डढोग की बबीता राष्ट्र स्तर पर खेलेगी कबड्डी

## होनहार छात्रा ने अंडर-14 राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड्डू–डढोग की चार छात्राओं ने अंडर–14 राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र और जिला का नाम रोशन किया है। विशेष रूप से छात्रा बबीता ठाकुर ने कबड्डी खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

अंडर–14 राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता, जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल (जिला शिमला) में संपन्न हुई, में विद्यालय की तीन छात्राओं बबीता ठाकुर, शगुन ठाकुर और सिमरन ठाकुर का चयन हुआ था। बबीता ठाकुर ने जिला बिलासपुर की टीम की कप्तान के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बबीता का राष्ट्रीय स्तर पर चयन विद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्यापक श्याम लाल ठाकुर के मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से संभव हुआ। उन्होंने जिला से लेकर राज्य स्तर तक कबड्डी कोच के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी विद्यालय की एक अन्य प्रतिभाशाली छात्रा पलक ठाकुर ने अंडर–19 जूडो प्रतियोगिता में जिला स्तर पर स्वर्ण पदक तथा राज्य स्तर पर जूडो व भारोत्तोलन में कांस्य पदक प्राप्त किया।

विद्यालय में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से लौटने पर चारों छात्राओं का प्रधानाचार्य और समस्त शिक्षक वर्ग ने जोरदार स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय की इन छात्राओं ने अपने परिश्रम और समर्पण से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।



राज्य स्तरीय स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राएं शिक्षकों के साथ।

# स्वास्थ्य सेवाओं व 'सिकल सेल' एनीमिया की करें जांच

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने जिला अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित लोगों के संवैधानिक सुरक्षा उपायों, कल्याण एवं विकास योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा को लेकर बचत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। डॉ. आशा लकड़ा ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जनजातीय वर्ग से संबंधित लोगों के हितों की रक्षा के लिए सभी विभागीय योजनाओं का लाभ उन्हें सुनिश्चित रूप से प्रदान करें।

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपमंडल स्तर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने विशेष रूप से गुज्जर समुदाय के लोगों में सिकल सेल एनीमिया की जांच करने को भी कहा। डॉ. आशा लकड़ा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं एवं दिव्यांग व्यक्तियों को प्रदान किए गए रोजगार से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाई जाए।

डॉ. आशा लकड़ा ने जनजातीय उपमंडल पांगी के लोगों की सुविधा को लेकर प्रस्तावित राष्ट्रीय उच्च मार्ग हटली- सिहुंता- चंबा- तीसा-पांगी के कार्यालय नोट की प्रति उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विभिन्न बस ठहराव स्थलों पर बायोडाइजेस्टर शौचालयों के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

डॉ. आशा लकड़ा ने पशुपालन विभाग द्वारा जनजातीय वर्ग से संबंधित लोगों की सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि भेड़-बकरी पालकों को स्थानीय प्रजातियों के संवर्धन में प्राथमिकता प्रदान की जाए। उन्होंने जल संग्रहण को लेकर भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने को कहा। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, सीएमओ डॉ. विपिन, जिला विकास अधिकारी तेवेंद्र चनोरिया सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इससे पहले राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने अनुसूचित जनजातीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना। बैठक के दौरान डॉ. आशा लकड़ा के समक्ष भरमौर क्षेत्र से सुरजीत भरमौरी, पंगवाल एकता मंच से भक्त राम बडोत्रा व गुज्जर समुदाय से हसनद्दीन ने अपने-अपने समुदाय से संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया व अपने क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न मांगों व विकासात्मक परियोजनाओं को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माध्यम से पूर्ण करवाने का भी आग्रह किया।



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा को सम्मानित करते हुए।

## पांगी घाटी के लिए चेहनी सुरंग व पांगी भवन निर्माण की मांग, डॉ. आशा को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा को पांगी कल्याण संघ चंबा द्वारा दो महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपे गए। पहला ज्ञापन चेहनी सुरंग परियोजना की व्यवहार्यता रिपोर्ट और डीपीआर तैयार करने से संबंधित था, जबकि दूसरा चंबा में पांगी भवन निर्माण की मांग को लेकर दिया गया। संघ के अध्यक्ष भगत बडोत्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पांगी क्षेत्र के लोगों की दशकों पुरानी समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2016 में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने द्रम्मन-सिहुंता-चोवाड़ी-जोत-चंबा-कोटि-तिस्सा-किलाड़ मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। इसके तहत जोत और चेहनी दर्रे के नीचे लगभग 13 किलोमीटर लंबी बहुउद्देशीय सुरंग बनाने का प्रस्ताव है, जो सर्दियों में छह महीने तक कटने वाली पांगी घाटी को हर मौसम में चंबा से जोड़ेगी। वर्तमान में चल रही साच पास रोड केवल तीन से चार माह ही खुली रहती है, जिस पर बर्फ हटाने और रखरखाव में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं।

दूसरे ज्ञापन में चंबा में पांगी भवन निर्माण की आवश्यकता बताई गई। चंबा में स्थायी रूप से बसे लगभग 500 पांगी परिवारों के लिए यह भवन सांस्कृतिक आयोजनों, जनजातीय बैठकों और अस्पतालों में रोगियों के परिचारकों के ठहराव के लिए उपयोगी होगा। डॉ. लकड़ा ने दोनों ज्ञापनों को गंभीरता से सुना और पांगी जैसी दुर्गम जनजातीय समस्याओं को आयोग की प्राथमिकता बताते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# विधायक हंसराज और महिला विवाद फिर बना चर्चा का विषय

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

▶ **महिला आयोग ने लिया संज्ञान, सुरक्षा के निर्देश**

**चुराह।** चुराह के विधायक हंसराज और ज़ोया शेख़ के बीच विवाद ने फिर से जोर पकड़ लिया है। ज़ोया शेख़ ने फेसबुक पेज के माध्यम से आरोप लगाया है कि विधायक हंसराज ने उनके जीवन और परिवार को खतरे में डाल दिया है। यह मामला पहले भी गर्माया था और चुराह की सड़कों तक आ चुका था, तब विधायक हंसराज ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए विवाद को शांत कराया था। उस समय महिला ने अपने सभी बयानों से मुकरने की घोषणा की थी।

हालांकि, अब महिला ने सोशल मीडिया पर फिर से आरोप लगाते हुए कहा कि उनके परिवार और उनके जीवन पर गंभीर खतरा है। उन्होंने विधायक पर कई अन्य आरोप भी लगाए। इस मामले के बढ़ने के बाद मापका नेता एवं पूर्व विधायक राकेश सिंगा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रदेश में इस तरह की घटनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया दी जानी चाहिए और वे इसका विरोध करते हैं। इस विवाद पर महिला आयोग की चेयरपर्सन विद्या नेगी ने संज्ञान लिया और कहा कि मामले की पूरी गंभीरता से जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोग ने चंबा पुलिस अधीक्षक से ग्राउंड रिपोर्ट मांगी है और इस मामले में कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विद्या नेगी ने यह भी कहा कि महिला ने अपनी जान को खतरा बताया है, इसलिए पुलिस को उसे सुरक्षा मुहैया कराने के लिए निर्देश दे दिया गया है।

इस घटनाक्रम ने स्थानीय प्रशासन और महिला अधिकार संगठनों को सतर्क कर दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि इस तरह के मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाएगी ताकि पीड़ित को सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित किया जा सके। मामले की कानूनी और प्रशासनिक जांच जारी है और आगामी दिनों में इसके और विकास की उम्मीद है।

# हर युवती में अपार संभावनाएं: मनोहर नाथ

## हिम नवोदय नर्सिंग स्कूल ओबड़ी में जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

महिला एवं बाल विकास विभाग चम्बा द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में मिशन हब के अंतर्गत हिम नवोदय नर्सिंग स्कूल ओबड़ी में सोमवार को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक विवेक ठाकुर ने की।

इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक मनोहर नाथ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की बेटियां किसी से कम नहीं हैं। हर युवती में अपार संभावनाएं हैं और उन्हें सिर्फ सही दिशा एवं प्रोत्साहन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 'अपराजिता मैं चंबा की' अभियान का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी बनाना और उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान चम्बा प्रशासन की एक सराहनीय पहल है जो बेटियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत है। मनोहर नाथ ने कहा कि समाज को चाहिए कि वह बेटियों को आगे बढ़ाने में सहयोग करे ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें। वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी मधु शर्मा ने महिलाओं के अधिकारों, घरेलू हिंसा से निपटने के उपायों और सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योति ने विभागीय योजनाओं का विवरण देते हुए बताया कि सरकार ने अनाथ लड़कों व लड़कियों के लिए 'सुख शिक्षा योजना' शुरू की है, जिससे वे अपनी शिक्षा जारी रख सकें। जागोरी संस्था की जिला समन्वयक उमा द्वितीय ने किशोरियों से आग्रह किया कि वे मासिक धर्म से जुड़ी सही जानकारी समाज में फैलाएं और इस विषय पर व्याप्त कुरीतियों को दूर करें। उन्होंने सेनेटरी पैड के सही निष्पादन, स्वच्छता और संतुलित आहार के महत्व पर भी प्रकाश डाला। चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक कपिल ने बालिकाओं को पोक्सो एक्ट, बाल अधिकारों और बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। स्कूल के निदेशक विवेक ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता शिविर किशोरियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।




हिम नवोदय नर्सिंग स्कूल ओबड़ी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## भवानी ठाकुर दूसरी बार बने सह मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 46वें प्रांत अधिवेशन में प्रदेश कार्यकारिणी की नई घोषणा की गई, जिसमें चंबा जिला के युवा एवं सक्रिय छात्र नेता भवानी ठाकुर को एक बार फिर एबीवीपी हिमाचल प्रदेश का प्रदेश सह मंत्री नियुक्त किया गया है। भवानी ठाकुर की यह दूसरी पारी उनके संगठनात्मक कौशल, समर्पण और छात्र हितों के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका का परिणाम है। वे लंबे समय से छात्र राजनीति में सक्रिय हैं और महाविद्यालय स्तर पर अनेक छात्र आंदोलनों में नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। एबीवीपी के पदाधिकारियों ने प्रदेश स्तर पर उनके कार्य की सराहना करते हुए उन पर पुन: भरोसा जताया है। इस अवसर पर प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन विद्यार्थी हितों की रक्षा और राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रसार के लिए और अधिक सशक्त रूप से कार्य करेगा। भाजयुमो के मीडिया प्रभारी अजय ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरा चंबा जिला के लिए गौरव का विषय है।

# चंबा में घुमंतू गुज्जर समुदाय के सशक्तिकरण की मांग

## शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार सुधार के साथ गुज्जर समाज को समान अवसर देने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**गुज्जर** कल्याण सभा चंबा के अध्यक्ष हसन दीन की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में घुमंतू गुज्जर समुदाय की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक अधिकारों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। अध्यक्ष हसन दीन ने कहा कि 'गुज्जर समुदाय जिला चंबा की बड़ी आबादी है, परंतु आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में बहुत पीछे है। सरकार यदि ठोस कदम उठाए, तो यह समुदाय मुख्यधारा से जुड़ सकता है।'

सभा ने ज्ञापन में कहा कि घुमंतू जीवनशैली के कारण गुज्जर बच्चों की शिक्षा बाधित होती है। इसलिए गुज्जर हॉस्टल साहू में बच्चों की संख्या 25 से बढ़ाकर 100 करने, दाखिला प्रक्रिया को सरल बनाने और किहार व कल्सुई हॉस्टल को दोबारा शुरू करने की मांग की गई। इसके साथ ही तीसा में नया गुज्जर हॉस्टल खोलने और गुज्जर बहुल गांवों में नए स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित करने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में समुदाय की महिलाएं और किशोरियां एनीमिया व टीबी जैसी बीमारियों से ग्रसित हैं। सभा ने मोबाइल आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य शिविर, और महिलाओं को दाई प्रशिक्षण देकर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने की मांग उठाई। गुज्जर कल्याण सभा ने अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिले 7.5% आरक्षण में से 2% कोटा घुमंतू गुज्जर समुदाय के लिए अलग से निर्धारित करने की मांग की। साथ ही वनाधिकार अधिनियम 2006 को प्रभावी ढंग से लागू करने, हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के गठन और जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने की अपील की गई। सभा ने चंबा में प्रस्तावित जनजाति भवन का निर्माण शहर के समीप अंबेडकर भवन बालू के पास करने की भी मांग रखी, ताकि सभी क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिल सके।

ज्ञापन में कहा कि गुज्जर समुदाय की आजीविका मुख्यत: दूध उत्पादन पर निर्भर है, परंतु दूध उत्पादों के उचित मूल्य न मिलने से यह व्यवसाय संकट में है। सभा ने सरकार से आग्रह किया कि नई डेयरी विकास योजना के तहत गुज्जर पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाए ताकि समुदाय की आर्थिक स्थिति सुधर सके।

सभा ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग समुदाय की मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा। हसन दीन ने कहा कि 'हमारा उद्देश्य सरकार तक समाज की वास्तविक स्थिति पहुंचाना है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधाएं बढ़ेंगी तो गुज्जर समाज भी समान अवसरों के साथ आगे बढ़ सकेगा।



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### गुप्त गंगा में गूंजा युवा शक्ति का संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) का 46वां विशाल अधिवेशन कांगड़ा जिले के पावन गुप्त गंगा धाम में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक उत्साह और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय इस अधिवेशन में प्रदेशभर से हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें चंबा जिले के 33 प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिवेशन के दौरान विद्यार्थी हित, संगठनात्मक विस्तार और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। परिषद् ने कई नई घोषणाएं और नियुक्तियां कीं, जिनमें अर्पित जरयाल को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, स्नेहा नाथ, अंशुल पटियाल, विशाल वर्मा और अंकू पारियल को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जबकि अनिल ठाकुर को जिला संगठन मंत्री, चंबा नियुक्त किया गया। अधिवेशन के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने छात्र हित, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। यह अधिवेशन युवाशक्ति की एकजुटता और देशभक्ति का प्रतीक बन गया।

### साइबर क्राइम पर दिया जागरूकता संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान पुलिस उपाधीक्षक सरकाघाट संजीव गौतम (एचपीएस) ने स्वयंसेवियों को साइबर क्राइम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए युवाओं को इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने साइबर अपराधों से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस उपाधीक्षक ने सरल और व्यवहारिक ढंग से उत्तर दिया। स्वयंसेवियों ने पूरे सत्र में उत्साह और जिज्ञासा के साथ भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया व स्टाफ ने पुलिस उपाधीक्षक संजीव गौतम का इस सत्र के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अधिकारी अमिता शर्मा, राजेंद्र कुमार तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ भी इस अवसर पर उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस स्वयंसेवियों ने समाज में साइबर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### विधायक ने नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की कोट पंचायत के रठौहा गांव के युवाओं ने नशे के खिलाफ जंग लड़ने की अनोखी पहल की है इसके लिए यहां के युवा एकजुट होकर खेलों को बढ़ावा देने का के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में इन युवाओं ने आपस में मिलजुल कर श्रमदान करके क्रिकेट पिच का निर्माण किया जिसका विधिवत रूप से शुभारंभ स्थानीय विधायक विनोद कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को नशे को त्याग कर खेलों पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने स्थानीय युवाओं की इस मुहिम को प्रोत्साहित करने के लिए क्रिकेट किट खरीदने के लिए युवाओं को 50000 की धनराशि अपनी ऐच्छिक निधि से देने की घोषणा की।

### अवैध पार्किंग करने वालों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए जोगिंद्रनगर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को पुलिस ने बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई चालान काटे। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने जानकारी दी कि जोगिंद्रनगर बाजार में आए दिन लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अनेक वाहन चालक अपनी गाड़ियां सड़क किनारे या दुकानों के सामने गलत तरीके से खड़ी कर देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और वाहनों की आवाजाही में दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि आम जनता की सुविधा में भी बाधा उत्पन्न करती है।उन्होंने बताया कि सोमवार को पुलिस टीम ने बाजार, बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान जहां भी वाहनों को गलत तरीके से पार्क पाया गया, उनके चालान काटे गए। थाना प्रभारी ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा सके। सकीनी कपूर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को बनाए रखना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी नागरिकों का कर्तव्य भी है। यदि सभी लोग नियमों का पालन करें तो जाम की समस्या से काफी हद तक निजात पाई जा सकती है।

# मैहला बाल देखरेख संस्थान के बच्चों को विधायक जनक राज ने बांटे कंबल



मैहला बाल देखरेख संस्थान के बच्चों को विधायक जनक राज ने कंबल बांटे।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज ने सोमवार को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए मैहला बाल देखरेख संस्थान के बच्चों को सर्दियों से बचाव के लिए कंबल वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चे हमारा भविष्य हैं, उन्हें सुरक्षित वातावरण और उचित शिक्षा के अवसर प्रदान करवाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। डॉ. जनक राज ने समाज के संपन्न वर्ग से भी आह्वान किया कि वे ऐसे संस्थानों में शिक्षारत बच्चों और अन्य जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आएं। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर यह जानकारी साझा करते हुए डॉ. जनक राज ने लिखा— 'जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्चे अर्थों में भगवान की भक्ति है।' बच्चों ने विधायक के इस स्नेहपूर्ण के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. जनक राज की इस पहल से समाज में सेवा और सहयोग की भावना को नई प्रेरणा मिली है।

## ट्रक की टक्कर से सड़क किनारे खड़े युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के साथ लगते भड़ोली चौक पर रविवार शाम ट्रक की टक्कर से सड़क किनारे खड़े एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। ट्रक चालक मौका से फरार हो गया है जिसे बाद में पुलिस ने पकड़ लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम सन्नी 35 वर्ष पुत्र तरसेम लाल निवासी गांव हलेड़ पंचायत घुरकाल डीएवी स्कूल के निकट अपने घर से कुछ ही दूरी पर भड़ोली चौक की दुकानों से कुछ सामान लेने के लिए आया था। वह अपनी स्कूटी सड़क किनारे लगाकर उसके साथ ही खड़ा था। इसी दौरान नादौन से ज्वालामुखी की ओर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने युवक को एक तरफ से जोर से टक्कर मार दी और युवक को रौंद कर मौका से फरार हो गया। सन्नी की मौका पर ही मौत हो गई। मृतक दिहाड़ी मजदूरी करता था और निर्धन परिवार से संबंध रखता है। युवक की मौत से आक्रोशित लोगों ने रोड़ भी जाम रहा जिस वजह से काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। खबर मिलते ही ज्वालामुखी पुलिस ने मौका पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है ।

## राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य समापन

# हमीरपुर व बिलासपुर बने ओवरऑल चैंपियन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आयोजित 66वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का सोमवार को भव्य समापन हुआ। सीनियर सेकेंडरी स्कूल कन्या हमीरपुर में आयोजित समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और बच्चों को खेल-कूद के महत्व के बारे में प्रेरणादायक संबोधन दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का भी माध्यम हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और पढ़ाई के साथ संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 390 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें हमीरपुर जिला के लड़कों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता, जबकि लड़कियों में बिलासपुर जिला ने ओवरऑल ट्रॉफी हासिल की। रनरअप दोनों वर्गों में उना जिला रहा। मार्च पास्ट की ट्रॉफी मंडी जिला को प्रदान की गई। जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद संघ हमीरपुर को सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो और लंबी कूद सहित कई प्रतियोगिताओं में छात्र और छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्र वर्ग में पुनीत सैन्नी ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, आर्यन ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण, आदित्य ठाकुर ने शॉटपुट में स्वर्ण, सक्षम ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण और साहिल ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीते। छात्रा वर्ग में प्राची ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण, सविता कुमारी ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण, दक्षित ने शॉटपुट में स्वर्ण, आस्था ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण और ईस्वरूप सैन्नी ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### ईस्वरूप सैन्नी व पुनीत सैन्नी को बेस्ट एथलीट का खिताब

**प्रतियोगिता** में सोलन जिले की ईस्वरूप सैन्नी और ऊना जिले के पुनीत सैन्नी को बेस्ट एथलीट का खिताब देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में स्कूल प्रधानाचार्य पूनम चैहान, मुस्ताक मोहम्मद, प्रवीण पठानिया, कमलेश सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता ने युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और समर्पण को और प्रोत्साहित किया।

# चंबा में 'विकसित भारत 2047' पर सम्मेलन शुरू

## बेटियों को आगे बढ़ाना व ज्ञान को सर्वोच्च मानना ही विकसित भारत की राह

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में सोमवार से 'विकसित भारत 2047' विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन की शुरुआत दीप प्रज्वलन और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ की गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने 'भारत को कैसे विकसित बनाया जाए' इस विषय पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि युवाओं में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना से ही भारत का स्वप्न साकार हो सकता है। सम्मेलन के कन्वीनर डॉ. विजय राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि यदि हम प्लास्टिक के उपयोग को कम करें और बेटियों को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें, तभी भारत वास्तविक रूप से विकसित राष्ट्र बन सकता है।

मुख्य वक्ता प्रो. राज कुमार सिंह (वाणिज्य विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय) ने कहा कि 'पृथ्वी पर सबसे श्रेष्ठ वस्तु ज्ञान है।' उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज की दिशा तय करने और विकास के नए आयामों पर मंथन करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं कई देशों में युद्ध और ट्रेड वार जैसी स्थितियां बनी हुई हैं, जो विकास में बाधा डाल रही हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि 'आजादी के बाद हमने शिक्षा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। यदि हम 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं, तो हमें शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने अनुमान जताया कि यदि ऐसा हुआ तो भारत की प्रति व्यक्ति आय 20 हजार डॉलर तक पहुंच सकती है, और भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

कन्वीनर डॉ. विजय राठौर ने बताया कि यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से अनेक विद्वान अपने विचार साझा कर रहे हैं। सम्मेलन अगले दो दिनों तक चलेगा, जिसमें 'विकसित भारत 2047' के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी।



चंबा में 'विकसित भारत 2047' विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ।

# एक्स सर्विसमैन लीग टिहरा ने सूबेदार राजेश का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

28 वर्षों तक भारतीय सेना की पंजाब रेजीमेंट में सेवाएं देने के उपरांत सूबेदार राजेश कुमार सेवानिवृत्त हुए। उनके इस गौरवशाली सेवा काल की समाप्ति पर, इंडियन एक्स सर्विसमैन लीग, टिहरा के सेवानिवृत्त सैनिकों ने लीग के चेयरमैन कैप्टन रमेश तपवाल की अगुवाई में, सोमवार को उनके निवास स्थान रोशो पर पहुंचकर उनका उष्म स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर लीग की 27 सदस्यीय विशेष टुकड़ी सिविल ड्रेस में, अपनी पारंपरिक सेना टोपी और मेडल सहित उपस्थित हुई। सभी सदस्यों ने सूबेदार राजेश कुमार को हार पहनाकर, टोपी एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित सदस्यों ने उन्हें देश सेवा उपरांत, साफ-सुथरी एवं अनुकरणीय छवि के साथ सेवानिवृत्त होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लीग के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से लीग के संरक्षक कर्नल बीएस जम्वाल, सीनियर वाइस चेयरमैन कैप्टन सुरिंद्र जम्वाल, वाइस चेयरमैन सूबेदार मेजर रविंदर सिंह, महासचिव कैप्टन अशोक चंदेल, विशेष सदस्यों में वेटरन अनिल कुमार, वेटरन अमरदीप सिंह, कैप्टन मनमोहन सिंह, सूबेदार तिलक राज, सूबेदार मेजर जोगिंदर चंदेल, कैप्टन टेक चंद, नेवल वेटरन लाल सिंह, कैप्टन कुलदीप सिंह, हवलदार बिहारी लाल एवं वेटरन रमेश चंदेल व सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीतों और 'जय हिंद' के जयघोष के साथ हुआ।



## वाहन पासिंग कार्यक्रम रद्द

**अनंत ज्ञान, चंबा।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश ने सूचित किया कि 4 नवंबर को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, चंबा में निर्धारित वाहन पासिंग कार्यक्रम प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है। उन्होंने वाहन मालिकों, चालकों और आम जनता से अपील की है कि वे इस जानकारी को ध्यान में रखें और अनावश्यक असुविधा से बचने के लिए कार्यालय द्वारा जारी होने वाले नए कार्यक्रम का इंतजार करें।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

**मैं आर्मी नं.3974771H** सेवानिवृत्त नायक चत्तर सिंह पुत्र बेली राम, डोगरा रेजिमेंट गांव भरौण डॉ. दुदर सदर मण्डी, हि. प्र. सेना से 30-9-1996 को सेवानिवृत हूं। आर्मी के दस्तावेज में बेटे का नाम राजेन्द्र कुमार जन्म तिथि 19-03-1987 व गांव का नाम दुदर दर्ज है जो गलत है। सही नाम राजेन्द्र सिंह व, जन्म तिथि 18-03-1987 व गांव का नाम भरौण है।

'पिता की सेवा करना जिस प्रकार कल्याणकारी माना गया है वैसा प्रबल साधन न सत्य है, न दान है और न यज्ञ हैं।

-वाल्मीकि

## संपादकीय

### विकास या विनाश की राह

वायु प्रदूषण पूरी दुनिया के लिए खतरा बन चुका है। दुर्भाग्य से भारत इस खतरे के केंद्र में है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहर भारत में हैं। यानी वायु प्रदूषण के मामले में भारत अव्वल है। भारत में जिस तेजी से प्रदूषण बढ़ रहा है, वह आने वाले समय में स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था तीनों के लिए भारी संकट का संकेत दे रहा है। राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के एक्यूआई के जो आंकड़े सामने आए हैं वह किसी पर्यावरणीय चेतावनी से कम नहीं हैं।

दिवाली के बाद उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में वायु की गुणवत्ता अब 'गंभीर' और 'खतरनाक' श्रेणी में पहुंच चुकी है। सांस लेना मुश्किल हो गया है, आंखों में जलन, गले में खराश और अस्थमा जैसी बीमारियां बढ़ गई हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है, लेकिन हम फिर भी अपनी जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं कर रहे। दिवाली पर पटाखे फोड़ना अब परंपरा से अधिक प्रदूषण फैलाने की प्रतियोगिता बन चुका है। लोग अपने उत्सव का प्रदर्शन बारूद और धुएं से करते हैं। परिणामस्वरूप, ठंडी हवा और कम तापमान के कारण यह धुआं वातावरण में जम जाता है और एक जहरीली परत बना देता है, जो सूरज की किरणों को धरती तक पहुंचने से रोकती है। नतीजा- स्मॉग, जो न केवल हवा को जहरीला बनाता है बल्कि दृश्यता घटाकर सड़क हादसों तक को आम बना देता है।

मनाही के बावजूद इस बार भी दिवाली पर बेतहाशा पटाखे फोड़े गए। दिल्ली-एनसीआर से लेकर पंजाब, हरियाणा और राजस्थान तक हवा में धूल, धुआं और रसायनों का मिश्रण इतना घना हो गया कि सुबह की धूप भी धुंधली लगने लगी। दिल्ली में तो स्थिति इतनी विकट हो गई कि कृत्रिम बारिश की योजना लागू करनी पड़ी ताकि हवा में जमी प्रदूषण की परत को थोड़ी राहत मिल सके। हालांकि, इस प्रयोग से बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ा। दिल्ली का औसत एक्यूआई अब भी 350 से 400 के बीच झूल रहा है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

दिल्ली सरकार ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP-2) लागू किया है, जिसके तहत बीएस-3 श्रेणी तक के मालवाहक वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इस कदम से कुछ राहत तो मिली, पर यह स्थायी समाधान नहीं। प्रदूषण की जड़ें दिल्ली की सीमाओं से बाहर हैं- पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना, राजस्थान में धूलभरी हवाएं, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं और ट्रकों से होने वाला डीजल उत्सर्जन सब मिलकर दिल्ली को गैस चैंबर बना रहे हैं। जब तक पड़ोसी राज्यों में समान स्तर की सख्ती नहीं अपनाई जाएगी, तब तक दिल्ली की हवा साफ होना असंभव है।

वायु प्रदूषण का सबसे भयावह पहलू यह है कि यह 'साइलेंट किलर' है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल भारत में लगभग 20 लाख लोगों की मौत सीधे या परोक्ष रूप से प्रदूषण से होती है। केवल वर्ष 2023 में दिल्ली में ही 17,000 से अधिक लोगों की मौत वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के कारण हुई। यह संख्या युद्ध या महामारी के दौरान होने वाली मौतों के बराबर है। फिर भी न सरकारों में वह तत्परता दिखती है, न जनता में जागरूकता। सरकारें समय-समय पर योजनाएं बनाती हैं-नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, स्मॉग टॉवर, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा, निर्माण गतिविधियों पर रोक परंतु इन कदमों का प्रभाव केवल कुछ समय तक रहता है। जैसे ही हवा में हल्की राहत मिलती है, सब कुछ पुराने ढर्रे पर लौट आता है, जबकि प्रदूषण नियंत्रण के लिए दीर्घकालिक नीति और जनसहभागिता दोनों जरूरी हैं।

हमें यह समझना होगा कि प्रदूषण केवल सरकार की समस्या नहीं, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को अपने स्तर पर योगदान देना होगा—जैसे निजी वाहनों की बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, पेड़ लगाना, पटाखों से परहेज, कूड़ा न जलाना, ऊर्जा की बचत और साफ-सुथरी जीवनशैली अपनाना। गांव-शहर सभी स्तरों पर अगर लोग प्रदूषण को रोकने की ठान लें तो स्थिति में सुधार आ सकता है। भारत जैसे देश में जहां जनसंख्या घनी है और औद्योगिक विस्तार तेज़ी से हो रहा है, वहां बिना कठोर नीति के हवा को साफ रखना असंभव है। सरकार को उद्योगों के उत्सर्जन पर सख्त निगरानी रखनी होगी, कृषि अपशिष्ट प्रबंधन के लिए किसानों को विकल्प देने होंगे, और हर शहर में प्रदूषण नियंत्रण केंद्रों को आधुनिक तकनीक से लैस करना होगा। इसके साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण शिक्षा को अनिवार्य बनाना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी को बचपन से ही स्वच्छ पर्यावरण की अहमियत समझ में आए।

आज जरूरत इस बात की है कि हम वायु प्रदूषण को केवल पर्यावरण समस्या के रूप में न देखकर मानव अस्तित्व संकट के रूप में देखें। अगर अभी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में सांस लेना भी विलासिता बन सकता है। ■

## अनंत ज्ञान आज की प्रमुख हस्ती

### कत्थक के प्रसिद्धि प्राप्त गुरु

शंभू महाराज भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली कत्थक के प्रसिद्धि प्राप्त गुरु तथा नर्तक थे। वे लखनऊ घराने से संबंधित थे। उनका वास्तविक नाम शंभूनाथ मिश्रा था। नृत्य के संग ठुमरी गाकर उसके भावों को विभिन्न प्रकार से इस अदा से शंभू महाराज प्रदर्शित करते थे कि दर्शक मुग्ध हुए बिना नहीं रह सकता था।



शंभू महाराज
जन्म : 16 नवंबर,1970
मृत्यु : 4 नवंबर, 1970

उनका जन्म 16 नवंबर सन 1907 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में हुआ था। लखनऊ घराने के प्रसिद्ध नर्तकों में उनका विशिष्ट स्थान रहा है। नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 'नृत्य सम्राट' की उपाधि से विभूषित किया गया था।

शंभू महाराज नृत्य को लय से अधिक भाव-प्रधान के महत्त्व को स्वीकार करते थे। उनकी मान्यता थी कि- भाव-विहीन लय-ताल प्रधान नृत्य मात्र एक चमत्कारपूर्ण तमाशा हो सकता है, नृत्य नहीं हो सकता।

नृत्य कौशल के प्रदर्शन में शंभू महाराज शोक, आशा, निराशा, क्रोध, प्रेम, घृणा आदि भावों को चमत्कारपूर्ण दिखाते थे। बहुत-से प्राचीन बोल, परण तथा टुकड़े उन्हें कंठस्थ थे। गायन में ठुमरी के साथ दादरा, गजल व भजन भी बड़ी तन्मयता से श्रोताओं को सुनाते थे। शंभू महाराज को 1967 में 'संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप' से तथा 1956 में 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था।



कविता

### शिकवा कैसा ?

अनंत ज्ञान

उदयवीर भारद्वाज, मंदिर मार्ग कांगड़ा, मोबाइल 9418187726

धरती का स्वर्ग बना नरक, शिकवा कैसा किसी से
तोड़ी न गई चुपियां, पद रुतबे की चाहत
लूट रही अमनो चैन, विरोध के विरोध का चलन
वर्ग जाति भेद की धारा, समझ से परे कैसी चली हवा
अमावस की रात, चांद चुराए कौन
टूटते चरमराते ये शहर, झूठ छल फरेब का हो रहा अभिषेक
नुचती मरती बच्चियां, राजनीति हुई बेशर्म
शब्दों की आंच पर, वैमनस्य का उबलना
होती विरोध रैलियां, कैंडल मार्च का हो गया चलन
शिकवा कैसा किसी से, तोड़ी न गई चुपियां
सताने वाले भी अपने, जलाने वाले भी अपने
धरती का स्वर्ग बना नरक

# शिक्षक और शिक्षण पर गंभीर समाज की दिग्भ्रमित सोच

माना बदलाव सुरक्षित परिवेश की सुरक्षा में सोच के प्रभाव का असर है, लेकिन क्या बदलाव की यह रीत समाज को दीर्घकालिक परिणाम में सुरक्षित माहौल दे रही है या सिर्फ प्रयोग पर प्रयोग ही परिणाम की पराकाष्ठा है या यूं ही समाज को अंधेरे में धकेल रहा है। यह सोचने का विषय है।



रीना भारद्वाज
रोहडू (जांगला)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सोचेंगे कौन, किसकी जिम्मेदारी ? क्या कानून की धारा में प्रमुख भूमिका निभाने वाले, समाज के प्रथम जवाबदेह आईएएस अधिकारी या फिर नेतागिरी में अग्रिम भूमिका निभाने वाले विभाग के शिखर में बैठे नेतागण। यदि ऐसा सोच रहे हैं तो गलत है जनाब, क्योंकि आईएएस अधिकारी कमरे में बैठकर शायद विवेचना भी करते होंगे या हर सरल से सरल समस्या का भी विश्लेषण कर परिभाषित करते होंगे व मूल में बैठी हर समस्या को समझने का प्रयास करते होंगे लेकिन प्रश्न है, क्या वह हर समस्या को सटीकता से विश्लेषण कर पाते होंगे, क्योंकि जो फील्ड में जाकर स्वयं उस समस्या से झूझकर विश्लेषण कर पाता होगा, वह बंद कमरे में बैठे अधिकारी शायद ही कर पाएं। इसलिए समस्या को सोचने व समझने की जिम्मेदारी जनमानस की भी है, जिसमें समाज का हर वर्ग आता है। कहां, क्या, क्यों, कैसे पर पैनी नजर आमजन की भी हो सकती है, लेकिन बड़ते सोशल मीडिया ने तो यह बता दिया कि जुवां मिली है, जो जिसकी मर्जी में आए, वह कहें। दुर्भाग्यपूर्ण रोष की रोषता में रोष भी गुस्से से लाल पीला होता हुआ नजर आता है। यही रोष सोशल मीडिया की छाती पर एक अध्यापिका द्वारा छोटे बच्चे को बिच्छू बूटी से पीटते हुए देखकर अंगारे बरसाते हुए दिख रहा था। ऐसे लग रहा था मानो ज्ञान की पराकाष्ठा में सोशल मीडिया के यह धुरंधर ज्ञान के खेल में परिपक्व हैं व सोशल मीडिया में धनुष बाण चलाने की क्षमता इनमें ही हैं व अपने आपको इस तरह दिखा रहे हैं जैसे इनसे ज्यादा सत्य पथगामी और कोई नहीं, भूल तो भूल बनकर भी भूल से इनकी जिंदगी में आई न हो, बस यह तो धर्म के रथ पर विराजमान दिव्यता के भंडार हों।

माना सबको बोलने की आजादी है पर मुख है तो, कुछ भी बोलोगे। अरे ज्ञान है तो अपने ज्ञान का पूर्ण भान भी कर लें। ज्ञान बड़बोलापन नहीं, बल्कि जिंदगी की हर हकीकत को संतुलित रूप से जानने का नाम ही असल ज्ञान है। सबने देखा, एक अध्यापिका षड्यंत्रकारी की तरह एक बच्चे को उस बिच्छू बूटी से पीट रही है



जो हम सबने शायद अपने बचपन में खाने की मेज से लेकर रात को सोने तक अपने माता-पिता के हाथ में डराव के रूप में देखी है लेकिन एक अध्यापक जो बच्चे के साथ कक्षा कक्ष में जब ज्ञान रूपी दीप जला रहा होता है तो वह शिक्षण रूपी कार्य को नहीं कर रहा होता, बल्कि बच्चे के मानसिक पटल को पढ़कर यह जानने का प्रयास कर रहा होता है कि वह जिंदगी में समाज को संपूर्ण रूप में क्या देने में सक्षम है। जब उसे लगता है वह धुरी से अलग जा रहा है तो वह उसके मन पटल को बार बार पटरी पर लाने का प्रयास करता है।

वह सिर्फ विषय संगत परिपक्वता बच्चे में नहीं देखता, बल्कि वह जिंदगी के थपेड़े पड़ने पर खुद को किस विषय की ओर मोड़ेगा, यह जानने का प्रयास करता है। जब उसे लगता है कि बच्चा कंसट्रक्टिव माइंड की जगह बार बार समझाने के प्रयास के बावजूद डिसट्रक्टिव माइंड को गहनता से, रुचि से खुद में समा रहा है तो वह अपने सहयोगियों से उसके बारे में उनके विचार जानने का प्रयास करता है कि बच्चा किस दिशा की ओर जा रहा है। तब सामूहिक रूप से सभी अध्यापक उसे समाज के लिए उपयोगी बनाने का प्रयास करते हैं। यह है वास्तविक विद्यालय शिक्षण प्रकिया का खूबसूरत हिस्सा जहां बच्चे को पैसे कमाने की मशीन न बनाकर, मानवीय गुणों का प्रकाशवान समृद्ध वृक्ष बनाया जाए जिसकी छाया में समाज रूपी भूमि सुकून पा सके, पर अफसोस, न ही समाज, न ही अधिकारी, न ही सरकारें कभी अध्यापक के इस मानवीय गुणों से भरपूर वृक्ष को महत्व दे पाई और न ही खुद समझ पाई।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी आवश्यकता उस दृष्टिकोण की है जो किसी घटना को केवल सतही रूप से न देखकर उसके मूल कारणों को समझे। समाज में अब यह प्रवृत्ति गहराई तक घर कर चुकी है कि कोई भी घटना होते ही लोग न्यायाधीश बन बैठते हैं, निर्णय सुना देते हैं और सोशल मीडिया पर उसे सत्य घोषित कर देते हैं, परंतु सत्य हमेशा प्रत्यक्ष नहीं होता।

यदि किसी शिक्षक की नीयत सुधार की है, तो उसे अपराधी की तरह प्रस्तुत करना न्याय नहीं। अध्यापन का कार्य केवल विषय-ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि वह एक नैतिक प्रक्रिया है, जिसमें शिक्षक अपने अनुभव, संस्कार और संवेदना के आधार पर विद्यार्थी के भविष्य को आकार देता है।

यही कारण है कि प्राचीन काल में गुरु शब्द का अर्थ केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि जीवनदाता माना गया था। जरूरत इस बात की है कि शिक्षा से जुड़े हर व्यक्ति-चाहे वह नीति-निर्माता हो, अभिभावक हो या समाज का कोई भी सदस्य-शिक्षक की भूमिका और उसकी परिस्थिति को समझे। यदि शिक्षक से गलती होती भी है, तो उसकी मंशा का विश्लेषण आवश्यक है। दंड से पहले संवाद और समझ जरूरी है, क्योंकि जब हम किसी शिक्षक का मनोबल तोड़ते हैं, तो दरअसल हम अपने भविष्य की जड़ों को कमजोर करते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# समाज में बदलते रिश्तों की सच्चाई- भारतीय संस्कृति के दर्पण में

भारतीय संस्कृति के इस गहन चिंतन को आगे बढ़ाते हुए यह समझना आवश्यक है कि आधुनिक युग में जहां जीवन की रफ्तार बढ़ी है, वहीं रिश्तों की गहराई घटती जा रही है। हमारी प्राथमिकताएं बदल गई हैं-पहले परिवार जीवन का केंद्र था, अब करियर और सामाजिक प्रतिष्ठा ने उस स्थान को ग्रहण कर लिया है लेकिन इतिहास गवाह है कि जब भी किसी समाज ने अपने पारिवारिक मूल्यों की अनदेखी की है, उसकी जड़ें कमजोर हो गई हैं।



हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज का युवा वर्ग आत्मनिर्भर है, आत्मविश्वासी है, परंतु कहीं न कहीं भावनात्मक रूप से अकेला भी है। प्रेम के स्थान पर अपेक्षाएं और संवाद के स्थान पर तर्क ने जगह ले ली है। रिश्ते अब भावनाओं की बजाय परिस्थितियों पर आधारित दिखाई देते हैं। यह परिवर्तन केवल शहरी जीवन की देन नहीं, बल्कि हमारी मानसिक संरचना के बदलने का संकेत है। जब हम सुविधा को संवेदना पर प्राथमिकता देते हैं, तो संबंध अपने आप बोझ बन जाते हैं।

भारतीय संस्कृति में गृहस्थ जीवन को केवल सामाजिक व्यवस्था नहीं, बल्कि तपस्या कहा गया है। 'अग्नि' को साक्षी बनाकर लिए गए विवाह-संस्कार का अर्थ यही है कि जीवन के हर उतार-चढ़ाव में दोनों साथी एक-दूसरे का सहारा बनें, परंतु आज विवाह का अर्थ अनेक लोगों के लिए केवल सामाजिक स्वीकृति भर रह गया है। उसमें धैर्य, त्याग और समर्पण जैसे तत्व क्षीण होते जा रहे हैं। यही कारण है कि आज तलाक और अलगाव के मामले बढ़ते जा रहे हैं, परंतु समाधान केवल कानून या सामाजिक व्यवस्था से नहीं निकलेगा। इसका मूल उपचार है आत्ममंथन। हमें यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी संबंध परिपूर्ण नहीं होता। मतभेद जीवन का हिस्सा हैं, पर मनभेद विनाश का। जब दो लोग मिलते हैं, तो उनके विचार, संस्कार और इच्छाएं भिन्न होती हैं, पर उद्देश्य



एक होना चाहिए साथ चलना। आधुनिक मनोविज्ञान भी यही कहता है कि किसी भी संबंध का आधार केवल प्रेम नहीं, बल्कि सुनने की कला है। जब कोई व्यक्ति बिना आलोचना के सुना जाता है, तो उसके भीतर का तनाव अपने आप घट जाता है। संवाद ऐसा तत्व है जो भारतीय दांपत्य संस्कृति का मूल रहा है। सुनना यहां केवल कानों से नहीं, हृदय से होता था। जरूरत इस बात की है कि हम पुनः संवाद की संस्कृति को जीवित करें। पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं, सहयोगी बनें। माता-पिता अपने बच्चों को केवल सफलता नहीं, बल्कि संवेदना सिखाएं। बच्चों को यह बताना आवश्यक है कि संबंधों की सुंदरता सही होने में नहीं, समझने में है।

ही, यह भी याद रखना होगा कि समानता का अर्थ समान भूमिका नहीं होता। भारतीय संस्कृति में सदा से पुरुष और स्त्री को अलग-अलग शक्तियों के रूप में देखा गया है- शिव और शक्ति। दोनों का अस्तित्व एक-दूसरे के बिना अधूरा है। जब यह संतुलन बिगड़ता है, तो जीवन की लय भी टूट जाती है। आज यह संतुलन पुनर्स्थापित करना सबसे बड़ी चुनौती है। पुरुषों को अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने की स्वतंत्रता देनी होगी और स्त्रियों को अपनी शक्ति को करुणा के साथ प्रयोग करने की समझ।

यह कोई लिंग संघर्ष नहीं, बल्कि भावनात्मक सामंजस्य का प्रश्न है। हमारे समाज को यह पुनः याद करना होगा कि शक्ति और संस्कार का संगम ही भारतीय संस्कृति की पहचान रहा है। जब दोनों में संतुलन होता है, तभी परिवार खुशहाल और समाज स्थिर रहता है। आधुनिकता और परंपरा में विरोध नहीं, बल्कि संयोजन का रिश्ता है। आवश्यकता है केवल दिशा की कि हम प्रगति करें, पर अपनी जड़ों से जुड़े रहें।

रिश्तों में स्थायित्व लाने के लिए केवल तकनीक या सुविधा नहीं, बल्कि संवेदनशीलता की जरूरत है। घर तभी घर है जब वहां समझने वाले लोग हों, न कि केवल बातें करने वाले। जब कोई व्यक्ति अपने प्रिय को उसकी कमजोरी समेत स्वीकार कर ले, तभी सच्चा संबंध बनता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# त्रासदियों ने सिखाया सबक, पुनर्निर्माण से पहले पुनर्विचार की आवश्यकता

निस्संदेह, हिमाचल प्रदेश की हालिया प्राकृतिक आपदाएं केवल एक क्षेत्र विशेष की त्रासदी नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक गहरी चेतावनी हैं। एक ऐसी चेतावनी जो हमें बार-बार यह याद दिला रही है कि हमने प्रकृति के संतुलन के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसका परिणाम अब हमारे सामने है।



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

2023 और 2025 के दौरान आई भीषण वर्षा, बादल फटना और भूस्खलन की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिमालयी पारिस्थितिकी कितनी नाजुक है। लगातार सड़कों का चौड़ीकरण, नदी-घाटियों में हो रहा अवैज्ञानिक निर्माण, और खनन माफियाओं की सक्रियता ने प्रकृति के धैर्य को समाप्त कर दिया है। जिस धरती ने सदियों से हमें सहारा दिया, वही आज हमारे अस्तित्व को चुनौती दे रही है।

हिमालय केवल एक पर्वत श्रृंखला नहीं है, यह करोड़ों लोगों के जीवन की आधारशिला है । जब हम इसके प्राकृतिक स्वरूप में अविवेकपूर्ण हस्तक्षेप करते हैं, तो यह विनाश के रूप में उत्तर देता है। भूस्खलन, सड़कों का धंसना, नदियों का उफान पर आना-यह सब केवल 'प्राकृतिक आपदाएं' नहीं हैं, बल्कि मानवजनित संकट हैं। वैज्ञानिक बार-बार चेतावनी देते रहे हैं कि हिमालयी भूभाग अत्यंत संवेदनशील है, और यहां किसी भी बड़े पैमाने पर निर्माण या खनन गतिविधि का परिणाम गंभीर हो सकता है, परंतु विकास की अंधी दौड़ में हमने इन चेतावनियों को अनसुना कर दिया। आज जब हम देखते हैं कि पूरी की पूरी पहाड़ी बस्तियां धराशायी हो रही हैं, तो सवाल यह उठता है कि विकास की यह कीमत क्या उचित है ? क्या सड़कें, सुरंगें और बांध हमारे जीवन से अधिक महत्वपूर्ण हैं ? विकास का अर्थ केवल कंक्रीट के ढांचे खड़े करना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण देना भी है। यदि आधुनिकता के नाम पर हम प्रकृति की नींव को ही खोखला कर देंगे, तो यह विकास नहीं, विनाश का मार्ग है। हिमाचल प्रदेश में हो रही लगातार त्रासदियां



यह दर्शाती हैं कि अब समय केवल शोक या सहायता का नहीं, बल्कि सुधार का है। राज्य और केंद्र सरकारों को मिलकर इस संवेदनशील पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए ठोस नीति बनानी होगी। सस्टेनेबल डेवलपमेंट अर्थात् ऐसा विकास जो प्रकृति के संतुलन को बनाए रखे-अब कोई वैकल्पिक विषय नहीं, बल्कि अस्तित्व की आवश्यकता है।

वनों के अंधाधुंध कटान को रोकना, अवैध खनन पर कठोर नियंत्रण लगाना, पहाड़ी इलाकों में निर्माण गतिविधियों के लिए वैज्ञानिक आकलन को अनिवार्य बनाना- यह सब नीतिगत प्राथमिकताएं बननी चाहिए। इसके साथ ही स्थानीय समुदायों को भी जागरूक और सहभागी बनाया जाए, क्योंकि जब तक जनता स्वयं अपने परिवेश की रक्षा के लिए सजग नहीं होगी, तब तक कोई नीति कारगर नहीं हो सकती।

यह भी आवश्यक है कि स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण शिक्षा को केवल एक विषय न बनाकर एक जीवनदर्शन के रूप में प्रस्तुत किया जाए। आने वाली पीढ़ियों को यह समझाना होगा कि प्रकृति हमारी संपत्ति नहीं, हमारी संरक्षक है। यदि हम उसका आदर नहीं करेंगे, तो वह भी हमें अपने मार्ग से हटा देगी।

भारत मौसम विभाग, भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को संयुक्त रूप से ऐसे मॉडल तैयार करने चाहिए जो संवेदनशील क्षेत्रों में पहले से चेतावनी दे सकें। स्थानीय प्रशासन को भी आपदा प्रबंधन की तैयारी में प्रशिक्षित किया जाए ताकि किसी भी विपदा के समय राहत और बचाव कार्य शीघ्र शुरू हो सके। हिमाचल प्रदेश की त्रासदियों ने यह भी सिखाया है कि हमें पुनर्निर्माण से पहले पुनर्विचार की आवश्यकता है। जो क्षेत्र बार-बार भूस्खलन या जलप्रलय की चपेट में आते हैं, वहां स्थायी बसावट या भारी निर्माण कार्य वर्जित किए जाने चाहिए।

यदि हम नहीं सुधरे, तो आने वाले वर्षों में देवभूमि केवल इतिहास का शब्द बनकर रह जाएगी। पर यदि हम अपनी दिशा सुधार लें जैसे- वैज्ञानिक दृष्टिकोण, पर्यावरणीय संतुलन और मानवीय संवेदना के साथ आगे बढ़ें-तो यही धरती फिर से अपनी हरियाली और जीवनदायिनी ऊर्जा से भर उठेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गुरु नानक देव जी मानवता, करुणा और समानता के साकार स्वरूप

गुरु नानक देव जी का जीवन केवल धार्मिक या आध्यात्मिक नहीं, बल्कि मानवता की एक अद्‌भुत मिसाल है। उन्होंने जिस समय जन्म लिया, उस कालखंड में समाज जाति, धर्म, ऊंच-नीच और अंधविश्वास की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। हिंदू-मुसलमान के नाम पर लोगों के बीच दीवारें खड़ी थीं, स्त्रियों को अधिकारहीन माना जाता था और सत्य की खोज को केवल कर्मकांडों में सीमित कर दिया गया था। ऐसे समय में गुरु नानक देव जी ने जो संदेश दिया, वह युगों-युगों तक प्रासंगिक रहेगा-ना कोई हिंदू, ना कोई मुसलमान, सब ईश्वर की संतान हैं।



डॉ. कमल के प्यासा
स्वतंत्र लेखक, समखेतर (मंडी)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

गुरु नानक देव जी का संपूर्ण जीवन मानवता, समानता और सत्य के प्रचार में समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि ईश्वर एक है 'एक ओंकार सतनाम' और वही हर जीव के भीतर विद्यमान है। इसी कारण उन्होंने यह सिखाया कि किसी व्यक्ति को उसकी जाति, धर्म, भाषा या वेशभूषा के आधार पर नहीं, बल्कि उसके कर्म और हृदय की पवित्रता से परखा जाना चाहिए। उन्होंने संसार को कर्मयोग, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके तीन प्रमुख उपदेश -'नाम जपो', 'किरत करो' और 'वंड छको' आज भी मानव समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। अर्थात् ईश्वर का नाम स्मरण करो, ईमानदारी से मेहनत करो और जो भी प्राप्त हो उसे दूसरों के साथ बांटो।

गुरु नानक देव जी ने अपने जीवनकाल में सामाजिक अन्याय, रूढ़िवादिता और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई। वे कहते थे कि अगर कोई व्यक्ति दिन-रात पूजा-पाठ में लीन है, परंतु उसके मन में दंभ, लालच और अहंकार है, तो उसका भक्ति करना निरर्थक है। सच्ची भक्ति वही है जो सेवा और करुणा में प्रकट होती है। उन्होंने लंगर की परंपरा शुरू की, ताकि सभी लोग बिना भेदभाव के एक ही थाल में बैठकर भोजन कर सकें। यह परंपरा आज भी समानता और एकता का सर्वोत्तम प्रतीक मानी जाती है। उनके प्रवचनों



में मानवता के प्रति गहरी करुणा झलकती है। वे कहते थे कि मनुष्य को धर्म की रक्षा करनी चाहिए, परंतु धर्म के नाम पर किसी का अपमान या उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। गुरु नानक देव जी ने अपने अनुयायियों को यह सिखाया कि 'जिसने ईश्वर से प्रेम किया, उसने उसके हर प्राणी से प्रेम किया।' यही कारण है कि उनकी शिक्षाएं केवल सिख धर्म तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणा बन गईं।

गुरु जी की यात्राओं के दौरान उन्होंने अनेक संस्कृतियों, भाषाओं और समाजों को देखा। मक्का में जब उन्होंने सोते हुए अपने पैर काबा की दिशा में कर लिए थे और किसी ने उन्हें टोक दिया, तो उन्होंने शांत स्वर में कहा, 'भाई, मेरे पैर उस दिशा में कर दो जहां ईश्वर न हो।' यह कथन केवल एक उत्तर नहीं, बल्कि एक दार्शनिक उद्घोष था कि परमात्मा सर्वत्र है, वह किसी एक स्थान या रूप में सीमित नहीं।

उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा धर्म केवल बाहरी कर्मकांड नहीं, बल्कि भीतर की पवित्रता और निष्कपट सेवा में निहित है। गुरु जी ने भिक्षा मांगने के बजाय श्रम को प्राथमिकता दी और अपने अनुयायियों को श्रम और सेवा का महत्व बताया। वे कहते थे कि 'हाथ से काम करना और मन से प्रभु का स्मरण करना ही सर्वोच्च पूजा है।'

आज जब हमारा समाज फिर से धर्म, भाषा, जाति और विचारधाराओं के नाम पर विभाजित हो रहा है, तब गुरु नानक देव जी का यह संदेश पहले से कहीं अधिक आवश्यक प्रतीत होता है। उनकी वाणी हमें एकजुट करती है, क्योंकि वे कहते थे-'सब में जोत, जोत है सोई; तिस का चानन सब में होई।' अर्थात् हर व्यक्ति में एक ही दिव्य प्रकाश है, कोई बड़ा या छोटा नहीं। गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## धंग्यारा गलु के पास कार-बाइक की टक्कर; युवक की मौत, दूसरा घायल


धंग्यारा गलु के पास कार व बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई।

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** गोहर उपमंडल के धंग्यारा गलु के पास सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा पेश आया, जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रवि कुमार (20) पुत्र मुरारी लाल, निवासी मठयाना (देवीदड़) के रूप में हुई है। वह अपने रोजमर्रा के कार्य से सुंदरनगर जा रहा था। जैसे ही वह धंग्यारा गलु के पास पहुंचा, सामने से आ रही कार से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रवि ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इकलौते बेटे की अचानक मौत से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है पूरे इलाके में हादसे की खबर आग की तरह फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा घटा। हादसे की सूचना मिलते ही गोहर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

# अपनी भाषा-बोली के संरक्षण में शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका जरूरी : अपूर्व देवगन

### जिलास्तरीय भाषण, निबंध, पहेलियां एवं लोकोक्तियां-मुहावरे प्रतियोगिताएं आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अपनी भाषा बोली के संरक्षण में शैक्षणिक संस्थाओं का का अहम योगदान होना चाहिए। भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से संस्कृति संदन कांगणीधार में पहाड़ी सप्ताह के अंतर्गत जिला स्तरीय भाषण, निबंध, पहेलियां, लोकोक्तियां-मुहावरे विषयों पर स्कूली बच्चों की जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन बतौर मुख्यअतिथि मौजूद रहे। उन्होंने विजेताओं को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से हर वर्ष पहाड़ी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से एक से सात नवंबर तक पहाड़ी सम्ताह का आयोजन किया जाता है। जिसमें विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा नई पीढ़ी में अपनी भाषा एवं बोली के प्रति संस्कार विकसित करने के उददेश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



जिलास्तरीय निबंध, भाषण, पहेलियां व मुहावरे प्रतियोगिताओं के विजेता मुख्यातिथि के साथ।

इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि विभाग की ओर से एक से सात नवंबर तक पहाड़ी सप्ताह मनाया जाता है। इसी के अंतर्गत पहाड़ी कवि सम्मेलन और स्कूली बच्चों की जिला स्तरीय भाषण, निबंध, पहेलियां, लोकोक्तियां -मुहावरे पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के हिंदी व पहाड़ी के वरिष्ठ साहित्यकारों जगदीश कपूर, हरिप्रिया शर्मा, मुरारी शर्मा, कृष्णचंद्र महादेविया और लोकगायिका कृष्णा ठाकुर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद स्कूल रामनगर की यामिनी शर्मा प्रथम, तल्याहड़ स्कूल की गुंजन सेन द्वितीय और जरल स्कूल की हर्षा कुमारी तीसरे स्थान पर रही। पहेली लेखन प्रतियोगिता में सरस्वती विद्याा मंदिर महाजन बाजार मंडी की एंजल पटियाल प्रथम, रावमापा तल्याहड़ का अनुज दूसरे और पीएमश्री कन्या पाठशाला की काव्या शर्मा तीसरे स्थान पर रही। निबंध लेखन में राजकीय वरिष्ठ माश्यमिक पाठशाला गागल की नंदिनी यादव प्रथम, रावमापा मौवीसेरी की पूनम ठाकुर दूसरे और राजकीय उच्च विद्यालय सिहली का अंशिक तीसरे स्थान पर रहा। जबकि लोकोक्तियां-मुहावरे लेखन प्रतियोगिता में पीएमश्री कन्यापाठशाला मंडी की आंचल शर्मा प्रथम, रावमापा जरल का दुष्यंत दूसरे और स्वामी विवेकानंद स्कूल रामनगर की मेघा तीसरे स्थान पर रही।

## धर्मपुर के कर्नल तेजेंद्र सिंह हुए शहीद, कश्मीर जाते चंडीगढ़ में हार्ट अटैक से हुआ निधन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट ।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले कर्नल तेजेंद्र सिंह 50 वर्ष की उम्र में शहीद हो गए। उनका कश्मीर जाते वक्त चंडीगढ़ में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह पत्नी और बच्चों सहित पठानकोट में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए थे। वहां से ट्रेन द्वारा कश्मीर रवाना होने के लिए दिल्ली हवाई अड्डे के लिए वापस जा रहे थे कि चंडीगढ़ में उन्हें हार्ट अटैक आ गया। उनकी शहादत की खबर सुनकर सरकाघाट और धर्मपुर में हर कोई गमगीन हो गया है। कर्नल तेजिंदर सिंह लौंगनी पंचायत के त्रैंबला गांव से संबंध रखते थे। उनके पिता राष्ट्रीय स्वयंसेवक के अलावा प्रदेश संघ चारक के साथ-साथ आर्मी से खुद रिटायर्ड कर्नल रहे हैं।



तेजिंदर सिंह कुमाऊं में आरआर रेजिमेंट में डिप्टी ब्रिगेड कमांडर तैनात हैं। उनका पार्थिव शरीर देर रात उनके पैतृक गांव पहुंच जाएगा। मंगवार सुबह शिवद्वाला श्मशानघाट पर राजकीय और सैन्य सम्मान सहित अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नरोला गांव में महाशिवपुराण कथा आज से

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपमंडल बलदवाड़ा के अंतर्गत आने वाले गांव नरोला में 4 नवंबर से भागवत महाशिवपुराण कथा का शुभारंभ हुआ है। यह धार्मिक आयोजन गांव की स्थानीय निवासी उर्मिला देवी पत्नी स्वर्गीय गांधी द्वारा कराया जा रहा है। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक श्री आचार्य जितेंद्र द्वारा किया जा रहा है। यह आयोजन 9 नवंबर को भंडारे के साथ संपन्न होगा। यह जानकारी कैप्टन जगदीश वर्मा ने दी।

### नशे के खिलाफ शुरू होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** द ग्रेट हिमालयन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 14 से 16 नवंबर तक चंडीगढ़ में करवाया जा रहा है। जिसमें 8 टीमें के 130 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता को करवाना का मकसद युवाओं को नशे से दूर रखने और नशे की खिलाफ जागरूक करना है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के अलग-अलग हिस्से से 8 टीमें भाग लेंगी। जिसमें हिमालयन होक्स, न्यू लाइफ लाइन हिमाचल प्रदेश, हेल्थ यूनाइटेड, बाल ब्रदर्स कुल्लू, हेल्थ इलेवन, हेल्थ वॉरियर, ब्रदर वॉरियर और हिमाचल स्नो लेपर्ड्स भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता के संचालक डॉ अनूप कुमार, डॉ संदीप नेगी, डॉ सुमित शर्मा, आनंद कागरा, सचिन शर्मा ने मीडिया से बात करते हुआ बताया कि ये प्रतियोगिता का चौथा सीजन है इससे पहले तीन सीजन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए थे। इस प्रतियोगिता का मकसद युवाओं को नशे से दूर रखना एवं खेलों की तरफ जागरूक करना है।

### टीजीटी आर्ट्स पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र हो शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सीएंडवी अध्यापकों ने लंबे समय से लंबित टीजीटी आर्ट्स पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने की मांग सरकार और शिक्षा विभाग से की है। अध्यापक मनोहर लाल, हुक्म चंद, सुरेश कुमार, संजीव कुमार, हेमंत कुमार और अजय शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों से पदोन्नति नहीं होने से शिक्षकों में गहरा असंतोष है। उनका कहना है कि कई बार दस्तावेज मांगे गए, पर पैनल निर्माण की प्रक्रिया हर बार टल जाती है। इस वर्ष भी 5 सितंबर 2025 की अंतिम तिथि बीत जाने के बाद कोई कदम नहीं उठाया गया। शिक्षकों ने मांग की है कि योग्य व टीईटी उत्तीर्ण अध्यापकों का पैनल शीघ्र तैयार कर पदोन्नति सूची जारी की जाए। उन्होंने कहा कि देरी से शिक्षकों का मनोबल प्रभावित हो रहा है और शिक्षा व्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।

### उत्कर्ष चौधरी को फिर मिली अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** भाजपा ने संगठनात्मक जिला सुन्दरनगर से उत्कर्ष चौधरी को एक बार पुनः भाजयुमो का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है जिससे कार्यकर्त्ताओं में खुशी की लहर है। उत्कर्ष चौधरी नाचन विधानसभा क्षेत्र की महादेव पंचायत से ताल्लुक रखते हैं तथा कंप्यूटर साइंस अभियांत्रिकी में स्नातक डिग्री से शिक्षित हैं। वे पूर्व में जिला युवा मोर्चा कार्यकारणी के सदस्य,कार्यालय मंत्री व सचिव रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षित हैं। उत्कर्ष ने अपनी ताजपोशी पर नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक सुन्दरनगर राकेश जमवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक नाचन विनोद कुमार , विधायक सरकाघाट दिलीप, भाजपा की पूर्व प्रत्याशी रजत व जिला अध्यक्ष हीरा लाल व महामंत्री सोहन सिंह ठाकुर व ओम प्रकाश तथा भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष डॉ सन्नी शुक्ला का आभार प्रकट किया है।

### खुदर में एक दिवसीय किशोरी मेला आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** खुदर स्कूल में सोमवार को एक दिवसीय किशोरी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा ठाकुर ने की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने उपस्थित छात्राओं को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ ', पर्यावरण संरक्षण व लिंगानुपात में आ रही गिरावट' जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर वृत्त पर्यवेक्षिका अनीता देवी, अध्यापिकाएं किरण बाल, रेणु सैनी, पूनम ठाकुर सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी किशोरियों को रिफ्रेशमेंट भी वितरित की गई।

### बिहार में भी झूठे वादे कर रही कांग्रेस: निहाल चंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आने के लिए जनता को झूठी गारंटियों का लालच देकर ठगा था। महिलाओं को ₹1500 देने, बेरोजगारों को 5 लाख रोजगार और कर्मचारियों की समस्याओं को सुलझाने के वादे केवल सत्ता हासिल करने का साधन थे। कांग्रेस सरकार ने इन वादों में से एक भी पूरा नहीं किया और प्रदेश की जनता को निराश किया है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू बिहार जाकर वही पुराना ढर्रा दोहरा रहे हैं और वहां की जनता को भी झूठे सपनों और गारंटियों के जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता कांग्रेस के झांसे में नहीं आएगी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की नीतियों से हर वर्ग दुखी है, और अब बिहार में भी कांग्रेस ऐसी ही गलतबयानी कर रही है।

### पधर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पधर में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य घनश्याम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रांगण में आयोजित उद्घाटन समारोह में स्वयंसेवक छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि घनश्याम ठाकुर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस शिविर छात्रों में अनुशासन, सहयोग भावना और नेतृत्व कौशल विकसित करने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने कर्तव्यों एवं शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित ठाकुर ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिविर से जुड़ी गतिविधियों और उसके उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों दिग्विजय महंत और लज्जा कुमारी ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में कुल 59 स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं भाग ले रही हैं।

## सराज भाजपा में नहीं चल रहा सब ठीक, वरिष्ठ नेताओं ने मनमानी नियुक्तियों व वित्तीय गड़बड़ियों के लगाए आरोप

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** सराज भाजपा में इन दिनों 'सब' ठीक नहीं चल रहा है। बालीचौकी क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के उठ रहे विरोधी स्वरों के बीच अब सराज की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले छतरी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस करवाकर स्थानीय नेतृत्व पर न केवल गंभीर आरोप लगाए, बल्कि जाने अनजाने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा दिए।

इस दौरान पूर्व प्रधान और वरिष्ठ भाजपा नेता सीता राम चौहान ने जंजैहली भाजपा मंडल के अध्यक्ष भीष्म ठाकुर, जोधवीर सिंह एवं महिला नेत्री चन्द्रावती पर संगठन में मनमानी नियुक्ति करने के आरोप लगाए। सीताराम ने कहा कि नई नियुक्ति में एक कांग्रेस विचारधारा वाले व्यक्ति को महासचिव तक बना डाला गया। इसके अलावा यह भी कहा गया कि इन नेताओं ने जयराम ठाकुर की वज़ह से काफी धन कमाया लेकिन उसके बावजूद भी प्रधानमंत्री मोदी की पूर्व में हुई रैलियों एवं त्रिदेव सम्मेलन के किराए के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार के समय कुछ लोगों ने मनमर्जी से टेंडर लगवाए और अधिकारियों से भी पैसे की उधारी की। इतना ही नहीं बल्कि जब उधारी की उगाही करने का प्रयास हुआ तो अधिकारियों को भ्रष्ट बता कर उनके तबादले भी किए गए। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय कुछ लोगों ने बिना काम किए पैसे कमाए। भाजपा नेताओं के इन आरोपों ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

वहीं दूसरी ओर सराज भाजपा में 80 के दशक से कार्य कर रहे पूर्व मंडल अध्यक्ष तुले राम चौहान ने भी वर्तमान भाजपा संगठन को घेरते हुए कहा कि कुछ लोगों ने भाजपा को जेबी संगठन बना कर रखा है और मनमर्जी से पदाधिकारियों की नियुक्ति कर रहे हैं। तुले राम चौहान ने कहा कि उन्हें उम्मीद है जयराम ठाकुर उनकी पीड़ा पर जरूर संज्ञान लेंगे।



### बालीचौकी में भी भाजपा में आंतरिक असंतोष बढ़ा

**छतरी** भाजपा के विरोधी सुरों से पूर्व बालीचौकी में भी भाजपा के कुछ लोग स्थानीय नेतृत्व पर सवाल उठा चुके हैं। ओबीसी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष वीरसिंह भारद्वाज ने तो जिला ओबीसी मोर्चा के सचिव पद को लेने तक से इंकार कर दिया है और कुछ अन्य कार्यकर्ताओं ने भी खुल कर सोशल मीडिया में अपनी नाराजगी जाहिर की है। बहरहाल सराज भाजपा के संगठनात्मक किले में चल रही इस हलचल को जयराम ठाकुर किस तरह शांत करते हैं, देखना दिलचस्प रहेगा।

## भाजपा मंडी जिला को करेगी और सशक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी मंडी जिला की बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी बलदेव भंडारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मंडी जिला में भाजपा को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का आह्वान किया और कहा कि भाजपा देश और समाज के हित में कार्य करने वाली पार्टी है। आज भाजपा देश की नंबर वन पार्टी है तो इसका श्रेय कार्यकर्ताओं की मेहनत को जाता है। प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार झूठ और धोखे की राजनीति कर रही है। मुख्यमंत्री की छवि आज हिमाचल में एक 'झूठे मुख्यमंत्री' के रूप में बन चुकी है, जिससे प्रदेश की साख पूरे देश में खराब हो रही है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सचिव प्रियंता ,प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर, जिला महामन्त्री माँचलि ठाकुर, करण कौंड्ल, जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, मंडी नगर निगम वीरेंद्र भट्ट, राहुल सेन आदि कार्यकर्ता रहे।

## कांग्रेस सरकार में भुगतान रुका, विकास कार्य ठप व ठेकेदार-मजदूर बेहाल : दिलीप

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के ठेकेदार पिछले ढाई वर्षों से अपने लंबित भुगतानों को लेकर सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं ठेकेदारों का कहना है कि विकास कार्यों में पैसा उन्होंने लगाया है लेकिन श्रेय सरकार ले रही है। सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि ठेकेदार इस समय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। विभागीय भुगतानों में देरी के कारण ठेकेदारों के पास अब उनका काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी देने तक के लिए पैसे नहीं हैं मजदूर दिनभर ईंट-पत्थर ढोकर, पसीना बहाकर शाम को घर लौटते हैं – पर रोटी के लिए अब उधार मांगना पड़ रहा है। बच्चों की फीस, बुजुर्गों की दवा, और घर का चूल्हा सब कुछ इस रुके हुए भुगतान की गिरफ्त में है।

यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है क्योंकि ठेकेदारों के साथ काम करने वाले अधिकांश मजदूर आर्थिक रूप से बहुत कमजोर वर्ग से आते हैं। भुगतान रुकने से उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में कठिनाई आ रही है। कुछ ठेकेदारों के टोकन लग चुके हैं जिससे जीएसटी भी लग गया है, ट्रेजरी में पैसा नहीं है लेकिन सरकार भुगतान नहीं कर रही है। ठेकेदारों के पास अब जीएसटी जमा करने के भी पैसे नहीं बचे हैं।

विधायक ने कहा कि जनता अब इस निकम्मी सरकार से छुटकारा चाहती है इन्होंने कहा कि जनता का हक छीना जा रहा है, योजनाओं को जानबूझकर रोका जा रहा है और ठेकेदारों को भुगतान न कर सड़कों पर लाया जा रहा है यही कांग्रेस सरकार की असली पहचान बन चुकी है। ठेकेदारों ने विकास कार्यों को पूरा करने के लिए बैंक से लोन लिया और गहने तक गिरवी रख दिए, उम्मीद थी कि सरकार भुगतान करेगी। लेकिन लंबे समय से बिल अटके हुए हैं। अब बैंक नोटिस भेज रहे हैं और उनका क्रेडिट रिकॉर्ड खराब हो रहा है, जिससे वे आर्थिक संकट में फंस गए है।

## खो-खो में सुंदरनगर बना चैंपियन


विजेता टीम को सम्मानित करते संघ के प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला खो-खो संघ मंडी द्वारा आयोजित सुंदरनगर के एमएलएसएम कालेज में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता संपन्न हो गई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी अजय शर्मा व विजय शर्मा ने किया। लड़कों के सीनियर वर्ग का फाइनल सुंदरनगर व बासा की टीम के मध्य खेला गया, जिसमें सुंदरनगर की टीम ने जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में सुंदरनगर व सिराज के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें सुंदरनगर की टीम विजेता रही। जूनियर के लड़कों के वर्ग में मलोह की टीम ने जोगिंदरनगर को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। वहीं लड़कियों के वर्ग में जोगिंदरनगर की टीम विजेता रही। जोगिंदरनगर की टीम ने फाइनल मैच में पधर की टीम को हराया। प्रतियोगिता के समापन पर हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ अध्यक्ष एवं मंडी जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला खो-खो संघ के महासचिव लक्ष्मी दत्त, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसवीर सिंह, उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा व हिमांशु राठौर, कर्म चंद व हरनाम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय को लेकर आगे बढ़ रही है सुक्खू सरकार: लाल सिंह

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय को लेकर आगे बढ़ रही है। जिसमें मुख्यमंत्री को कई कड़े निर्णय लेने पड़ रहे हैं। इन निर्णयों से मौजूदा स्थिति में आम जनता को कुछ परेशानी भी हो रही है। यह बात निदेशक राज्य सहकारी बैंक एवं नाचन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल सिंह कौशल ने कही। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रदेश का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है जिसमें प्रशासनिक अमला रात-दिन कार्य को आगे बढ़ा रहा है। लोक निर्माण विभाग साहित अन्य विभागों में हुए नुकसानों के सुधार और भरपाई के कार्यों को चरण वध ढंग से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का जिला मंडी में 11 नवंबर को एक कार्यक्रम होने जा रहा है जिसमें आपदा से हुए नुकसान से प्रभावित व्यक्तियों को राहत राशि वितरित करेंगे।

बल्ह विधान सभा क्षेत्र के कारोबारी युद्ध चंद्र बैंस ने पूर्व की भाजपा सरकार के साथ मिलकर नियमों को ताक पर रखकर व फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रुपए का ऋण लिया जिसे चुकता न करने पर ऋण की राशि कई करोड़ तक पहुंच गई है जिससे वे अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं व आए दिन मुख्यमंत्री के खिलाफ अनाप-शनाप बयान बाजी कर रहे हैं। लाल सिंह कौशल ने उन्हें नसीहत देते हुए कहा कि जो खाया है, जो भ्रष्टाचार किया है उसका पाई पाई आपको चुकाना होगा।

## माउंट मौर्य स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

### कर्नल सुनील ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत, छात्रों में दिखा उत्साह

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**



**जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर 2 एचपी बीएन एनसीसी मंडी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील भट्ट विशिष्ट सेना मेडल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने मुख्यातिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्कूल प्रबंधक मनोज ठाकुर, प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर, कॉर्डिनेटर प्रियंका भारद्वाज तथा उप प्रधानाचार्य इंदिरा ठाकुर ने मुख्यातिथि को बुके और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुई। मुख्य अतिथि कर्नल भट्ट ने मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। छात्रों को पूरे जोश और उत्साह से खेलों में भाग लेना चाहिए तथा खेल की भावना से खेलते हुए देश का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की भी अपील की। प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने कहा कि खेल छात्रों में एकता, अनुशासन, संगठन और परिश्रम जैसी गुणों को विकसित करते हैं। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में लगभग एक हजार छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के अंतर्गत 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो, लोंग जंप, हाई जंप, बैडमिंटन सहित विभिन्न खेल इवेंट्स आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन की प्रतियोगिताओं में जूनियर वॉलीबॉल में टीक हाउस ने सिल्वर ओक हाउस को हराकर जीत दर्ज की, जबकि सीनियर कबड्डी में सिल्वर ओक हाउस ने टीक हाउस पर विजय प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सबका मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

**आस्था** नगराओं गांव में स्थापित मशाणु देव, शमशानवासी देवता की अनोखी परंपरा

# न्याय देव मशाणु मंदिर: दिव्यता व आस्था का प्रतीक

**पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान**

**करसोग।** सुकेत रियासत की ऐतिहासिक नगरी पांगणा-सुकेत सृष्टि के आदिकाल की सांस्कृतिक रंगभूमि का विशिष्ट क्षेत्र रहा है जिसके दिग्दर्शन यहां के देवसमुदायों, मंदिरों और देव परम्पराओं में होते हैं। सुकेत संस्कृति साहित्य और जन-कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉक्टर हिमेंद्र बाली 'हिम' का कहना है कि ऐतिहासिक नगरी पांगणा के नगराओं गांव में न्याय देव मशाणु अपनी दैवीय शक्ति व पराक्रम के कारण आस्था के केंद्र में स्थित हैं।

मशाणु देव शमशानवासी है। इनकी संख्या 80 मानी जाती है। पूरे हिमाचल,उतरांचल और हिमालयी क्षेत्र में मसाणु देव की पूजा होती है। मशाणु कुचाली प्रवृति के हैं। परन्तु मुख्य देव या देवी के आधिपत्य में अनेकानेक आधि भौतिक और आधि दैविक कष्टों व संतापों का निवारण करते हैं। मान्यता है कि शमशान से गुजरते हुए यदि ठोकर लग जाए तो मशाणु देव व्यक्ति को उत्पीड़ित करते हैं।मशाणु देव दैहिक संताप और पीड़ा के नाशक माने जाते हैं। नकारात्मक कुचाली शक्तियों के दमन में,गोधन रक्षण व पोषण,अन्न-धन,वंश बृद्धि हेतु लोग मशाणु की अर्चना कर इन्हे प्रसन्न करते हैं। देव मशाणु न्याय के देव भी है। किसी व्यक्ति की आर्त प्रार्थना पर देव मशाण (मशाणु)उत्पीड़क व्यक्ति के संहार की क्षमता रखते हैं। मशाणु के मंदिर के अंतराल क्षेत्र के दोनों स्तम्भों पर लोहे के वृत (कड़ोले) और दरातियां कीलों पर अवलम्बित है। कड़ोले व दरातियां भक्तों द्वारा अभीष्ट फल की प्राप्ति के लिये अर्पित किये जाते हैं।


पांगणा के नगराओं गांव में स्थित प्राचीन न्याय देव मशाणु मंदिर।

नगराओं गांव के लक्ष्मण दास का कहना है कि नगराओ मे स्थापित मशाणु देव का मुख्य स्थान नित्थर के धनाह गांव में है।नगराओं में प्रतिष्ठित देव मशाणु को आज से लगभग डेढ-दो सौ वर्ष पूर्व मेरे नाना जालमराम जी के पिता नामुराम जी बुनकर द्वारा यहां लाया गया था। लक्ष्मण दास के नाना कुल्लू के बाहरी सराज क्षेत्र के आनी उपमण्डल के अंतर्गत मोईन गांव के निवासी थे। मोईन गांव सतलुज नदी के दायीं ओर अवस्थित गांव है जहां से उन्होने मशाणु देव को साथ लाकर पांगणा के नगराओं गांव में प्रतिष्ठित किया। मोईन से पांगणा के नगराओं गांव में मशाणु देव की प्रतिष्ठापना सुकेत की बाहरी सराज से सांस्कृतिक सम्बद्धता की परिचायक है।

### लोहे के कड़ोले और दरातियों से सजी हैं मंदिर की दीवारें

संस्कृति मर्मज्ञ डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि पांगणा की 'भण्डार की धार' की गोद में बसा नगराओं का मशाणु देव मंदिर, आकार में भले ही छोटा हो, लेकिन इसकी दिव्य शक्तियां और आस्था का प्रभाव बहुत असाधारण है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां आने व दर्शन मात्र से मन की शांति और आत्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है।

## 7 को दलित उत्पीड़न के खिलाफ मंडी में गठित होगा शोषण मुक्ति मंच : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश में दलितों पर बढ़ते अत्याचार, भेदभाव, उत्पीड़न, हिंसा, छुआछूत और अन्य सामाजिक भेदभाव के खिलाफ एकजुट आवाज उठाने तथा दलितों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए गत 16 अक्तूबर को शिमला के कालीवाड़ी हाल में राज्य स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया गया था, जिसमें सैकड़ों लोगों और दर्जनों दलित संगठनों ने भाग लिया।

सम्मेलन में शोषण मुक्ति मंच का गठन किया गया जिसने 17 नवंबर को जिला स्तर पर प्रदर्शन का आह्वान किया है। उससे पहले सभी जिलों में मंच की कमेटियां गठित करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मंडी जिला की कमेटी बनाने के लिए 7 नवंबर को मंडी में बैठक रखी गई है, जिसमें शोषण मुक्ति मंच हिमाचल प्रदेश के राज्य संयोजक आशीष कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी दलित शोषण मुक्ति मंच सरकाघाट के संयोजक मॉन सिंह गारला, हेमराज, सोहन सिंह, नानक चन्द, रत्तन चन्द, दीपक प्रेमी, राकेश कुमार, दीप कुमार, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, सुरेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह आदि ने दी। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य दलितों पर होने वाले अमानवीय व्यवहार और अत्याचारों को रोकना है।

### राज्य संयोजक आशीष कुमार भी होंगे शामिल

मंच में केवल दलित ही नहीं, बल्कि वे लोग भी शामिल हैं जो जातीय भेदभाव के खिलाफ हैं। पूर्व जिला पार्षद एवं माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने कहा कि रोहड़ू व प्रदेश के अन्य स्थानों पर दलितों के खिलाफ हुई घटनाओं पर भाजपा और कांग्रेस के किसी नेता ने प्रतिक्रिया नहीं दी, जबकि माकपा नेताओं राकेश सिंघा और संजय चौहान ने मुखर आवाज उठाई और छह अक्तूबर को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया था।

# किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए सरकार कर रही हर संभव प्रयास : बबलू

## खरयालता पंचायत में खुला लोकमित्र केंद्र, विधायक ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जोल**

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की खरयालता(तलमेहडा) पंचायत में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने 5 लाख रुपए से तैयार लोकमित्र केंद्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधायक सुदर्शन बबलू ने कहा कि लोक मित्र केंद्र की स्थापना से ग्रामीणों को अब सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं का लाभ पंचायत भवन में ही मिलेगा। उसके अंदर के माध्यम से आय, जाति निवास प्रमाण पत्र, पेंशन,बिजली बिल भुगतान, रोजगार पंजीकरण जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक ने कहा कि लोक मित्र केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल समावेश को सशक्त बना रहे हैं। यह केंद्र स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। इस कार्यक्रम में सुदर्शन सिंह बबलू ने प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना 2.0 के तहत 21 लाख रुपए के कृषि उपकरण, सिलाई मशीने, पशुओं के लिए चारा काटने के लिए टोका मशीन, बीपीएल परिवारों के लिए मुफ्त में स्प्रे पंप भी वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों और किसानों ने भाग लिया और विधायक का आभार व्यक्त किया।विधायक सुदर्शन बबलू ने कहा कि प्रदेश कि सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार किसानों और महिलाओं की आर्थिकी को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान आत्मनिर्भर बनें, खेती और पशुपालन को एक साथ जोड़कर ग्राम अर्थव्यवस्था को मजबूत करें।



विधायक सुदर्शन बबलू लोकमित्र केंद्र का शुभारंभ करते हुए।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार की यह पहल आने वाले समय में ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को और सशक्त करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और महिलाओं के हितों के लिए समर्पित है। सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि प्रदेश के विकास में ग्रामीण क्षेत्र के विकास की अभिन्न भूमिका है। सुक्खू सरकार के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यों के माध्यम से प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किया जा रहे हैं। विधायक ने पंचायत कार्यों के निर्माण के लिए अपने विधायक निधि से 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग बंगाणा के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जबकि पंचायत प्रधान और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक ने समस्याओं को भी सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, बीडीओ बंगाणा के. एल. वर्मा, स्थानीय प्रधान अशोक कुमार मोनू, चिंतपूर्णी ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, सदा शिव मंदिर चेयरमैन प्रवीण शर्मा, विधायक सलाहकार राजकुमार गौतम, नायब तहसीलदार जोल अशवनी धीमान, ऑफिस कानूनगो अरुण लट्ठ, मंच संचालक जसवीर ठाकुर, पंचायत सचिव सुभाष चंद, जेई सचिन शर्मा, कृषि विभाग के जेई अंकित ढिल्लों, सीईओ सुरजीत सिंह,पीए, सोनी, स्थानीय पंचायत सदस्य एवं सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# एमसी में समाधान सेल का गठन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना ने नागरिक शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निपटारे के उद्देश्य से 'समाधान सेल' का गठन किया है। इस सैल के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के नागरिक अपनी स्थानीय समस्याएं जैसे सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, निर्माण कार्य, जल-भराव आदि से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कर सकेंगे। नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त एवं नोडल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं के समयबद्ध निवारण के लिए यह सैल एक सशक्त व्यवस्था के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि 'समाधान सैल' की संपूर्ण निगरानी एवं समन्वय वे स्वयं करेंगे, ताकि प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस सैल की सुनवाई सहायक अभियंता अंकुश राणा के पास होगी। नागरिक निर्धारित समय पर नगर निगम कार्यालय के कक्ष नंबर-3 में अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। संयुक्त आयुक्त ने नगर निगम ऊना के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु 'समाधान सैल' का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे नगर क्षेत्र की स्वच्छता, सुचारू व्यवस्थापन एवं नागरिक सुविधाओं में और अधिक सुधार लाया जा सके।

### विधायक विवेक शर्मा ने घरवासड़ा में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

# बेघर परिवारों को जल्द मिलेगी आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को घरवासड़ा गांव का दौरा किया, जहां हाल ही में हुए भूस्खलन (लैंडस्लाइड) से कई परिवारों के मकान जमींदोज हो गए थे।

इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और मौके पर जाकर स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावित परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी है और किसी को भी बेघर या असहाय नहीं छोड़ा जाएगा।विधायक विवेक शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर अभी भी जमीन दलदली और फिसलन भरी बनी हुई है, जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। इस पर उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि ग्रामीणों के लिए वैकल्पिक रास्ते तुरंत खोले जाएं, ताकि लोगों की आवाजाही सामान्य हो सके।उन्होंने कहा कि बेघर हुए परिवारों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता के रूप में आठ लाख रुपये तक का अनुदान मिलेगा, जिसमें से चार लाख रुपये की पहली किस्त जल्द ही जारी की जाएगी। इस राशि से प्रभावित परिवार सुरक्षित स्थान पर अपने नए मकान का निर्माण कार्य शुरू कर सकेंगे। विवेक शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी परिवार को बिना छत के न रहना पड़े और सभी को शीघ्र राहत मिले। विधायक विवेक शर्मा ने प्रभावित क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार और प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा। उन्होंने कहा कि मैं हर दुख-सुख में क्षेत्र की जनता के साथ खड़ा हूं। सेवा करना मेरा कर्तव्य है, और हर जरूरतमंद तक सरकारी सहायता पहुंचाना मेरी जिम्मेदारी है। विवेक शर्मा ने यह भी कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से प्रशासन तक पहुंचाएं, ताकि समय पर समाधान हो सके। इस अवसर पर उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक के मौके पर पहुंचने और त्वरित राहत की घोषणा करने पर उनका आभार व्यक्त किया।



विधायक विवेक शर्मा घरवासड़ा में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते हुए।

# किसानों को सूक्ष्म सिंचाई वर्षाजल संचयन व जैविक खेती की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना (जायका) चरण-॥ के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा डठवाड़ा-बरेडा में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. गुलशन मनकोटिया की अध्यक्षता में सिंचाई के सिंद्धात एवं जल प्रबंधन की उपयोगी विधियों के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। डॉ. गुलशन मनकोटिया ने कार्यशाला में उपस्थित किसानों को जल उपयोग दक्षता बढ़ाने, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप एवं स्प्रिकलर), वर्षाजल संचयन तथा फसल अनुसार जल की आवश्यकता के वैज्ञानिक निर्धारण पर जानकारी दी। इस दौरान किसानों को किचन गार्डन (रसोई वाटिका) के महत्व के बारे में बताया गया तथा उन्हें जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि सभी परिवारों को ताजी एवं पौष्टिक सब्जियां घर पर ही उपलब्ध हो सकें। कृषि विशेषज्ञ रशम सूद ने कहा कि जल प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा भूजल संरक्षण दोनों संभव हैं। इसके साथ ही किसानो को रबी सीजन की सब्जियों के बीज भी वितरित किए गए।

# विश्व कप जीतने पर पंजावर में फोड़े पटाखे, लड्डू बांटकर मनाया विजय जश्न



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत पर लड्डू बांटते प्रशंसक।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतने की खुशी में ऊना के गांव पंजावर में खूब जश्न मनाया गया। पंजावर चौंक पर स्कूली स्टूडेंट्स सहित गांववासियों ने पटाखे चलाकर खुशी का इजहार किया। ओर लड्डू बांटकर बधाई दी गई।

इस मौके पर समाजसेवी एवं कांग्रेसी नेता रणजीत राणा ने विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । उन्होंने कहा कि वर्षों बाद महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीत कर देश का नाम रोशन किया है । हिमाचल की बेटी रेणुका सिंह ठाकुर ने भी भारतीय टीम की जीत पक्की करने में बेहतरीन रोल अदा किया है । उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा रेणुका सिंह को एक करोड़ का इनाम देने की घोषणा करने पर सीएम सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का खिलाड़ी हित में सराहनीय निर्णय करार दिया है । बता दें कि भारतीय टीम द्वारा महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने पर हर ओर खुशी का माहौल है।

# माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के लिए ऑडिशन आरंभ

**अनंत ज्ञान, अंब**

हिमाचल में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई दिशा देने वाले माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के दूसरे संस्करण की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

इसी कड़ी में महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन सोमवार को अंब कॉलेज के सभागार में उत्साहपूर्ण माहौल में आरंभ हुए। पहले दिन ऊना, चंबा और कांगड़ा जिलों से पहुंचे युवा कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे सभागार को सुर, ताल और उमंग के रंगों में रंग दिया। सुरमयी गायन, भावपूर्ण नृत्य और मधुर साजों की धुनों ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि 3 नवंबर के बाद आगामी 4 और 6 नवंबर को भी ऑडिशन अंब कॉलेज के सभागार में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार की प्रस्तुतियों में लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक संदेशों पर विशेष



बल रहेगा। ऑडिशन प्रक्रिया के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी ऊना की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला भाषा अधिकारी ऊना, अंब कॉलेज की संगीत विभाग की सहायक प्राध्यापिका तथा तहसीलदार अंब सदस्य हैं। डीसी ने बताया कि नामी कलाकारों एवं राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं को ऑडिशन से छूट प्रदान की गई है। अन्य कलाकार एसडीएम कार्यालय, अंब में आवेदन कर सकते हैं या अपना आवेदन ई-मेल पते matashrichintpurnimahotsav@gmail.com पर भेज सकते हैं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला यह महोत्सव इस वर्ष 14 से 16 नवंबर तक श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

पिछले वर्ष 26 से 28 सितंबर तक अंब मैदान में आयोजित महोत्सव का प्रथम संस्करण अत्यंत सफल रहा था। इस आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों का मन मोहा, बल्कि प्रदेश के धार्मिक-सांस्कृतिक कैलेंडर में एक विशिष्ट पहचान भी बनाई। माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव-2025 को यादगार बनाने के लिए एक विशेष स्मारिका प्रकाशित की जा रही है, जिसमें माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के गौरवशाली इतिहास, ऊना जिले की सांस्कृतिक परंपराओं, साहित्यिक चेतना तथा लोक विरासत पर आधारित लेख शामिल किए जाएंगे। इच्छुक लेखक अपने लेख 9 नवंबर तक उपरोक्त ई-मेल पते पर भेज सकते हैं।

# प्रतिभागियों को अनुशासन में सक्रिय भागीदारी की दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना कार्यालय में छह दिवसीय स्वास्थ्य पोषण जेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक संजीव सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा प्रतिभागियों से निवेदन किया कि वह यह प्रशिक्षण अनुशासन में रहकर प्राप्त करें तथा जल्द से जल्द अपने पैरों पर खड़े हो और लोगों तक जागरूकता अभियान के माध्यम से सरकारी योजनाओं को साझा करें। विशेष रूप से उपस्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ऊना की जिला कार्यक्रम प्रबंधक ज्योति शर्मा द्वारा प्रतिभागियों से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जानकारियां सांझा की गई तथा नेशनल रिसोर्स पर्सन के रूप में हैदराबाद से देवी उपस्थिति रही। जिन्हें जो इन्हें आने वाले दिनों तक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे ।

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना के कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज द्वारा बताया गया कि यह प्रशिक्षण 6 दिनों के लिए पीएनबी आरसेटी कार्यालय ऊना में दिया जाएगा तथा यह बिल्कुल निशुल्क प्रदान किया जा रहा है।

# सड़क सुरक्षा व डिजिटल सतर्कता का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक विशेष जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पद्मश्री व अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित, वर्तमान में ऊना के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अजय ठाकुर ने शिरकत की।

उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध की रोकथाम और कैरियर विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बलविंदर सिंह राणा ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे प्रेरक व्यक्तित्वों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है जो समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा



राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में जागरूकता व्याख्यान आयोजित।

रहे हैं। डीएसपी अजय ने विद्यार्थियों को जीवन के वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि सड़क पर छोटी-सी लापरवाही भी बड़ा हादसा बन सकती है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामाजिक कर्तव्य भी है। उन्होंने युवाओं से हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से परहेज़ और नशे की हालत में ड्राइविंग न करने की अपील की। साइबर अपराध पर बोलते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल सतर्कता बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखें, सोशल मीडिया पर अजनबियों से दूरी रखें और किसी भी संदिग्ध लिंक या संदेश पर क्लिक करने से पहले सतर्क रहें। कैरियर विकास के विषय पर उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में लक्ष्य तय करें, समय का सदुपयोग करें और आत्मविश्वास बनाए रखें। उन्होंने अपने जीवन की कुछ प्रेरणादायक घटनाएं साझा करते हुए कहा कि 'कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं, यदि मन में दृढ़ इच्छा शक्ति और अनुशासन हो।

# विद्यार्थियों ने सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने समाज सेवा और स्वच्छता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर के तहत विद्यार्थियों ने स्थानीय बाजार की सफाई अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया।

बौद्धिक सत्र में डॉ. भारत भूषण (एएमओ) आयुर्वेदिक हेल्थ सेंटर चूरूडू ने विद्यार्थियों को दिल से संबंधित बीमारियों, उनकी रोकथाम के उपायों और सी.पी.आर. की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात कृष्ण कुमार लद्दाखी ने विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा और संस्कृत शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़कर ही जीवन में सच्ची सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के प्रधान अनिल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी जसविंदर कुमार ने किया, जबकि विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल बख्शी, अंजू वाला सहित समस्त स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बच्चों ने अनुशासन, सहयोग और सेवा भावना का परिचय देते हुए समाज में स्वच्छता और नैतिकता का संदेश दिया।

# कांग्रेस सरकार में माफिया राज हावी : भाजपा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी, ऊना बसदेहड़ा मंडल के अध्यक्ष दविंद्र कौशल और राहुल देव शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि ऊना में माफिया राज हावी है और कांग्रेस सरकार के संरक्षण में अपराधियों का हौसला बढ़ गया है। उन्होंने ऊना विधानसभा क्षेत्र के संतोषगढ़ में युवक शुभम रायजादा के साथ हुई अमानवीय घटना की कड़ी निंदा की।

उनका कहना है कि यह घटना प्रदेश सरकार की विफलता और कांग्रेस पार्टी के असली चेहरे को उजागर करती है। शुभम रायजादा, जो मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन करता है, को बंदूक की नोक पर अगवा कर बेरहमी से पीटा गया, लूटा गया और मरा समझकर नाले में फेंक दिया गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि यह सामान्य अपराध नहीं, बल्कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त माफिया गिरोह की करतूत है, जो

### पुलिस तंत्र कांग्रेस नेताओं के दबाव में काम कर रहा

**भाजपा** नेताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर आरोप लगाया कि उनकी सरकार पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। पुलिस तंत्र कांग्रेस नेताओं के दबाव में काम कर रहा है, जबकि अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। भाजपा नेताओं ने मांग की कि इस पूरे मामले की जांच राज्य सीआईडी या किसी स्वतंत्र एजेंसी से करवाई जाए, कांग्रेस से जुड़े अपराधियों और उनके राजनीतिक संरक्षकों को गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित शुभम रायजादा को सुरक्षा व आर्थिक सहायता दी जाए। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की आवाज़ है और जब तक निर्दोषों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

### दविंद्र कौशल व राहुल देव शर्मा ने मांगी निष्पक्ष जांच व दोषियों की गिरफ्तारी

कांग्रेस नेताओं की छत्रछाया में प्रदेश की शांति भंग कर रहे हैं।

दविंद्र कौशल और राहुल देव शर्मा ने कहा कि ऊना में कांग्रेस का संगठन अब अपराधियों का अड्डा बन चुका है। ऊना के कांग्रेस प्रत्याशी रहे नेता, जो खुद को जनता का सेवक बताते थे, आज उन्हीं असामाजिक तत्वों के संरक्षक बन बैठे हैं। उनका कार्यालय अपराधियों की बैठकगाह बन चुका है और उनका प्रभाव इतना बढ़ गया है कि पुलिस भी कार्रवाई करने से हिचकिचा रही है। कुछ समय पहले इन ही गुंडा तत्वों ने पुलिस को शटर के अंदर बंद कर दिया था, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति स्पष्ट हो जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही है और प्रदेश में भय व गुंडागर्दी का माहौल बना दिया है।

# स्वीकृति पत्र बांटते समय पीएम का कर देते आभार प्रकट : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुच्छाली नगर पंचायत में 40 परिवारों को पक्के मकान बनाने की स्वीकृति मिलने पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने जारी वक्तव्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने आज बंगाणा में इन 40 परिवारों को पक्के मकान बनाने के स्वीकृति पत्र बांटे हैं, वह सुक्खू सरकार के नुमाइंदे हर मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के खिलाफ अपशब्द बोलते नहीं थकते, लेकिन जब केंद्र सरकार की योजनाओं से जनता को लाभ मिलता है, तो उन्हीं योजनाओं पर अपनी फट्टा लगाकर श्रेय लेने की कोशिश करते हैं।



दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुच्छाली नगर पंचायत के 40 परिवारों को पक्के मकान बनाने के लिए एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है, जो प्रति परिवार ढाई लाख रुपये के हिसाब से है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से केंद्र सरकार की योजना है, जिसका लाभ प्रदेश की जनता के साथ मेरे कुटलैहड़ की जनता को मिल रहा है, लेकिन सुक्खू सरकार के नुमाइंदे इस योजना पर राज्य सरकार का ठप्पा लगाकर अपनी राजनीतिक छवि चमकाने में जुटे हैं। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि सुक्खू सरकार को सत्ता में आए 3 वर्ष हो गए। और कुटलैहड़ के नुमाइंदे को 18 महीने से अधिक समय हो चुका है, लेकिन अभी तक अपनी कोई ठोस उपलब्धि गिनाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में केंद्र की योजनाओं का श्रेय लेने की पुरानी परंपरा कांग्रेस ने फिर दोहरा दी है। दविंदर भुट्टो ने कहा कि कम से कम कांग्रेस नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार तो प्रकट करना चाहिए था, जिनकी पहल पर गरीबों के सिर पर छत मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान और आम जनता के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है, जबकि कांग्रेस सरकार केवल दिखावा और प्रचार तक सीमित है। जनता सब देख रही है और आने वाले चुनावों में कांग्रेस को इसका जवाब देगी।

**कार्य** दियाडा स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन हर्षोल्लास के साथ किया

# स्वयंसेवियों ने समाजसेवा व अनुशासन का किया प्रदर्शन



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियाड़ा में एनएसएस शिविर में मौजूद प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, ऊना/अंब**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियाड़ा में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस प्रोग्राम ऑफीसर श्यामलाल और अमन देवी शर्मा ने सात दिनों के दौरान किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सुशील कुमार ने विशेष शिविर के सफल आयोजन पर दोनों प्रोग्राम अधिकारियों तथा सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस सात दिवसीय शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने जो समाजसेवा, अनुशासन और टीम भावना का अनुभव किया है, उसे जीवन में आत्मसात करें और जब भी समाज को उनकी आवश्यकता हो, सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने विद्यालय के समस्त स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों की भी सराहना की, जिन्होंने अनुशासन और समर्पण के साथ शिविर की प्रत्येक गतिविधि को पूर्ण किया। समापन अवसर पर विद्यालय परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

## एसबीएन स्कूल चौकीमन्यार में शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, जोल**

स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकीमन्यार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)का सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ हुआ।

इस शिविर में विद्यालय के 35 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रधानाचार्य जगदीश चंद धीमान की अध्यक्षता में किया गया । शिविर का शुभारंभ मंदली स्कूल के प्रिंसिपल देवेंद्र चौहान ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एनएसएस गीत, लक्ष्य गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य देवेंद्र चौहान ने कहा कि एनएसएस शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों को समझने और व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करने का एक सशक्त मंच है। इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि शिविर के दौरान सीखे गए अनुभवों को अपने गांव में समाज सेवा के कार्यों में लगाएं। कार्यक्रम अधिकारी अंजलि भारद्वाज और सह प्रभारी मैडम ज्योति शर्मा ने मुख्य अतिथि को एनएसएस की कैप एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।उन्होंने स्वयंसेवियों को एनएसएस के उद्देश्यों और लक्ष्यों की जानकारी दी। शिविर के हर दिन विद्यार्थियों को नए विषयों पर जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रधानाचार्य जगदीश धीमान ने इस अवसर पर बच्चों को प्रेरणादायक बातों से अवगत कराया।आज सुबह के वौद्धिक सत्र में एनएसएस के स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर एंव ग्राउंड की सफाई की।

# शिविर में स्वयंसेवियों ने दिखाया समर्पण व सेवा भावना का संगम

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान स्वयंसेवियों ने श्रम सेवा, सामाजिक जागरूकता, तकनीकी साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर कार्य कर समाज को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार एवं सह कार्यक्रम अधिकारी शोभा रानी के मार्गदर्शन में 7 अक्तूबर को प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौधरी ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में समाजसेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का भाव जगाने का सर्वोत्तम माध्यम है। 8 अक्तूबर को सारिका नंदा ने स्वास्थ्य और किशोरावस्था पर बौद्धिक सत्र में स्वस्थ शरीर और सशक्त विचार की महत्ता बताई। 9 अक्तूबर को शिक्षक वीरेंद्र पाल एवं सुरेखा देवी ने तकनीकी साक्षरता पर प्रेरक सत्र आयोजित किया। 10 अक्तूबर को पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल अमनदीप ने सड़क सुरक्षा और नाबालिगों के अधिकारों पर मार्गदर्शन दिया। 11 अक्तूबर को शिक्षक राम मूर्ति शर्मा ने नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण पर प्रभावशाली सत्र दिया। 12 अक्तूबर को जिला ऊना के वरिष्ठ सदस्य एवं दीक्षित पटियाल ने एनएसएस के उद्देश्य और व्यवसायिक शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। 13 अक्तूबर को भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उपनिदेशक कुलदीप कुमार, प्रधानाचार्य योगराज भारद्वाज और शिक्षक बीरबल सुमन उपस्थित रहे। स्वयंसेवियों ने मार्च-पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी, योग, भजन-कीर्तन और पारंपरिक भोजन के माध्यम से अनुशासन, एकता और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। समाज जागरूकता रैलियों के दौरान उन्होंने नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और कन्या सुरक्षा जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया। मुख्य अतिथियों और कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवियों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान देकर प्रोत्साहित किया।

# कुल्लू-भुंतर फोरलेन में वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू-भुंतर फोरलेन पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई है, जबकि एक अन्य युवक घायल हुआ है। पुलिस जानकारी के अनुसार कुल्लू-भुंतर फोरलेन में वामतट मार्ग पर कुल्लू महाविद्यालय के सामने एक गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक युवक की मौके भारी मौत हो गई।

वहीं, दूसरा युवक गंभीर घायल अवस्था में कुल्लू अस्पताल में उपचाराधीन है। हादसा बीती देर रात कुल्लू भुंतर फोरलेन पर कुल्लू कॉलेज के सामने एक गाड़ी के अनियंत्रित होकर ब्यास नदी में गिर जाने के कारण उसमें सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर तार पर घायल हुआ है। जिसे कुल्लू अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। मृतक युवक की पहचान शिवांश पुत्र केशव राम निवासी गांव शायरी राहला क्षेत्र तहसील औट जिला मंडी के तौर पर हुई है। दोनों युवक शादी समारोह से किसी को लाने जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही कुल्लू सदर थाने की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। जबकि घायल को कुल्लू अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# जांस्कर में बस व टैंकर के टकराने से 15 लोग घायल

## शिकुंला टनल निर्माण में तैनात कामगारों को लेकर जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

हिमाचल प्रदेश को लेह लद्दाख से जोड़ने वाले शिंकुला दर्रा के कर्ग्या के समीप एक सड़क हादसा पेश आया है। शिंकुला टनल निर्माण में जुटी कंस्ट्रक्शन कंपनी की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 15 कामगार घायल हुए हैं।

यह सड़क हादसा रविवार रात शिंकुला दर्रे में लेह के जांस्कर की ओर हुआ है। यह सभी कामगार शिंकुला टनल के निर्माण कार्य में तैनात हैं और रविवार को नाइट शिफ्ट में काम करने के लिए टनल की तरफ निकल रहे थे। इसी दौरान कर्ग्या के समीप बस की टक्कर एक टैंकर से हो गई, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी। हालांकि यह क्षेत्र लेह लद्दाख में आता है, लेकिन नजदीक स्वास्थ्य सेवा केलांग में होने के चलते सभी घायलों को

### केलांग अस्पताल में 11 घायलों का इलाज, 4 गंभीर मरीज कुल्लू रेफर

केलांग लाया। इस हादसे में 15 लोगों घायल हुए हैं।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही जांस्कर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में भर्ती किया, जहां से 4 गंभीर मरीजों को कुल्लू रैफर किया गया है, जबकि 11 केलांग में ही उपचारधीन हैं। जांस्कर पुलिस के अनुसार, चार घायलों की गंभीर हालत को

### जांस्कर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर राहत कार्य कर घायलों को भेजा अस्पताल

देखते हुए कुल्लू अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार शिकुंला टनल निर्माण के लिए एक कंपनी के कामगारों को ले जा रही बस रात के समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 15 कामगार घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल केलांग लाया गया जहां से चार गंभीर मरीजों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया है।

### डीसी ने जाना मरीजों का हाल

**उपायुक्त** लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना स्वयं अस्पताल पहुंची और घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से राहत और उपचार की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### जांच में जुटी पुलिस

**लाहौल-स्पीति** पुलिस के अनुसार, हादसा लेह-लद्दाख राज्य के जांस्कर क्षेत्र में हुआ है। लेकिन, यहां अस्पताल की सुविधा नहीं होने के चलते घायलों को केलांग लाया गया है। इसमें चार मरीजों को कुल्लू रेफर किया गया है जबकि एक की हालत गंभीर है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी केलांग डॉ. रोशन लाल ने कहा कि, केलांग में 11 घायलों का इलाज चल रहा है।। इनमें पांच लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे में घायल चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए कुल्लू रेफर किया गया है, एक की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। हादसा किस वजह से हुआ अभी यह पता नहीं चल पाया है।

# कुल्लू में अल्पसंख्यक वर्गों के लोगों से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करती हुई डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश।

अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक सोमवार को आयोजित हुई।

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने इस बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अभियोजन विभाग तथा पुलिस विभाग को लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि पीड़ित व्यक्तियों को राहत उपलब्ध हो सके। बैठक में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण के तहत विचाराधीन मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि विभिन्न न्यायालयों में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 68 मामले लंबित है जिनमे से 61 मामले सत्र न्यायालय कुल्लू 7 मामले सत्र न्यायालय रामपुर में लंबित हैं। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अभियानों से संबंधित चार अलग-अलग जिला स्तरीय समितियों की बैठक की अध्यक्षता कर इन योजनाओं एवं अभियानों की समीक्षा की। अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने इन वर्गों के मनरेगा कामगारों, इनके बच्चों की छात्रवृत्ति, रोजगार, विभिन्न आवास योजनाओं के तहत आवास निर्माण, स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं से संबंधित डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे जिला में अल्पसंख्यक वर्गों के लोगों से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि सभी पात्र इनका लाभ उठा सकें। इसके बाद उपायुक्त ने मानसिक मंदता, ऑटिज्म, सेरीब्रल पाल्सी और बहु-विकलांगता के शिकार व्यक्तियों के कल्याण के लिए बनाए गए राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत स्थानीय समिति की बैठक की अध्यक्षता भी की। उपायुक्त ने हाथ से मैला उठाने वाले सफाई कर्मचारियों के नियोजन प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम-2013 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं सर्वे समिति तथा दिव्यांगजन के अधिकार अधिनियम 2016 की जिलास्तरीय समिति की बैठक की भी अध्यक्षता की। बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने किया । बैठक में एएसपी संजीव चौहान, जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### अरछंडी के पूर्व छात्र संगठन की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय उच्च विद्यालय अरछंडी के पूर्व छात्र संगठन की बैठक मंगलवार को राजकीय उच्च विद्यालय में होने जा रही है। इस बैठक में स्कूल के मुख्याध्यापक राजेंद्र ठाकुर, पंचायत के सभी प्रतिनिधि सहित संगठन के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में विद्यालय के खेल मैदान, शोचालय निर्माण के लिए, वार्षिक पारितोषिक आदि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। वहीं, सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। यह जानकारी संगठन के अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने दी।

### मनाली पुलिस ने पकड़वाए दो फरार सिपाही

**अनंत ज्ञान मनाली।** यूपी के सिद्धार्थनगर के मोहाना थाना क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो सिपाहियों को मनाली पुलिस ने पकड़वाने में अहम भूमिका निभाई है। राजन सिंह और मनोज यादव को मनाली पुलिस ने शनिवार को पकड़ लिया था। रविवार को मनाली पुलिस ने उन्हें यूपी पुलिस के हवाले कर दिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार दोनों सिपाहियों को यूपी पुलिस सिद्धार्थनगर ले गई है। शर्मा ने बताया कि यह मामला कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर (चंपापुर) निवासी रजनीश पटेल पर हुए हमले से जुड़ा है। 22 अक्टूबर की रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर के पास हुई घटना ने पूरे जिले में हड़कंप मचा दिया था। आरोपित सिपाहियों पर रजनीश को जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने और उन पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।उन्होंने बताया कि तकनीकी सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन व होटल चेकिंग के सहारे मनाली पुलिस दोनों सिपाहियों तक पहुंचने में सफल रही।

# विभिन्न विभागों से क्रियान्वित हो रही योजनाओं में जहां कमी है, जल्द करें समाधान : कंगना रनौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की त्रैमासिक बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में विशेष रूप से मंडी लोकसभा की सांसद कंगना रनौत उपस्थित रही। इस मौके पर सांसद ने अधिकारियों से विकास लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का आह्वान किया।



दिशा की बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुईं सांसद कंगना रनौत।

केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभिन्न विभागों के माध्यम से क्रियान्वित हो रही योजनाओं में जहां कमी है इनका शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए ताकि लाभार्थियों और आम जनता को समय पर एवं वांछित लाभ मिल सके। बैठक की गंभीरता को रेखांकित करते हुए, रनौत ने बैठक में उठाए गए बिजली, पानी और सड़क संबंधी बुनियादी ढाँचे से जुड़े मुद्दों से निपटने के लिए विशिष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इन मुद्दों का मौके पर जाकर निरीक्षण करने और स्थानीय समुदायों को प्रभावित करने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक तथा लघु वृतचित्र के माध्यम से प्रचार कर लोगों को प्रेरित करें । उन्होंने नशे की बुराई से निपटने के लिए प्रभावी रूप से कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग से योग, शास्त्रीय संगीत, गीता और पुराण जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया ताकि बच्चे अपनी पुरातन एवं पारंपरिक ज्ञान परंपरा के बारे में भी पारंगत हो सकें। उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने सांसद सहित सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि समिति के सुझावों पर पूरी निष्ठा से अमल किया जाएगा।

# एकता को मिला सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजी का सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय महिला मुक्केबाजी का आयोजन जिला किन्नौर के रिकांगपिओ में हुआ। जिसमें जिला कुल्लू की तीन होनहार बेटियां एकता ठाकुर, शितिमा ठाकुर और मेनका ठाकुर ने अपने अपने भार वर्ग में जिला कुल्लू के लिए स्वर्ण पदक जीतकर कुल्लू जिला का नाम रोशन किया है। वहीं, एकता ठाकुर को सर्व श्रेष्ठ मुक्केबाजी के सम्मान से भी पुरुस्कृत किया गया है। इन बेटियों की इस उपलब्धि पर जिला कुल्लू मुक्केबाज संघ के अध्यक्ष किशन ठाकुर, महासचिव चित्र देव ठाकुर व मुक्केबाज संघ के सभी पदाधिकारियों ने इन सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इससे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। जिला मुक्केबाज संघ के अध्यक्ष किशन ठाकुर ने कहा है हमारी बेटियों ने जो राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर जो अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके लिए कुछ समय के बाद कुल्लू में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुक्केबाज संघ द्वारा इन सभी का भव्य स्वागत और सम्मानित किया जाएगा।

# जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य सुविधाएं की जाएंगी सुदृढ़ : डॉ . रणजीत ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला में लोगों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य सुविधाएं और भी सुदृढ़ की जाएंगी।

यह बात सीएमओ कुल्लू का कार्यभार संभालने के बाद डॉ. रणजीत ठाकुर ने कही। उन्होंने सोमवार को जिला कुल्लू में बतौर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पदभार संभाला। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिला के छोटे से बड़े हर स्वास्थ्य संस्थान में मरीजों को आसान और सुविधाजनक उपचार उपलब्ध करवाना रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बड़े अस्पतालों में क्षेत्रीय अस्पताल का नाम भी शुमार है। अस्पताल में कुल्लू जिला ही नहीं बल्कि साथ सटे मंडी, लाहुल स्पीति व चंबा पांगी के मरीज भी उपचार के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि रोजाना अस्पताल में इन चार जिलों के 1,200 से अधिक मरीज अपना इलाज करवाने पहुंचते हैं और इन हजारों मरीजों को अस्पताल में बेहतर उपचार सुविधा प्रदान की जाती है।

उन्होंने कहा कि जिला के हर क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना और सरकार की योजनाओं के तहत मरीजों को लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। वहीं, उन्होंने कहा कि जिला भर के स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्त चल रहे स्वास्थ्य कर्मियों के पदों को भी जल्द भरा जाएगा ताकि मरीजों को किसी तरह की दिक्कतें न झेलनी पड़े। इस मौके पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया।

# लाड़ी लागी रिला बनादी ट्रीजर का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देवभूमि कुल्लू में प्रसिद्ध कलाकार आईएस चांदनी नोखू का दरबार सजा। लोक संस्कृति के संरक्षण के इस नोखू के दरबार में लाड़ी लागी रिला बनादी ट्रीजर का विमोचन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम के मुख्यातिथि अंतरराष्ट्रीय एथलीट किशन ठाकुर रहे जबकि विशेषातिथि के रूप में पूर्व जिला लोक संपर्क अधिकारी शेर सिंह शर्मा व राम सिंह रहे। इस अवसर पर इस ट्रीजर का शुभारंभ किया गया, जिसकी शूटिंग देवधाम रेस्टोरेंट में की गई है। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि आईएस चांदनी ने लोक संस्कृति को संरक्षित करने का बीड़ा उठा रखा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी हमारी पुरानी संस्कृति को भूल रही है और चांदनी ने इसको संजोए रखने का काम किया है, जो सराहनीय है। इस अवसर पर आईएस चांदनी ने अतिथियों का कुल्लवी परंपरा के साथ भव्य स्वागत किया।

# दरोगा जी इना छोरूआ जो लैया समझाई...

**अनंत ज्ञान आनी**

सिराज उत्सव लवी मेला की पहली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली नाटी किंग कुलदीप शर्मा के नाम रही।

कुलदीप शर्मा ने अपने गानों में कुल्लू मनाली लागा मेडा महला री गै कोठीयै.. रंग रूप तेरा बड़ा प्यारा.. ईना बड़ियां जो तुड़का.. सुरमणिये हो..शीलूयै लामी बी नाटी तथा दरोगा जी छोरूआ जो लैया समझाई सहित अन्य नाटियों की झड़ी लगाकर दर्शकों को खूब नचाया। इससे पूर्व करसोग के लोक गायक मोहन गुलेरिया ने अपनी युगल आवाज का जादू बिखेरते हुए अपनी लोक गायिकी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। गुलेरिया ने युगल आवाज में ओ फौजिया अम्ब पके.. सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति से संध्या में खूब रंग जमाया। वहीं, संध्या में अन्य कई लोक गायकों व वॉइस ऑफ आऊटर सिराज में चयनित प्रतिभागियों ने भी अपनी लोक गायिकी से दर्शकों को लुभाने का भरसक प्रयास किया। संध्या में मंच का संचालन एंकर ललित शर्मा ने किया। मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में उद्योगपति समाजसेवी एवं पर्यावरणविद प्रेमी ठाकुर मान सिंह ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की।


लवी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के साथ अन्य गणमान्य लोग।

मेला कमेटी की ओर से अध्यक्ष यूपेन्द्र कांत मिश्रा ने उन्हें टोपी मफलर पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ठाकुर मान सिंह ने अपने संबोधन में लोगों को मेले की बधाई देते हुए कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति के सम्बाहक हैं। जिन्हें सजोए रखना भावी पीढी का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मेले ग्रामीण क्षेत्र की छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने का बेहतर मंच है। इस दिशा में आनी लवी मेला का प्रयास सराहनीय है। ठाकुर मान सिंह ने युवाओं से नशे जैसी बुराईयों से दूर रहने और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए अपनी ओर से गुप्त रूप से यथा संभव सहायता का भरोसा दिलाया। पहली सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के साथ मेला कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# 435 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुल्लू पुलिस टीम ने 435 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार। किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कुल्लू की टीम द्वारा राउगी नाला के समीप नाकाबंदी के दौरान तुले राम (30 वर्ष) पुत्र प्रभु राम निवासी गांव जाणा डाकघर अरछण्डी तहसील एवं जिला कुल्लू के कब्जे से 435 ग्राम चरस बरामद की गई है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना कुल्लू में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के अंतर्गत मामला पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी से बरामद नशे की खरीद-फरोख्त की श्रृंखला व स्त्रोत का पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा गहन पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

# निथर-ढमाह सड़क निर्माण में अनियमितताओं के आरोप, जनता ने की स्वतंत्र जांच व जवाबदेही की मांग

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही निथर-ढमाह सड़क का निर्माण कार्य एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सड़क से लाभान्वित होने वाले झल्ली, ढमाह, निथर, केउरी आदि गांवों के लोगों ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में भारी अनियमितता और लापरवाही बरती गई है।


झल्ली, ढमाह, निथर, केउरी सहित अन्य गांवों को जोड़ने वाली निथर-ढमाह सड़क।

> **इस** बारे में लोक निर्माण विभाग के निथर सबडिवीजन के सहायक अभियंता कमलानंद धीरटा ने बताया कि सड़क का कार्य अभी प्रगति पर है, जैसे कार्य पूरा होगा। इसकी जांच करने बाकायदा मॉनिटर आकर मोनिटरिंग करेंगे। उसके बाद ही सड़क ठेकेदार से विभाग के अधीन आएगी।

समाजसेवी प्रदीप ने बताया कि इस सड़क को लेकर दो बार शिकायत निवारण को बनाई गई प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सेवा संकल्प योजना के 1100 नंबर पर शिकायतें भी की, जिन्हें विभाग ने बिना निवारण किए ही जबरन बंद कर दिया। वहीं, निथर पंचायत प्रधान जगदीश चंद सहित ग्रामीणों के अनुसार, सड़क का अधिकांश हिस्सा घटिया गुणवत्ता का है। निकास नाली और सुरक्षा दीवारें नहीं बनीं, पैराफिट अधूरे हैं तथा कई स्थानों पर मिट्टी बहने से सड़क टूट रही हैं। हालत यह रहे कि लोगों का सेब सड़कों पर पड़े पड़े सड़ गया, जिसे अब नाले में फेंक दिया गया। जनता का कहना है कि पिछले कई महीनों से इस बारे में शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई ठोस सुधार नहीं हुआ, अब पुराने हिस्से की कमियां दूर किए बिना शेष मार्ग की टारिंग दोबारा शुरू कर दी गई है।

इससे निर्माण गुणवत्ता पर और सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से मांग की है कि पुराने हिस्से की सभी खामियां दूर की जाएं, कार्य की स्वतंत्र गुणवत्ता जांच करवाई जाए और भुगतान व माप पुस्तिका का ऑडिट कर जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि 'सड़क हमारी है, जिम्मेदारी भी हमारी।' यह केवल शिकायत नहीं बल्कि जवाबदेही की अपील है। जनता ने पारदर्शी और सुरक्षित विकास के लिए एकजुटता दिखाने का आह्वान किया है।

# प्रदेश को राम भरोसे छोड़ सीएम बिहार में सजाए बैठे हैं ठगी व झूठ की दुकान : अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारी बारिश से हुई तबाही के बाद कई समस्याओं से जूझ रही जनता को राम भरोसे छोड़ कर हिमाचल के मुख्यमंत्री बिहार में अपनी झूठ की दुकान खोले बैठे हैं और प्रदेश में बदहाली का वातावरण बना हुआ है।



जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने मीडिया को जारी बयान में ये बातें कही और प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को एक के बाद एक झूठे वायदों से ठगने के बाद सुक्खू बिहार की जनता को ठगने का सपना लेकर बिहार पहुंचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव पूर्व हिमाचल की 22 लाख महिलाओं से वादा किया था कि उन्हें हर महीनें 1500 रुपए दिए जाएंगे, 5 लाख सरकारी और पक्की नौकरी का वादा किया था, परन्तु सता मिलते ही सरकार और इसके मुखिया ने इस वादे से पल्ला झाड़ लिया और प्रदेश की महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के साथ बहुत बड़ा छल किया। आज तीन वर्ष बाद भी पूरा हिमाचल कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं के किए हुए वादों के पूरा होने का इंतजार प्रदेश की जनता कर रही है और दूसरी तरफ बिहार में जाकर मुख्यमंत्री सुक्खू वहां की जनता के सामने सफेद झूठ बोलकर जनता को बरगला रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में पूरी तरह असफल साबित हुई है और जनता के साथ किए हर वादे को पूरा नहीं करवा पाई है। बिहार में मुख्यमंत्री का कहना की हम प्रदेश की हर महिला को 1500 दे रहे है सरासर झूठ है। स्थिति तो यह है कि प्रदेश सरकार महिलाओं को तो छोड़िए प्रदेश के कर्मचारियों को समय पर वेतन देने में असमर्थ दिख रही है और कर्मचारियों के डी ए की करोड़ों की देनदारियां तो दूर की बात है। आज प्रदेश के कर्मचारी और पेंशनर सड़कों पर हैं और हिमाचल प्रदेश सरकार के खिलाफ लगातार रोष बढ़ता जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई और प्रदेश का आधारभूत ढांचे को भारी नुकसान हुआ। केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश को जो भी संभव था वह मदद की परन्तु प्रदेश सरकार धरातल पर कुछ भी करने में असफल रही और अभी तक प्रदेश की सड़क व्यवस्था सुधर नहीं पाई है, तो वहीं मुख्यमंत्री बिहार में जाकर वहां की सड़कों पर ज्ञान दे रहे हैं, जो हास्यास्पद है।

**आयोजन** मनाली में बैडमिंटन एसोसिएशन कुल्लू की जिला स्तरीय इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

# 35 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की एकल प्रतियोगिता में अंकुश विजेता

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में जिला बैडमिंटन एसोसिएशन कुल्लू की 25वीं जिला स्तरीय इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हो गई । पर्यटन व्यवसायी और समाजसेवी रोशन ठाकुर ने समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और आगे भी इसी जज्बे के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें सबसे छोटी उम्र के खिलाड़ी 9 वर्ष जबकि सबसे उम्रदराज 73 वर्षीय खिलाड़ी ने प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय सिंह ने प्रतियोगिता के लिए सहयोग पड़ने पर मनाली की तमाम संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं द्वारा जो बैडमिंटन एसोसिएशन को आर्थिक सहयोग किया जाता है उससे प्रदेश में युवाओं को खेल प्रशिक्षण के साथ साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का खर्च वहन किया जाता है । एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जिला कुल्लू और लाहौल स्पीति से आए सभी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगियों में पुरुष वर्ग की ओपन प्रतियोगिता आदित्य और सन्नी ने जीती जबकि दीपक और प्रकाश दूसरे स्थान पर रहे। 35 वर्ष से ऊपर की एकल प्रतियोगिता अंकुश से संजय को हराकर जीती। इसी आयु वर्ग की डबल प्रतियोगिता में पप्पू और संजय ने अंकुश और हेतराम को हराया।



बैडमिंटन एसोसिएशन कुल्लू की इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता मुख्यातिथि के साथ।

40 से ऊपर की आयु वर्ग की एकल प्रतियोगिता में दीपक प्रथम जबकि तारा चंद द्वितीय रहे । इसी आयु वर्ग की डबल प्रतियोगिता में दीपक और प्रकाश की जोड़ी ने नीरज और रानू की जोड़ी को हराया । 45 आयु वर्ग से ऊपर के एकल प्रतियोगिता में तारा चंद ने लाल चंद को हराया जबकि डबल प्रतियोगिता में सुशील और तारा चंद की जोड़ी ने नीरज और रानू की जोड़ी को हराया । 50 आयु वर्ग की एकल प्रतियोगिता में लाल चंद ने नोब्रा को हराया जबकि इसी आयु वर्ग की डबल प्रतियोगिता में संजय और किशन की जोड़ी ने लाल चंद और कृष्ण की जोड़ी को हराया । 55 आयु वर्ग का एकल खिताब बहादुर ने सुदर्शन को हराकर जीता । इसी आयु वर्ग में चांद किशोर और सुदर्शन की जोड़ी ने राकेश और विजय को हराया।

60 से ऊपर के आयु वर्ग की एकल प्रतियोगिता में राकेश ठाकुर ने प्रेम लाल को हराया जबकि इसी वर्ग में राकेश और विजय की जोड़ी ने शमशेर और अरविंद की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया । जबकि 65 वर्ष के ऊपर के आयु वर्ग में शमशेर और अरविंद की जोड़ी पहले जबकि हीरालाल और मंगत राम की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही।

# एडी हाइड्रो प्रोजेक्ट ने आईटीआई पतलीकूहल को प्रदान किया 75 इंच का स्मार्ट बोर्ड



एडी हाइड्रो प्रोजेक्ट की ओर से दिए गए स्मार्ट बोर्ड के साथ गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पतलीकूहल को ऑललाइन दुहांगान हाइड्रो पावर लिमिटेड प्रीणी (एडी) द्वारा नवीनतम तकनीक से सुसज्जित एक स्मार्ट बोर्ड प्रदान किया गया है।

यह स्मार्ट बोर्ड लगभग एक लाख रुपए की कीमत का है और संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा।संस्थान के प्रधानाचार्य ई0 अर्पित आनंद ने बताया कि यह बोर्ड अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जो संस्थान के शैक्षणिक मानकों को और ऊंचा करेगा। उन्होंने बताया कि ऑललाइन दुहांगान हाइड्रो पावर लिमिटेड प्रीणी समय-समय पर नगर ब्लॉक के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों को सहयोग प्रदान करते रहते हैं। इस बार जब संस्थान को इस सहयोग की जानकारी मिली, तब संस्थान के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी भगवंत सिंह ने कंपनी से संपर्क किया, जिसके फलस्वरूप यह परिणाम प्राप्त हुआ। इस स्मार्ट बोर्ड के मिलने से संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी शिक्षा में और बेहतर अनुभव प्राप्त होगा तथा उनकी योग्यता में वृद्धि होगी।

प्रधानाचार्य ने कंपनी के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से संस्थान का विकास होगा और इससे युवाओं को रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। उन्होंने कंपनी के समस्त स्टाफ तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी छात्रों की ओर से धन्यवाद जताया और आगे भी ऐसे सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रज्वल बने युवा मोर्चा शहरी मंडल के उपाध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने कार्यकारिणी का गठन कर दिया। इसमें ऋषभ सेठ, प्रज्वल पराशर, रोहन ठाकुर व अंशुल को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह अभिषेक गुप्ता और राघव को महामंत्री, रिषभ शर्मा को कोषाध्यक्ष, कार्तिक शर्मा को सह कोषाध्यक्ष, अभिषेक ठाकुर, आशु सिद्धकी, तरुण रघुवंशी, विक्की व रिंकू चौटाला को सचिव का दायित्व दिया गया। वहीं, समर शर्मा को कार्यालय सचिव बनाया गया।

### 4.68 ग्राम चिट्टे सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एसआईयू सोलन की एक टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए शहर सोलन, कुमारहट्टी, धर्मपुर, सनवारा व जाबली आदि की तरफ रवाना थी तो उपरोक्त टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर टोल प्लाजा सनवारा के नजदीक एक युवक/नशा तस्कर, जिसका नाम व पता सुनील कुमार पुत्र राजू राम निवासी गांव सुणी डाकघर चायल तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 30 वर्ष पाया गया को 4.68 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित पकड़ा, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच के दौरान पाया गया है कि आरोपी सुनील कुमार, उपरोक्त चिट्टा को धर्मपुर, सोलन व इसके आसपास युवाओं/छात्रों को सप्लाई करने की फिराक में था, जिसके मंसूबों पर पानी फेरते हुए सोलन पुलिस द्वारा इसे पहले ही काबू कर लिया गया। आरोपी सुनील कुमार के खिलाफ सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना करने का मुकदमा भी दर्ज है।

### कंडाघाट के पास लोहे से भरा ट्रक पलटा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** लोहे के चैनल और पत्तियों से भरा ट्रक बीती रात कंडाघाट से लगभग दो किलोमीटर पहले अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक को हल्की चोटें आईं, जिन्हें कंडाघाट अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। ट्रक के पलटने से लोहे का सारा सामान सड़क पर बिखर गया, जिससे मार्ग कुछ समय के लिए अवरुद्ध रहा। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचित किया। गनीमत रही कि उस समय सड़क के दूसरी ओर से कोई वाहन नहीं आ रहा था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सड़क से मलबा हटवाया और यातायात बहाल किया।

### एसी भारद्वाज का लाइव प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के शताब्दी समारोह को पूर्व विद्यार्थियों ने विशेष उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम 'सेंचुरी बीट्स' ने विद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा एसी भारद्वाज का लाइव प्रदर्शन, जिनकी ऊर्जावान धुनों पर कैडेट्स और अतिथियों ने मिलकर नृत्य किया और शताब्दी उत्सव को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का आगाज सन 1952 से लेकर आगे के बैचों के पूर्व विद्यार्थियों (जोर्जियन्स) का सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया। मीडिया कोऑर्डिनेटर नरोत्तम ने बताया कि वरिष्ठ पूर्व विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन की यादें साझा कीं और वर्तमान कैडेट्स को प्रेरणादायक विचारों से उत्साहित किया।विद्यालय के कैडेट्स ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत, नृत्य और लघु नाट्य प्रस्तुति शामिल थीं। जो अनुशासन, प्रतिभा और एकता की भावना को दर्शाती हैं। कार्यक्रम के अंत में पूर्व विद्यार्थियों के प्रेरक वक्तव्य हुए, जिन्होंने कैडेट्स को समर्पण, निष्ठा और देशभक्ति के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

### समाज सेवा व अनुशासन की प्रेरणा बनेगा शिविर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोया में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला के सेवानिवृत्त उप-सचिव प्रदीप शर्मा थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह नेगी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र प्रसाद शर्मा तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कुल 67 स्वयंसेवक, जिनमें 34 छात्राएं और 33 छात्र शामिल हैं, शिविर में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई, जिसे प्राची, स्तुति और उनकी टीम ने प्रस्तुत किया। प्रदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस युवाओं में समाज सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित करता है। प्रधानाचार्य नेगी ने कहा कि ऐसे शिविर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और यह टीमवर्क, आत्मविश्वास एवं सामाजिक एकता की भावना को प्रबल करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि एनएसएस का मूल मंत्र है स्वयं से पहले समाज।

### 200 से अधिक साइकिलिस्टों ने दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** लॉरेंस स्कूल, सनावर में 'टूर डे सनावर' के छठे संस्करण का आयोजन धूमधाम से किया गया। यह वार्षिक साइक्लोथॉन स्कूल की पूर्व छात्रों की संस्था द ओल्ड सनावेरियन सोसायटी के सहयोग से 139 एकड़ के सुंदर परिसर में आयोजित हुआ। देशभर के 16 विद्यालयों और 20 से अधिक शहरों से 200 से अधिक साइकिलिस्टों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए 11 किलोमीटर और एलीट वर्ग के लिए 15 किलोमीटर मार्ग तय था। प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह ढिल्लों ने जूनियर कैटेगरी की रेस का शुभारंभ किया, जबकि मेजर संजीव शर्मा ने एलीट वर्ग की रेस को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साइकिल स्टंट राइडर प्रेरक कांत का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में लॉरेंस स्कूल की उर्मी भट्ट, ट्रिनिटी स्कूल के अनिरुद्ध सिंह, स्टोक्स मेमोरियल के सार्थक ठाकुर और समायरा धांकर ने अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### दुर्गा भवन मुरारी मार्केट में भजन संध्या का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्री श्याम जन्मोत्सव पर श्री श्याम परिवार ट्रस्ट सोलन द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन दुर्गा भवन मुरारी मार्केट सोलन में किया गया। भजन संध्या का में भजन गायक नवरत्न पारिक सुजानगढ़ (राजस्थान) और अजय शर्मा दौसा जिला राजस्थान बाबा का गुणगान किया। उन्होंने कीर्तन की है रात, तीन बाण की धारी तीनों बाण चलाओ न, हरा हूं बाबा पर तुझ पे भरोसा है आदि भजन गए और भजनों पर उपस्थित जनसमूह के खूब नचाया पंडाल जय श्री श्याम,जय बालाजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। पारिक ने उपस्थित जनसमूह को कहा की अपने बच्चों को भगवान की सेवा में लगाने का प्रयास करें ताकि आज के युग में बच्चे नशे में फंसने जा रहे हैं ये सब के लिए चिंता की बात है। भजन गायक अजय शर्मा ने खूब रंग जमाया और भजन संध्या में मोर छड़ी लहराई रे, राधे राधे बोलो आएंगे बिहारी, नी मैं नाचना श्याम दे नाल, थाली भर के लाई रे खीचड़ो, मधुर भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अजय शर्मा ने भजन संध्या को बाबा श्याम, हनुमान जी की आरती गा कर संपूर्ण करवाया। उन्होंने कहा की बाबा श्याम का जितने मंदिर बने उतने कम है बाबा की पूजा कलयुग में होगी इसका वरदान भगवान कृष्ण ने उन्हें शीश दान लेते समय दिया था तभी से बाबा को शीश के दानी कहा जाता है। भजन संध्या के बाद श्री श्याम ट्रस्ट सोलन द्वारा श्याम रसोई में सभी ने प्रसाद (भंडारा) ग्रहण किया श्री श्याम परिवार ट्रस्ट की और से भजन गायकों व उपस्थित सभी भगतो का स्वागत और धन्यवाद किया गया।

### विस उपाध्यक्ष आज सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश 4 नवंबर को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 4 नवंबर को प्रातः 11 बजे राजकीय उच्च विद्यालय धारली के नवनिर्मित तीन अतिरिक्त कमरों के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### उद्योग मंत्री आज व कल सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 4 व 5 नवंबर को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 4 नवंबर को दोपहर 12 बजे उपमंडलाधिकारी शिलाई के कार्यालय में 14 दिसंबर, 2025 को गांव पश्मी (शिलाई) में महासू महाराज (चालदा महाराज) की आगामी यात्रा की व्यवस्था करने के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके उपरांत वह लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह शिलाई में जन समस्याओं का निराकरण करेंगे। उद्योग मंत्री 5 नवंबर को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह शिलाई में जनसमस्याओं का निराकरण करेंगे।

### संदला देवी का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शौर्य चक्र से सम्मानित डाककर्मी स्वर्गीय बहादुर सिंह की पत्नी एवं भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत की चाची संदला देवी का सांगना गांव में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है उनके चार बेटे हैं। दलीप सिंह जगदीश कुमार, जगपाल सिंह, अमृत सिंह जगपाल सिंह भारतीय डाक विभाग में पोस्टल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं तथा अमृत सिंह भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डाककर्मी स्वर्गीय बहादुर सिंह भारतीय डाक विभाग में पोस्टमैन के पद पर नालागढ़ में कार्यरत थे, उनके पास 9 लाख रुपए का सरकारी कैश था, जिसको जमा करवाने के लिए वह बैंक जा रहे थे, लेकिन कुछ अज्ञात लोगों ने उनसे पैसा लूटने के लिए गोली चला दी, लेकिन उन्होंने अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए अपने जान की परवाह किए बिना पैसे से भरा हुआ सूटकेस नहीं छोड़ा, लेकिन लुटेरे उनको फिर भी करीब 70 मीटर तक घसीट कर ले गए।

# पांवटा साहिब में खुलेगा सिरमौर जिले का पहला केंद्रीय विद्यालय

**अनंत ज्ञान,पांवटा/ नाहन**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सिरमौर जिले के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अम्बोया में मुख्यातिथि के रूप में राज्य स्तरीय अंडर-19 छात्र व छात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।



अम्बोया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करने पहुंचे शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

इस दौरान पूर्व विधायक पांवटा साहिब चौधरी किरनेश जंग तथा निदेशक सिविल सप्लाई कार्पोरेशन नसीमा बेगम व प्रधान भैला मनीष तोमर बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। इस 5 दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश भर के स्कूलों से आए 624 छात्र तथा 624 छात्राएं प्रतिभागी के रूप में भाग ले रहे है। इस कार्यक्रम में एकल गायन शास्त्रीय व सुगम संगीत, समूहगान, समूह नृत्य, वन एक्ट प्ले, डेकलामेशन, वाद्य यंत्र वादन, संस्कृत गीतिका तथा संस्कृत श्लोक उच्चारण, कुल 9 विधाओं में भाग लेकर प्रतिभागी अपनी प्रतिभा के माध्यम से विभिन्न जिलों की संस्कृति को प्रदर्शित करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियां भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

हिमाचल की लोक संस्कृति विश्व भर में प्रख्यात है, यही लोक संस्कृति हमें अलग पहचान दिलाती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर, शिमला व सोलन में बीशू मेले आयोजित होते हैं और इन मेलों के दौरान ठोडा दलों का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहता है। ठोडा खेल भी हमारी समृद्ध संस्कृति से जुड़ा है इसलिए, ठोडा खेल को हिमाचल स्पोर्ट्स संगठन में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि 68वें नेशनल स्पोर्ट्स गेम्स में हिमाचल प्रदेश ने 33 मेडल अर्जित किए है जिसमें 3 गोल्ड, 6 सिल्वर तथा 24 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्ता युक्त शिक्षा सहित खेलकूद व सांस्कृतिक क्षेत्र में विद्यार्थियों को बढ़ावा दे रही है। राष्ट्रीय स्तरीय आयोजन के लिए सरकार ने 3 करोड रुपए स्वीकृत किए है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डाइट मनी को भी 150 से बढ़ाकर 250 कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिसमें अंडर-14 नेशनल वालीबॉल प्रतियोगिता गुरू की नगरी पांवटासाहिब में आयोजित की जाएगी शिक्षा के आधारभूत ढ़ांचे को मजबूत करने व विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा करने और शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी मीडियम आरंभ कर दिया है। शिक्षा के स्तर में और सुधार लाने के उद्देश्य से आगामी शैक्षणिक सत्र में 100 सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को सीबीएसई बोर्ड से संचालित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सिरमौर जिला में पहला केंद्रीय विद्यालय पांवटा साहिब में खुलने जा रहा है, जिसके लिए हरिपुर टोहना में 80 बीघा भूमि का चयन कर लिया गया है जिसमें से लगभग 27 बीघा भूमि को केंद्रीय विद्यालय के नाम कर लिया गया है। शिक्षा मंत्री ने हरिपुर टोहना में केंद्रीय विद्यालय के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण भी किया।

# हिमाचल वक्फ बोर्ड में अंतरिम अध्यक्ष की नियुक्ति, भाजपा ने बताया एक्ट का उल्लंघन

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश में तीन साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार प्रदेश वक्फ बोर्ड में अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई है, लेकिन इस निर्णय ने एक नए सियासी विवाद को जन्म दे दिया है।

सिरमौर जिले के मिश्रावाला से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस नेता नासिर मोहम्मद रावत को बोर्ड का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजस्व विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। यह नियुक्ति इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि पहली बार बिना बोर्ड के अन्य सदस्यों के केवल कार्यकारी अध्यक्ष की तैनाती की गई है। इससे पहले हमेशा पूरा बोर्ड गठित किया जाता था और फिर उसी में से अध्यक्ष का चयन किया जाता था। इस बार सीधे अंतरिम अध्यक्ष की नियुक्ति पर भाजपा ने कड़ा ऐतराज जताया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिलाल अहमद शाह ने इसे वक्फ एक्ट का सीधा उल्लंघन बताया है। उनका कहना है कि एक्ट में कार्यकारी अध्यक्ष के पद का कोई प्रावधान नहीं है और सरकार ने नियमों को दरकिनार कर यह नियुक्ति की है।

**▶ नासिर मोहम्मद रावत बने हिमाचल वक्फ बोर्ड के अंतरिम अध्यक्ष**

उन्होंने यह भी कहा कि तीन साल बाद मुस्लिम समाज की सुध लेने के बावजूद सरकार ने प्रक्रिया का पालन नहीं किया। दूसरी ओर, कांग्रेस के भीतर भी इस नियुक्ति को लेकर असंतोष उभर आया है। पार्टी के कई मुस्लिम नेता, जो लंबे समय से बोर्ड में पद की उम्मीद कर रहे थे, इस निर्णय से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार जल्द ही अन्य सदस्यों की भी नियुक्ति कर सकती है ताकि बोर्ड का कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो सके। प्रदेश में वक्फ बोर्ड के अधीन करोड़ों रुपए की संपत्ति आती है, जिन पर कई जगहों पर अवैध कब्जे हैं। नियमों के बावजूद इन संपत्तियों का उचित प्रबंधन नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि वक्फ की संपत्तियों को लेकर कई मामले अदालतों में लंबित हैं। विडंबना यह है कि करोड़ों की संपत्ति होने के बावजूद बोर्ड के पास अपना कार्यालय तक नहीं है और वह किराए के भवन में काम कर रहा है, जिससे इसकी वित्तीय स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# चंडीगढ़ के आशीष ने जीता अंतरराष्ट्रीय रेणुका जी का दंगल

**अनंत ज्ञान, नाहन**



अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले के दौरान शनिवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दंगल के विजेताओं को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर लायक राम वर्मा ने पुरस्कृत किया।

दंगल में आशीष चंडीगढ़ तथा चिराग दिल्ली के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें आशीष विजेता तथा चिराग उप विजेता रहे विजेता को 31 हजार रुपए की राशि तथा गड़ा समृद्धि चिन्ह जब की उप विजेता को 21 हजार रुपए की राशि दी गई। दंगल के पहले सेमीफाइनल में सुनील जीरकपुर तथा चिराग दिल्ली के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें चिराग विजेता रहे। इसी प्रकार दूसरे सेमीफाइनल में आशीष चंडीगढ़ तथा अमित चंडीगढ़ के बीच मुकाबला हुआ जिसे आशीष चंडीगढ़ ने जीता। दंगल में लगभग 200 पहलवानों ने भाग लिया इस साल आयोजित मेले में पहली बार सिरमौर केसरी का खिताब भी रखा गया जो तरुण थापा नाहन तथा वीर सिंह मरयोग के बीच मुकाबला हुआ। इस मुकाबले को तरुण थापा ने जीता विजेता को 11 हजार जबकि उपविजेता को 7 हजार की राशि देकर पुरस्कार किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार ददाहू जयसिंह, तहसीलदार नाहन उपेंद्र कुमार के अतिरिक्त रेणुका जी विकास बोर्ड के सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

# चिराग का कबड्डी में राष्ट्रस्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** शंकर विद्या निकेतन राजगढ़ के छात्र चिराग शर्मा का अंडर-14 छात्र वर्ग कबड्डी में राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन हुआ है।

चिराग शर्मा का राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन होना, जहां स्कूल के लिए खुशी की खबर है वहीं राजगढ़ क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। स्कूल अध्यक्ष वैभव शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए चिराग शर्मा को बधाई दी व आने वाले समय के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। चिराग शर्मा के पिता राजेंद्र कुमार व माता रीना शर्मा व अभिभावकों में खुशी की लहर है। स्कूल के अध्यक्ष वैभव शर्मा ने चयनकर्ता एडीपीओ सिरमौर कबड्डी कनवीनर वीर सिंह ठाकुर चयनकर्ता शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र शर्मा, टेक्निकल स्पोर्ट डारेक्टर एलिमेंट्री हिम्र कबड्डी कोच पुरन ठाकुर का भी आभार व्यक्त किया।

# बूथ कार्यसमिति की एकजुटता से संगठन की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी: श्रीकांत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय जनता पार्टी सोलन मंडल की बैठक सोमवार को पार्टी कार्यालय भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र ने की।

बैठक में विशेष रूप से भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा तथा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थ ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला सोलन प्रभारी राजपाल, जिला सह-प्रभारी वंदना गुलेरिया, पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, डॉ. संजय, प्यारेलाल, जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल एवं डॉ. राजेश सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के 'अपना बूथ सबसे मजबूत' अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना रहा। प्रदेश प्रभारी शर्मा ने सभी बूथ अध्यक्षों से संवाद करते हुए कहा कि हर बूथ अध्यक्ष का



भाजपा सोलन मंडल की बैठक में पहुंचे पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा।

वास्तविक कार्यक्षेत्र उसका बूथ ही है। जब प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ कार्यसमिति के साथ एकजुट होकर कार्य करेगा, तो संगठन की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठित प्रयास करें तो पार्टी और उसकी विचारधारा आगामी चुनावों में निश्चित रूप से विजयी रहेगी। बैठक के दौरान मंडल स्तर पर संगठन सुदृढ़ीकरण, जनसंपर्क अभियान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। प्रभारी ने 96 नंबर बूथ क्लीन (वार्ड नंबर 13) की बूथ कार्यसमिति को हार और पटका डालकर विशेष रूप से सम्मानित किया।

# भारतीय सेना देश का गौरव: संजय अवस्थी

## पूर्व सैनिक लीग के सामुदायिक भवन के प्रथम तल के कार्य का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, अर्की/ सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि भारतीय सेना देश का गौरव है और प्रत्येक देशवासी को भारतीय सेना पर गर्व है।



पूर्व सैनिक लीग के सामुदायिक भवन का शिलान्यास करते विधायक संजय अवस्थी।

संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बातल में 20 लाख रुपए की राशि से निर्मित होने वाले पूर्व सैनिक लीग अर्की के सामुदायिक भवन के प्रथम तल की आधारशिला रखने के उपरांत उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं अन्य को सम्बोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि सैनिकों के हौसले से ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और करोड़ों लोग खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का दायित्व है कि देश की रक्षा के बाद सेवानिवृत्त होकर घर लौटने वाले सैनिकों का सम्मान करें। उनकी समस्याओं के निवारण में सहायक बनें और उनके विभिन्न कार्यों को अभिलम्ब पूर्ण करें। उन्होंने पूर्व सैनिक लीग अर्की के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सैनिकों ने अपना बहुमूल्य समय देश की सेवा में दिया और अब सेवानिवृत्ति के उपरांत भी सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने आशा जताई कि पूर्व सैनिक लीग अर्की के प्रयासों से प्रेरणा लेकर युवा भारतीय सेना का अभिन्न अंग बनने के लिए प्रोत्साहित होंगे। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार भूतपूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों, वीर नारियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में भूतपूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों, वीर नारियों के उत्थान के लिए अनेक सकारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। अर्की विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। बातल चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र आरंभ होगा। इस कार्य के लिए 24 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विधायक ने इस अवसर पर उत्तर भारत के मास्टर बॉडीबिल्डिंग पुरुष वर्ग में पहला स्थान हासिल करने वाले राजेश भट्टी को सम्मानित भी किया। पूर्व सैनिक लीग अर्की के अध्यक्ष कैप्टन पदम देव ठाकुर ने इस अवसर पर मुख्यातिथि का स्वागत किया और लीग की गतिविधियों से अवगत करवाया।

# पच्छाद में धूमधाम से मनाया देव ग्यास पर्व

**अनंत ज्ञान, सराहां**

पच्छाद में देव ग्यास पर्व को धूमधाम से मनाया गया। पच्छाद वासियों ने अपने कुल देवता व देवियों की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर इलाके के भुरशिंग देवता मंदिर में होने वाला देव उत्सव अपने आप में अनोखा उत्सव है। देवस्थली पजेली से कथाड देवस्थल के क्वाग धार स्थित मंदिर प्रांगण तक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस शोभायात्रा की खासियत यह रही कि इसमें देवता पालकी में नहीं चलते बल्कि देवशक्ति सीधे पुजारी के शरीर में प्रवेश करती है और वह अपने पारंपरिक श्रृंगार जिसमें पुजारी को पगड़ी पहनाई जाती है, जिसमें देवता का छत्र जड़ा होता है। सुसज्जित हो कर साक्षात देवता रूप में पैदल मंदिर पहुंचती है। यह शोभा एक कोस यानी ढाई किलोमीटर का सफर पूरा कर मोड़ यानी मंदिर में पूरी होती है।

इस यात्रा के दौरान देवता वाद्य यंत्रों की धुनों के बीच 7 चिन्हित स्थानों पर दूध की धारा चढ़ाते हैं और मोड़ यानी मंदिर पर पहुंचते ही 8वीं धारा पवित्र शिला पर चढ़ाई जाती है। इसके बाद देवता मंदिर में प्रवेश करते है जहां 22 उपगोत्र द्वारा आगे की रस्में निभाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान से शिव पार्वती ने महाभारत का युद्ध देखा था। विश्वनाथ, केदारनाथ द्वादश ज्योतिर्लिंगों व भू लिंगो के इतिहास में यहां स्थित स्वयंभू लिंग कालांतर में भुरिशृंग जो दूधाधारी भुरशिंग के नाम से विख्यात हुआ वह आज भी शिवलिंग शिला के रूप में विद्यमान है। श्रद्धालु कच्चा दूध शिला पर चढ़ा कर देवता की पूजा करते हैं।

# किसानों के मालिकाना हक को लेकर हुई चर्चा

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल मुख्यालय में लघु किसान कल्याण एकता हिमाचल प्रदेश की ब्लॉक इकाई कंडाघाट की बैठक आयोजित की गई। इसमें चकौटा धारक किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में इस संगठन के प्रदेशाध्यक्ष दलीप सिंह, प्रभारी कांति प्रकाश महासचिव राबट विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला, ब्लॉक पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति में बैठक में चकौटा धारकों की भूमि के मालिकाना हक के लिए संगठन के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट रखी गई। बताया गया कि पंजाब समय में 1961 को चकौटा धारकों को भूमि आबंटित की गई थी। हिमाचल बनने के बाद जिन्हें नौ तोड़ या शामलात के नाम से भूमि सरकार ने आबंटित की उसे मालिकाना हक मिले चकौटा धारकों को आज तक वह हक नहीं मिले। इसलिए, संगठन इनके हकों के लिए प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष मामला ले गया है। इसके बाद न्यायालय में वांछित रिकार्ड इन चकौटा धारकों से लिया जा रहा है। बैठक में सदस्यों को बताया गया कि वह इस अफवाह में न आए कि चकौटा धारकों के पास कब्जा नाजायज भूमि नहीं है। यह भूमि वर्ष 1954 में पंजाब सरकार ने नियम के तहत आबंटित की गई है।

# पाइनग्रोव स्कूल की लड़कियों ने सीबीएसई नेशनल्स में नॉर्थ जोन-II को किया गौरवान्वित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू की अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट टीम ने 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक भोपाल में आयोजित सीबीएसई नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप में उपविजेता बनकर स्कूल का नाम रोशन किया।

अंडर-19 (आकांक्षा गुरुंग, वान्या लांबा, गीत कौर, कनिका चौहान और अवनि) और अंडर-17 (सत्यजना सांची) वर्ग में नॉर्थ जोन-II का प्रतिनिधित्व करते हुए, पाइनग्रोव की लड़कियों ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। साउथ जोन-II के खिलाफ रोमांचक फाइनल में, नॉर्थ जोन-II ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 54 रनों से हार गई। साउथ जोन-II ने 142/3 का स्कोर बनाया, जबकि नॉर्थ जोन-II ने 88/5 का स्कोर बनाया, जिसमें अवनि 21 रन बनाकर नाबाद रहीं। आकांक्षा गुरुंग ने अपनी असाधारण गेंदबाजी कौशल के दम पर अंडर-19 एसजीएफआई राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में जगह पक्की कर ली है। पाइनग्रोव की सत्यंजना सांची ने अंडर-17 टीम का नेतृत्व करते हुए स्कूल के गौरव में एक और कीर्तिमान जोड़ा। पाइनग्रोव की उत्कृष्टता की विरासत को और समृद्ध करते हुए, सत्यंजना सांची ने सीबीएसई अंडर-17 नॉर्थ जोन-II टीम की कप्तान के रूप में नेतृत्व करने का सम्मान प्राप्त किया, जो उनके और स्कूल दोनों के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में पाइनग्रोव की गौरवपूर्ण भागीदारी, खेल भावना, उत्कृष्टता और अपने छात्रों के समग्र विकास के प्रति स्कूल की अटूट प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत उदाहरण है।



क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता बनी पाइनग्रोव स्कूल की टीम ट्रॉफी के साथ।

# शिलाई को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना मेरा लक्ष्य: हर्षवर्धन

**अनंत ज्ञान, नाहन**



उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अपने सिरमौर प्रवास कार्यक्रम के दौरान सोमवार को शिलाई विधानसभा क्षेत्र की मानल पंचायत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोटा मानल में 20 लाख की लागत से नवनिर्मित दो कमरों का लोकार्पण किया।

उद्योग मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोटा मानल में निर्मित इन कमरों के माध्यम से इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे 160 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़कर भाग लेना चाहिए तभी उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए वह हमेशा प्रयासरत हैं जिसके लिए क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा शिलाई विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है तथा हर व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अनेक परिवर्तनकारी पहल की हैं, जिनके परिणामस्वरूप प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब तक विभिन्न श्रेणियों के लगभग 8000 शिक्षकों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं। जिनके माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त पड़े पदों को भरा गया है। उन्होंने बताया कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए सुधारों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और राज्य की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

### डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुन्दन में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल में स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी निकालकर गोद लिए गांव व स्थानीय बाजार में जागरूकता संदेश दिए। इसके उपरांत कार्यक्रम प्रभारी संतोष बाबू के नेतृत्व में योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास किया। श्रम साधना के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने गोद लिए गांव धुन्दन स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में झाड़ियों की सफाई की और वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। बौद्धिक सत्र में बैंक प्रबंधक राजेश कुमार और डॉ. अनीता देवी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। राजेश कुमार ने स्वयंसेवियों को बैंकिंग सुविधाओं, डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा तथा खाते में हैक होने से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वहीं डॉ. अनीता ने सकारात्मक विचारों और जीवन मूल्यों पर अपने विचार रखे तथा लघु कहानियों व प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में नैतिकता अपनाने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक संध्या में ग्राम पंचायत धुन्दन की वार्ड सदस्य कौशल्या देवी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

### दीक्षांत का स्कूल पहुंचने पर हुआ स्वागत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में छात्र दीक्षांत के सम्मान में प्रातःकालीन सत्र के दौरान एक सूक्ष्म सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्यापक जय प्रकाश ने जानकारी दी कि दीक्षांत ने राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो खेल में जिला सोलन का प्रतिनिधित्व किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले तीन स्थानों में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में वापसी पर दीक्षांत का हार पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक पी. सी. बट्टू ने छात्र दीक्षांत और उनके कोच जय प्रकाश को शुभकामनाएं दीं तथा अन्य विद्यार्थियों से उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

### सोलन कॉलेज में शपथ ग्रहण समारोह

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में 'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने समस्त स्टाफ, विद्यार्थियों, एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं रोवर-रेंजर क्लब के सदस्यों तथा अन्य विद्यार्थियों को ईमानदारी, पारदर्शिता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलवाई। डॉ. कोहली ने कहा कि सत्यनिष्ठा केवल एक मूल्य नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का मूल आधार है।

# तेग बहादुर के आदर्शों से नई पीढ़ी ले प्रेरणा : सैनी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा सचिवालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के विद्यालयों में आयोजित निबंध लेखन एवं 'सुनो कहानी श्री गुरु तेग बहादुर जी की' प्रतियोगिता का वर्चुअल शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सैनी ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के अदम्य साहस, त्याग और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कहा कि गुरु साहिब का जीवन सत्य, साहस और मानवता की अनुपम मिसाल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के.एम. पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमती वर्षा खांगवाल, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री प्रभलीन सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश के विभिन्न स्कूल वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके विचार सुने और उन्हें श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर चार विद्यार्थियों ने 'साखी वाचन' प्रस्तुत कर श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन से जुड़ी प्रेरक घटनाओं को साझा किया। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने गुरुओं और राष्ट्र नायकों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी से लेकर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी तक सभी गुरुओं ने हरियाणा की धरती को अपनी चरण धूलि से पवित्र किया है और उनकी शिक्षाएं यहां के जनमानस में गहराई से रची-बसी हैं। सैनी ने बताया कि इस आयोजन में प्रदेशभर के विद्यालयों से साढ़े तीन लाख से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी हो रही है, जो इस बात का प्रमाण है कि नई पीढ़ी अपने गुरुओं के आदर्शों और बलिदानों से प्रेरणा ले रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे प्रतियोगिता में पूरे उत्साह से हिस्सा लें और श्री गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, सहिष्णुता, समानता और न्याय के संदेश को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि आज की तकनीकी पीढ़ी को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का उपयोग मानवता, करुणा और भाईचारे का संदेश फैलाने में करना चाहिए। यही श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने कर्म और विचारों से राष्ट्र को और मजबूत बनाने का संकल्प लें। यही इस प्रतियोगिता का सच्चा उद्देश्य है।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व चैंपियन बनने पर दी बधाई

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व चैंपियन बनने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है और यह उपलब्धि पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री हरियाणा निवास में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस विजेता टीम का हिस्सा रही हरियाणा की बेटी शेफाली वर्मा ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। शेफाली ने निर्णायक पारी खेलते हुए 87 रन बनाए और साथ ही दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि शेफाली का शानदार प्रदर्शन हरियाणा की बेटियों की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प का प्रतीक है।

## कुरुक्षेत्र को जल्द मिलेगी रिंग रोड की सुविधा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद को देखते हुए कुरुक्षेत्र में रिंग रोड की योजना पर तेजी से काम चल रहा है।

इसकी डीपीआर लगभग तैयार हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र के विकास के लिए 250 करोड़ रुपये की राशि जारी की, जिससे धर्मनगरी को नया स्वरूप मिल रहा है। यह बात हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा निवास में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में कुरुक्षेत्र में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि गीता की जन्मभूमि कुरुक्षेत्र को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए और इसी पर कार्य करते हुए प्रदेश सरकार ने कुरुक्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए अनेक कार्यों को अमलीजामा पहनाया है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में न केवल देश से बल्कि विदेशों से भारी संख्या में पर्यटक, सैलानी व श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आज गीता जयंती महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई है। उन्होंने कहा कि धर्मनगरी को भव्य और आकर्षक बनाया जा रहा है। ज्योतिसर में महाभारत कालीन घटनाओं पर आधारित अनुभव केंद्र बनकर लगभग तैयार है। 25 नवंबर को हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र आ रहे है, उस दिन वे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विदेश मंत्रालय विशेष भूमिका निभा रहा है। विदेश मंत्रालय के माध्यम से 24 देशों को निमंत्रण दिए जा चुके हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की परियोजना कृष्णा सर्किट के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र अब सिर्फ तीर्थ नहीं, बल्कि वैश्विक आकर्षण का केंद्र बनेगा।

## दीपोत्सव, गीता यज्ञ, वैश्विक पाठ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गीता महोत्सव बनेगा श्रद्धालुओं का केंद्र

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भी शामिल होंगे। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में 15 नवंबर से शुरू होने वाला 10वां अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 5 दिसंबर तक चलेगा। पहली बार यह महोत्सव 21 दिन तक चलेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा निवास चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में संस्कृति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का अलग ही संगम देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र 48 कोस की परिधि में फैला है। इस क्षेत्र में अनेक तीर्थ हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा 182 तीर्थों की पहचान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आज गीता महोत्सव ने अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना ली है। गीता महोत्सव का आयोजन मॉरीशस, लंदन, यूके, कनाडा, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका एवं इंडोनेशिया में आयोजित किया जा चुका है। गीता की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में हर साल अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसलिए हर साल प्रबंध भी व्यापक स्तर पर किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार के अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में मध्यप्रदेश सहयोगी राज्य की भूमिका में रहेगा। मध्यप्रदेश अपनी समृद्ध धार्मिक व आध्यात्मिक संस्कृति के लिए विख्यात है। ऐसे महान सांस्कृतिक परंपराओं वाले राज्य का अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सहयोगी राज्य बनने से इस महोत्सव की गरिमा और गौरव कई गुणा बढ़ गए हैं। मध्यप्रदेश द्वारा ब्रह्मसरोवर पर स्थित पुरुषोत्तम पुरा बाग में सांस्कृतिक पैवेलियन बनाया जा रहा है। जहां मध्य प्रदेश की संस्कृति से परिचित होने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को ब्रह्मसरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन के साथ अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का शुभारंभ भी किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### वोट डालने के लिए सोनीपत से रवाना हुए कामगार

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। लोकतंत्र के महापर्व को लेकर हरियाणा में काम करने वाले बिहार के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। सोमवार को सोनीपत रेलवे स्टेशन से हजारों की संख्या में मतदाताओं को बिहार रवाना किया गया। विशेष रेलगाड़ी को भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्टेशन परिसर में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार जाने वाले मतदाताओं के लिए यात्रा संबंधी सभी व्यवस्थाओं में सहयोग किया। स्टेशन पर पानी, भोजन और टिकट व्यवस्था में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। उनका कहना था कि बिहार में लोकतंत्र के इस पर्व पर हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

### तीन लाख की हेरोइन सहित तीन तस्कर काबू

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। स्थानीय पुलिस ने सिरसा जिले के गांव नरेलखेड़ा क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार एक युवक को करीब 3 लाख रुपए कीमत की 29 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान किरण दीप उर्फ किन्नू पुत्र अवतार सिंह निवासी नरेलखेड़ा जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा की पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान गांव नरेल खेड़ा पर मौजूद थी। इस दौरान रंगाई नाला नरेल खेड़ा के पास एक नौजवान लड़का मोटरसाइकिल लेकर आता दिखाई दिया। बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस कि गाड़ी को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 29 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## हरियाणा में अंशकालिक और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत अंशकालिक (पार्ट टाइम) और दैनिक वेतनभोगी (डेली वेजिज) कर्मचारियों के वेतन में संशोधन करने का निर्णय लिया है। संशोधित वेतन 1 जनवरी, 2025 से प्रभावी होगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में एक अधिसूचना की गई है। यह निर्णय विभिन्न विभागों और संगठनों द्वारा वेतन वृद्धि के सम्बन्ध में किए गए प्रतिवेदनों के बाद लिया गया है, ताकि अंशकालिक और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को उचित पारिश्रमिक मिल सके। राज्य को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है और हर श्रेणी में तीन स्तरों (लेवल) के लिए अलग-अलग वेतन दरें तय की गई हैं। श्रेणी-1 में आने वाले जिलों में अब लेवल-1 कर्मचारियों को 19,900 रुपए प्रतिमाह, 765 रुपए प्रतिदिन और 96 रुपए प्रति घंटा वेतन मिलेगा। लेवल-2 कर्मचारियों को 23,400 रुपए प्रतिमाह, 900 रुपए प्रतिदिन और 113 रुपए प्रति घंटा, जबकि लेवल-3 कर्मचारियों को 24,100 रुपए प्रतिमाह, 927 रुपए प्रतिदिन और 116 रुपए प्रति घंटा दिया जाएगा। श्रेणी-2 जिलों में लेवल-1 के लिए 17,550 रुपए प्रतिमाह, 675 रुपए प्रतिदिन और 84 रुपये प्रति घंटा मिलेगा। लेवल-2 के लिए 21,000 रुपये प्रतिमाह, 808 रुपये प्रतिदिन और 101 रुपये प्रति घंटा, जबकि लेवल-3 के लिए 21,700 रुपये प्रतिमाह, 835 रुपए प्रतिदिन और 104 रुपये प्रति घंटा वेतन निर्धारित किया गया है।

## ग्रुप-डी उम्मीदवारों की होगी बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत ग्रुप-डी, कॉमन कैडर पदों के लिए चुने गए सभी उम्मीदवारों का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करने का फैसला किया है। यह कदम भर्ती प्रक्रिया की शुचिता सुनिश्चित करने और भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायत या मुकदमेबाजी से बचने के लिए उठाया जा रहा है। इस संबंध में मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी एक पत्र में सभी विभागाध्यक्षों, मंडल आयुक्तों और उपायुक्त, पंचकूला से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों में कार्यरत ग्रुप-डी (कॉमन कैडर) उम्मीदवारों का विवरण हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सचिव को भेजें ताकि बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सके।

## यूनाइटेड सिख्स की 'उत्कृष्ट सेवा' के लिए की सराहना

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



बीएसएफ (पंजाब फ्रंटियर) फ़िरोज़पुर के उप इंस्पेक्टर जनरल विजय राणा ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सेवाभाव से काम कर रहे यूनाइटेड सिख्स के सेवादारों के मानवीय प्रयासों की सराहना की है।

यूनाइटेड सिख्स के प्रमुख सुखविंदर सिंह और उनके सहयोगियों के साथ एक विशेष बैठक के बाद, विजय राणा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यूनाइटेड सिख्स के सेवादारों ने बीएसएफ अधिकारियों और जवानों के साथ मिलकर फ़िरोज़पुर जिले सहित पंजाब के विभिन्न बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों को तुरंत खाद्य सामग्री, पेयजल, कपड़े, दवाइयां, पशुओं के लिए चारा और नावें आदि उपलब्ध कराई हैं। इस अवसर पर, यूनाइटेड सिख्स के प्रमुख सुखविंदर सिंह ने इस मानवीय सेवा को आगे बढ़ाने में उनके पूर्ण सहयोग के लिए फ़िरोज़पुर जिला प्रशासन के अधिकारियों और फिरोजपुर जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर दीप शिखा शर्मा ने यूनाइटेड सिख्स द्वारा प्रदान की जा रही बहुमूल्य सहायता को देखते हुए जिले के ग्यारह बाढ़ प्रभावित गांवों के पुनर्वास और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की जिम्मेदारी संस्था को सौंपी है। उन्होंने कहा कि उनके सेवादार बड़ी लगन और कुशलता से इस सेवा को निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूनाइटेड सिख्स द्वारा शुरू किए गए इस प्रमुख कार्य, जिसका उद्देश्य इन ग्यारह गांवों के निवासियों को आत्मनिर्भर बनाना है, में खेतों की सफाई, डीजल, बीज, खाद व दवाइयों की आपूर्ति, नए घरों का निर्माण, स्कूली बच्चों के लिए नई ड्रेस, किताबें-कॉपियां उपलब्ध कराने के साथ-साथ गर्म कपड़े, कंबल, दवाइयां और राशन आदि शामिल है। ये सभी कार्य स्थानीय लोगों के सहयोग से चल रहे हैं। इस अवसर पर बीएसएफ के कई अधिकारी और यूनाइटेड सिख्स के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

## देश-विदेश

# दिल्ली से चल रही बिहार सरकार सारे निर्णय केंद्र ले रहा : प्रियंका

एजेंसी, पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को सोनबरसा में जनसभा को संबोधित किया। चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि आज बिहार की सरकार वास्तव में दिल्ली से संचालित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य से जुड़े सारे निर्णय केंद्र से लिए जा रहे हैं और मुख्यमंत्री की भी कोई सुनवाई नहीं होती।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि महागठबंधन जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है और बिहार को एक नया दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अब समय आ गया है कि बिहार के लोग उन ताकतों से सावधान रहें जो सिर्फ वादे करती हैं। इस बार अपने बच्चों के भविष्य और बिहार की तरक्की के लिए महागठबंधन को भारी मतों से विजयी बनाइए। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रही है, लेकिन सत्ता में बैठी पार्टियां पिछले 20 सालों से जनता को भटकाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री को एक सुझाव देना चाहती हूं। एक नया मंत्रालय बना दीजिए, 'अपमान मंत्रालय'। वे हमेशा सूची बनाते रहते हैं कि किसने उन्हें गाली दी, किसने उनका अपमान किया। (अनंत ज्ञान)

## सोने-चांदी के दाम में मामूली बढ़त

एजेंसी, नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में सोमवार को मामूली तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना 7 रुपए बढ़कर 1,20,777 रुपए पर पहुंच गया।

इससे पहले सोने की कीमत 1,20,770 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी 175 रुपए बढ़कर 1,49,300 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई। इससे पहले इसकी कीमत 1,49,125 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# 14 को राहुल-लालू का सूपड़ा साफ होगा: शाह

एजेंसी, सीतामढ़ी

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने सोमवार को सीतामढ़ी के बेलसंड में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में बिहार के विकास, एनडीए सरकार की उपलब्धियों और विपक्ष पर तीखे हमले किए।

अमित शाह ने कहा कि अब बिहार में 'जंगलराज' इतिहास बन चुका है और राज्य आज इंफ्रास्ट्रक्चर व इनोवेशन के जरिए विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाया है। शाह ने इस दौरान सीतामढ़ी के लिए एक बड़ा और भावनात्मक वादा भी किया। उन्होंने कहा, 'जिस दिन सीतामढ़ी में माता सीता के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी, उसी दिन सीतामढ़ी से अयोध्या के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। जो भी अयोध्या आएगा, वह सीतामढ़ी भी आएगा, इससे बिहार के पर्यटन को बड़ा लाभ होगा।' विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, 'महागठबंधन में न नेता है, न नीति है। मालूम ही नहीं है कि कौन, किस सीट से चुनाव लड़ रहा है।' (अनंत ज्ञान)

## वियतनाम में बाढ़ में मरने वालों की संख्या 37 हुई, एक और चक्रवाती तूफान की आशंका

एजेंसी, हनोई। मध्य वियतनाम में बाढ़ और भूस्खलन की अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई है। इस बीच, एक और चक्रवात इस सप्ताह के आखिर तक देश के मध्य तटीय क्षेत्र तक पहुंचने वाला है, जिसके कारण स्थिति और भी भयावह हो सकती है। अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन जनित दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या 37 हो गई है जबकि पांच लोग लापता हैं और 78 घायल हुए हैं। गौरतलब है कि देश में अक्टूबर के अंत से शुरू हुई रिकॉर्ड बारिश के कारण कई गांव जलमग्न हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दानांग सहित कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति ठप है और इंटरनेट सेवाएं बाधित चल रही हैं। कई राष्ट्रीय राजमार्ग अभी भी अवरुद्ध हैं। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह से नदियां फिर से उफान पर है और हू सिटी में हुवांग और बो नदियां खतरे के निशान को पार कर गई हैं। (अनंत ज्ञान)

## हमास ने 3 बंधकों के शव इसराइल को सौंपे

एजेंसी, गाजा पट्टी। आतंकवादी समूह हमास ने तीन और बंधकों के शव इसराइल को सौंप दिए। इसराइल के अधिकारी तीनों की पहचान की पुष्टि के लिए प्रयासरत हैं। इनमें से एक शव की पहचान सैनिक ओमर न्यूट्रा के तौर पर हुई है। इस बीच इसराइल ने कहा कि गाजा में हमास के अब ठिकाने बचे हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट बोला- 3 हजार करोड़ रुपए के डिजिटल अरेस्ट पर सख्ती से निपटा जाएगा

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट से सख्ती से निपटने की बात कही है। इन मामलों में साइबर क्रिमिनल लोगों को नकली सरकारी अधिकारी, पुलिस के अधिकारी या फिर जांच अधिकारी बनकर खासकर बुजर्गों को डिजिटल अरेस्ट कर लेते हैं और पैसे ऐंठते हैं।



अदालत ने कहा कि पीड़ितों से लगभग 3 हजार करोड़ वसूले गए हैं और यह समस्या आगे बढ़ने वाली है। जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट इस मुद्दे पर सभी पार्टियों को सुनेगा और एक न्यायमित्र, वरिष्ठ वकील एनएस नप्पिनई की नियुक्ति करेगा। मामले पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'यह चौंकाने वाला मामला है कि अकेले हमारे देश में पीड़ितों से लगभग 3,000 करोड़ वसूले गए हैं। अगर हम इसे अभी नजरंदाज करते हैं और कड़े और सख्त आदेश पारित नहीं करते हैं तो समस्या और बढ़ जाएगी। हम इससे सख्ती से निपटने का पक्का इरादा रखते हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबसे दुखद बात यह है कि पीड़ित खासकर बुजुर्ग लोग हैं।

उन्होंने कोर्ट को बताया कि गृह मंत्रालय में एक स्पेशल यूनिट है जो ऐसी शिकायतों की जांच कर रही है। उन्होंने विस्तारित रिपोर्ट फाइल करने के लिए समय की मांग की। (अनंत ज्ञान)

## बीरेन सिंह के ऑडियो क्लिप से छेड़छाड़ हुई: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कुकी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट को बताया कि मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह से जुड़े ऑडियो क्लिप से छेड़छाड़ की गई है। दावा किया गया था कि इस ऑडियो क्लिप में पूर्व सीएम ने मैतेई समुदाय को हिंसा भड़काने की इजाजत देने की बात कबूली थी। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि गुजरात के गांधीनगर स्थित नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ऑडियो क्लिप की एडिटिंग की गई थी। वह आवाज की तुलना के लिए साइंटिफिक रूप से फिट नहीं थी। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि प्राइवेट फोरेंसिक संस्था, ट्रुथ लैब्स की रिपोर्ट में क्लिप की आवाज 93% तक बीरेन सिंह की आवाज से मेल खाती बताई गई थी। उसमें कोई कट या एडिटिंग नहीं मिली थी। भूषण ने कहा कि सरकार को ऑडियो टेप एक साल से भी पहले भेजे गए थे, फिर भी उनकी जांच नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप की लोकप्रियता 1 साल में ही 18% गिरी

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा चुने जाने को 5 नवंबर को एक साल पूरा होने जा रहा है, लेकिन उससे एक दिन पहले यानी 4 नवंबर 2025 को उनके लिए अब तक का सबसे बड़ा लिटमस टेस्ट होने वाला है। इस दिन न्यूयॉर्क सिटी अपने नए मेयर का चुनाव करेगी और साथ ही वर्जीनिया और न्यूजर्सी राज्य में गवर्नर और विधानसभा चुनाव होंगे। पिछले एक साल में ट्रंप की नेट अप्रूवल रेटिंग नवंबर की शुरुआत में 18% तक गिर चुकी है। जो ओबामा और बाइडेन दोनों के पहले वर्ष से काफी नीचे है। ओबामा के पहले वर्ष के अंत में यह 3% और बाइडेन के कार्यकाल में 7% की गिरावट आई थी।



वॉशिंगटन से लेकर वर्जीनिया और न्यूयॉर्क तक सभी की नजरें इस चुनाव पर टिकी हैं।

यह चुनाव तय करेगा कि ट्रंप का दूसरा कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर कहां उतर रहा है या नहीं। रिपब्लिकन इसे नीतिगत मजबूती का सबूत मान रहे हैं, जबकि डेमोक्रेट्स इसे 'मिनी रेफरेंडम' कह रहे हैं। न्यूयॉर्क मेयर के मुकाबले में भारतीय मूल के युवा नेता जोहरान ममदानी (33) बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। वे न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य भी हैं। जोहरान युगांडा के लेखक महमूद ममदानी और फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं। वे डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं और प्रोग्रेसिव वोटरों, युवा, अफ्रीकी-अमेरिकी और लैटिन समुदाय के मजबूत समर्थन में हैं। उन्होंने चुनाव प्रचार में न सिर्फ शहर की बढ़ती रहने की लागत को मुद्दा बनाया है, बल्कि अमीरों पर टैक्स लगाकर गरीब के लिए आवास की योजनाएं देने का वादा किया है। ममदानी 14 प्रतिशत के बड़े अंतर से आगे हैं। ट्रंप ने ममदानी को लेकर चेतावनी दी है कि अगर वे मेयर बने तो न्यूयॉर्क की संघीय सहायता फंडिंग बंद कर देंगे। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 39 अंक चढ़ा, निफ्टी में 41 अंक का आया उछाल, फार्मा और बैंकिंग सेक्टर में तेजी

एजेंसी, मुंबई

शेयर बाजार में 3 नवंबर को फ्लैट कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स 39 अंक गिरकर 84,000 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 41 अंक की मामूली तेजी रही। ये 25,763 के स्तर पर कारोबार बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 शेयर में तेजी और 10 में गिरावट रही। सरकारी बैंकिंग और फार्मा सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। वहीं, आईटी और एफएमसीजी शेयर्स में बिकवाली रही। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 2.78% ऊपर 4,221 पर बंद हुआ है। वहीं, जापान का निक्केई इंडेक्स आज बंद है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.97% चढ़कर 26,158 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55% ऊपर 3,976 पर बंद हुआ। 31 अक्टूबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.086% चढ़कर 47,562 पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन 31 अक्टूबर को सेंसेक्स 465 अंक गिरकर 83,938 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 155 अंक की गिरावट रही, ये 25,722 पर क्लोज हुआ। (अनंत ज्ञान)



# भारत की शराब कंपनियां दे रहीं 14 गुना तक रिटर्न

## दुनिया में शराब की खपत घटी, भारत में बढ़ी, बाजार 60 अरब डॉलर तक पहुंचा

एजेंसी, मुंबई

चार साल में दुनियाभर में शराब की खपत में तेज गिरावट आई है। अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे बाजारों में डियागो, पर्नोड रिकर्ड, रेमी कॉइंट्रू और ब्राउन फोर्मेन जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर 75% तक टूटे हैं और उद्योग का मूल्यांकन 74 लाख करोड़ रुपए घटा है। सस्वास्थ्य जागरुकता, बदलती जीवनशैली और महंगाई इसके प्रमुख कारण हैं। अब ये कंपनियां नॉन-अल्कोहलिक उत्पादों की ओर बढ़ रही हैं। डियाजियो ने 'रिचुअल जीरो प्रूफ' खरीदा है, जबकि कार्लसबर्ग और कंपारी-मिलानो ने भी ऐसे ब्रांड लॉन्च किए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 50 प्रमुख शराब ब्रांडों के शेयर जून 2021 से औसतन 46% गिरे हैं। वहीं, भारत में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है। 2005 में प्रति व्यक्ति खपत 2.4 लीटर से बढ़कर 2016 में 5.7 लीटर हो गई, 2030 तक 6.7 लीटर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत का शराब बाजार 60 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।



चार साल में यूनाइटेड स्पिरिट्स, रेडिको खेतान और ग्लोबस स्पिरिट्स के शेयर 14 गुना बढ़े हैं। राज्यों को शराब बिक्री से 19,730 करोड़ राजस्व मिला है।

**मप्र में 86%, राजस्थान में 29% तक बढ़ी शराब की खपत :** मप्र में 2021-22 में 245.33 लाख ली. शराब की खपत हुई थी, जो 2024-25 में 456.44 लाख ली. हो गई यानी 86% का इजाफा। इसी दौरान, राजस्थान में यह 235.86 से 304.16 लाख ली. हो गई यानी 28.95% की बढ़ोतरी हुई। (अनंत ज्ञान)

# लगातार 3 हार के बाद चैंपियन बना भारत

## फाइनल में हाफ सेंचुरी लगाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज शेफाली, 200 प्लस रन व 22 विकेट लेने वाली दुनिया की पहली प्लेयर बनी दीप्ति

**एजेंसी, मुंबई**

**भारत** ने 1978 में पहला महिला वर्ल्ड कप खेला था। तब से 1 नवंबर 2025 तक टीम एक भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाई थी। रविवार को 47 साल का सूखा खत्म हुआ। भारत ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से फाइनल हराकर पहला वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम कर लिया। शेफाली वर्मा फाइनल में हाफ सेंचुरी लगाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज बनीं। उन्होंने 21 साल 278 दिन की उम्र में यह कारनामा कर दिखाया। शेफाली ने 2 विकेट भी चटकाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। वे सबसे कम उम्र में फाइनल में यह अवॉर्ड पाने वाली प्लेयर बनीं। वे एक टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली बॉलर भी बनीं। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया की जेई डफीन ने 23 साल 235 दिन की उम्र में 2013 वर्ल्ड कप में फिफ्टी लगाई थी। वहीं, दीप्ति को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। स्मृति मंधाना ने भारत के लिए वर्ल्ड कप के एक एडिशन में सबसे ज्यादा रन बनाए। (अनंत ज्ञान)


फाइल फोटो

### दीप्ति शर्मा टॉप विकेट टेकर

दीप्ति शर्मा ने इस वर्ल्ड कप में 22 विकेट चटकाए। वे टूर्नामेंट की टॉप विकेट टेकर बनीं। दीप्ति भारत के लिए वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दूसरे नंबर पर भी पहुंच गईं। उनके नाम अब 35 विकेट हो गए। पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी 43 विकेट के साथ टॉप पर हैं। दीप्ति को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी मिला। उन्होंने 22 विकेट लेने के साथ 215 रन भी बनाए। वे वर्ल्ड कप में 200 प्लस रन के साथ 20 विकेट लेने वालीं दुनिया की पहली महिला प्लेयर भी बनीं।

### पहली आईसीसी ट्रॉफी जीती

भारतीय महिला टीम ने अपने क्रिकेट करियर की पहली आईसीसी ट्रॉफी जीत ली। टीम इससे पहले 2005, 2017 वनडे वर्ल्ड कप और 2020 टी-20 वर्ल्ड कप में रनर-अप रही थी।

### मंधाना इस वर्ल्ड कप की सेकेंड टॉप स्कोरर

स्मृति मंधाना इस वर्ल्ड कप की सेकेंड टॉप स्कोरर रहीं। उन्होंने 9 मैच में 434 रन बनाए। पहले नंबर पर साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट रहीं। उन्होंने 571 रन बनाए।

### विश्व कप विजेता भारतीय महिला टीम को 51 करोड़ का पुरस्कार देगा बीसीसीआई

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एकदिवसीय विश्व कप जीतने पर 51 करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वैश्विक ट्रॉफी जीती। सैकिया ने सोमवार को पीटीआई को बताया कि बीसीसीआई विश्व कप जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सम्मान के तौर पर 51 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार देगा। इसमें सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य शामिल हैं।




### हरमनप्रीत ने वर्ल्ड कप नॉकआउट में सबसे ज्यादा रन बनाए

**हरमनप्रीत** कौर ने वर्ल्ड कप नॉकआउट (सेमीफाइनल+फाइनल) में सबसे ज्यादा रन बना लिए हैं। उनके नाम अब 4 मैचों में 331 रन हो गए हैं। बेलिंडा क्लार्क ने 6 मैच में 330 रन बनाए थे।

### ऋचा ने वर्ल्ड कप के एक एडिशन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाए

ऋचा घोष ने वर्ल्ड कप के एक एडिशन में सबसे ज्यादा सिक्स लगा दिए हैं। उन्होंने फाइनल में 2 छक्के लगाए। इसी के साथ उनके नाम टूर्नामेंट में 12 सिक्स हो गए। वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन 2013 और साउथ अफ्रीका की लिजेल ली 2017 में 12-12 सिक्स लगा चुकी हैं।

### वर्ल्ड कप में भारत का सफर

**इस** वर्ल्ड कप में भारत ने 9 मैच खेले। फाइनल तक भारत का सफर आसान नहीं रहा। टीम ने 3 लगातार हार के बाद वापसी की और सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराया। भारत को 4 में जीत और 4 में हार मिली। एक मैच बेनतीजा रहा। फाइनल में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनायाभारत ने महिला वर्ल्ड कप फाइनल में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। इससे पहले 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट खोकर 356 रन बनाए थे। फाइनल में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड शेफाली के नाम हो गया है। उन्होंने 87 रन की पारी खेली। इससे पहले 2017 के फाइनल में पूनम राउत ने इंग्लैंड के खिलाफ 86 रन बनाए थे। स्मृति मंधाना वर्ल्ड कप के एक एडिशन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बन गईं। उन्होंने 9 मैचों में 434 रन बनाए। इससे पहले यह रिकॉर्ड मिताली राज के नाम था, जिन्होंने 2017 वर्ल्ड कप में 409 रन बनाए थे।

### वोल्वार्ट ने वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाए

साउथ अफ्रीका की कप्तान महिला वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर बन गईं। उनके नाम अब 571 रन हो गए। लौरा ने ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। हीली ने 2021 में 509 रन बनाए थे। वोल्वार्ट दूसरी ही खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने एक ही वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक लगाया। उनसे पहले यह उपलब्धि एलिसा हीली ने 2022 वर्ल्ड कप में हासिल की थी। लौरा वोल्वार्ट ने महिला वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने 14वीं बार 50+ स्कोर बनाया। लौरा से पहले भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने 13 बार यह कारनामा किया था।

### यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा कैच: अमनजोत

**महिला** विश्व कप के फाइनल में अपने शानदार क्षेत्ररक्षण से दक्षिण अफ्रीका की सलामी जोड़ी को पवेलियन भेजने में योगदान देने वाली अमनजोत कौर ने कप्तान लौरा वोल्वाईट के कैच को अपने अब तक के करियर का सबसे बड़ा कैच करार दिया। अमनजोत ने दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स को रन आउट कर वोल्वाईट के साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 42वें ओवर में वोल्वाईट का शानदार कैच उस समय लपका जब वह शतक पूरा कर भारत और जीत के बीच खड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी आठ ओवर में 79 रन की जरूरत थी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन बनाने वाली वोल्वाईट फाइनल में भी शतक पूरा करने के बाद बड़े शॉट खेलने की तैयारी में थी। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद को डीप मिडविकेट की तरफ खेला और अमनजोत के हाथ से गेंद दो बार छिटकी, लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में कैच पूरा कर स्टेडियम में मौजद दर्शकों के साथ टीम के खिलाडियों में जोश भर दिया।। उन्होंने मैच के बाद कहा कि वह मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल कैच था, मैंने आज तक कभी मेरे हाथ से गेंद इस तरह से नहीं छिटकी थी। मैं या तो कैच लपकती थी या छूट जाता था। यह पहली बार है जब भगवान ने मुझे तीन मौके दिए। वोल्वाईट का कैच काफी अहम था और उसके शतक के बाद हमें पता था कि वह एक छोर से बड़े शॉट खेलने की कोशिश करेगी।

### कपिल देव, एमएस धोनी और रोहित शर्मा के क्लब में शामिल हुई हरमनप्रीत

**कपिल** देव ने 1983 में भारत को वनडे वर्ल्ड कप जिताया। एमएस धोनी ने 2007 टी-20 विश्व कप और 2011 विश्व कप दिलाया। रोहित शर्मा 2024 टी-20 विश्व कप जीते और अब महिला टीम में हरमनप्रीत वनडे वर्ल्ड कप जीतीं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला वनडे विश्व कप के नॉकआउट में 331 रनों के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने बाली खिलाड़ी बन गई हैं। पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क के नाम था, जिन्होंने 330 रन बनाए थे। स्मृति मंधाना टूर्नामेंट के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 434 रन बनाए। पूर्व कप्तान मिताली राज ने 2017 में 409 रन बनाए थे।

### सबसे बड़ी प्राइज मनी... 39.55 करोड़ मिले

पुरुष वर्ल्ड कप से भी ज्यादा चैंपियन टीम भारत को करीब 39.55 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिली, जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी राशि है। यह 2023 में हुए पुरुष वर्ल्ड कप से अधिक है। तब ऑस्ट्रेलिया को 33.31 करोड़ मिले थे। रनरअप द. अफ्रीका को लगभग 19.77 करोड़ रुपए मिले।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अर्जेंटीना की फुटबाल टीम मार्च 2026 में करेगी केरल का दौरा

**एजेंसी, मलाप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहमान ने सोमवार को कहा कि स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सीगुवाई में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल मार्च में राज्य में मैच खेलेगी। वह यहां केरल सरकार के खेल विजन 2031 से संबंधित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'दो दिन पहले हमें अर्जेंटीना टीम से एक ईमेल मिला जिसमें पुष्टि की गई थी कि वे मार्च में आएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी।' मंत्री ने बताया कि अर्जेंटीना की टीम के इस दौरे के लिए सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। (अनंत ज्ञान)

### अदिति मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 27वें स्थान पर



**एजेंसी, कुआलालंपुर।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से यहां मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में तीन बर्डी और तीन बोगी से पार का स्कोर बनाया। इस भारतीय गोल्फर का कुल स्कोर 10 अंडर रहा। मियु यामाशिता (65), हाये जिन चोई (73) और हना ग्रीन (68) तीनों ने 18 अंडर के कुल स्कोर से प्ले ऑफ में जगह बनाई। प्ले ऑफ में जापान की यामाशिता ने बर्डी लगाकर खिताब जीता जबकि ग्रीन और चोई ने पार का स्कोर बनाया। पहले दौर से ही शीर्ष पर चल रहीं चोई अंतिम दौर में एक ओवर 73 के खराब प्रदर्शन से खिताब जीतने से चूक गईं। (अनंत ज्ञान)

### फुटबॉलर अलीशा का खूबसूरत अंदाज


**अलीशा** देबोरा लेहमैन (जन्म 21 जनवरी 1999) एक स्विस पेशेवर फुटबॉलर है जो सेरी ए क्लब कोमो और स्विट्जरलैंड की राष्ट्रीय टीम के लिए फॉरवर्ड के रूप में खेलती है। 2023-24 सीज़न के अंतिम अवे गेम में , लेहमैन ने ब्राइटन एंड होव एल्बियन के खिलाफ 1-0 की जीत में गोल किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।



## सिनर फिर बने दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी

**एजेंसी, पेरिस**

**यानिक** सिनर पेरिस मास्टर्स का खिताब जीतने के बाद फिर से दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने फाइनल में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-4, 7-6 (4) से हराया। इटली के चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है। सिनर ने फाइनल में ब्रेक प्वॉइंट का एक भी मौका नहीं गंवाया और एक भी सेट गंवाए बिना टूर्नामेंट जीता। सिनर ने कहा कि पिछले कुछ महीने शानदार रहे हैं। मैंने एक खिलाड़ी के तौर पर खुद को बेहतर बनाने की कोशिश की और इस तरह का नतीजा देखकर मुझे बेहद खुशी होती है। यह साल शानदार रहा। (अनंत ज्ञान)



## एआईएफएफ का ऐलान: इंडियन महिला फुटबाल लीग 2025-26 दो चरणों में होगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को घोषणा की कि इंडियन विमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय भाग लेने वाले क्लबों के अनुरोध के बाद लिया गया है।

एआईएफएफ ने अपने बयान में बताया कि 30 अक्तूबर को आठों क्लबों के साथ हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया।

लीग का पहला चरण 20 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक खेला जाएगा, जबकि दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आयोजित होगा। महासंघ ने बताया कि कार्यक्रम में बदलाव इसलिए किया गया है क्योंकि 'काफी संख्या में खिलाड़ी अपने-अपने क्लबों के अंतरराष्ट्रीय मैचों और राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धताओं में व्यस्त रहेंगे।' (अनंत ज्ञान)

### एशियाई युवा खेलों के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देगा आईओए

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को घोषणा की कि बहरीन में हाल में समाप्त हुए एशियाई युवा खेलों (एवाईजी) में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः पांच लाख, तीन लाख और दो लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा चौथे स्थान पर रहने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 50,000 रुपए जबकि स्वर्ण जीतने वाली पुरुष और महिला कबड्डी टीमों को 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। पदक विजेता खिलाड़ियों के कोचों को भी एक-एक लाख रुपए मिलेंगे। भारत 23 से 31 अक्तूबर के बीच आयोजित किए गए खेलों में 48 पदकों (13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य) के साथ अंतिम तालिका में छठे स्थान पर रहा था। भारत ने मुक्केबाजी में सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा वह कुश्ती में तीन और कबड्डी में दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। आईओए ने विज्ञप्ति में कहा कि स तरह के प्रदर्शन निरंतर प्रयास, कठोर प्रशिक्षण और कोचों तथा सहयोगी स्टाफ के उचित मार्गदर्शन का परिणाम हैं। (अनंत ज्ञान)

## एशेज की तैयारी के लिए टी-20 सीरीज से बाहर हुए ट्रैविस हेड

**एजेंसी, मेलबर्न**



**ऑस्ट्रेलियाई** बल्लेबाज ट्रैविस हेड भारत के खिलाफ चल रही टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला के अंतिम दो मैचों से बाहर हो गए हैं। वे अब एशेज की तैयारी के तहत अपने राज्य साउथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से शेफील्ड शील्ड में खेलने उतरेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार हेड अगले सप्ताह होबार्ट में तस्मानिया के खिलाफ मैच में हिस्सा लेंगे। यह उनका जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के बाद पहला फर्स्ट क्लास मैच होगा। हाल ही में सफेद गेंद क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा है।

उन्होंने पिछले आठ पारियों में (टी20 और वनडे मिलाकर) केवल एक बार 30 से अधिक रन बनाए हैं। अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 142 रन की पारी के बाद से वे बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। ट्रैविस हेड टेस्ट टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी माने जाते हैं और वे नंबर 5 पर उतरेंगे, जहां उनकी आक्रामक बल्लेबाजी विपक्ष के लिए मैच का रुख बदल सकती है। सूत्रों के अनुसार, उन्हें खुद निर्णय लेने की स्वतंत्रता दी गई थी कि वे इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले एक चार दिवसीय मैच खेलना चाहते हैं या नहीं। इस कदम से शेफील्ड शील्ड का आगामी राउंड बेहद आकर्षक हो गया है, क्योंकि लगभग पूरी ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम इसमें हिस्सा लेने वाली है। जोश हेजलवुड (जिन्होंने मेलबर्न में दूसरे टी20 के बाद टीम छोड़ी थी) और मिचेल स्टार्क न्यू साउथ वेल्स की ओर से विक्टोरिया के खिलाफ खेलेंगे, जहां उनके साथ नाथन लायन भी गेंदबाजी करेंगे। सीन एबॉट भी होबार्ट मैच के बाद टी-20 टीम से जुड़कर न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलेंगे। स्टीव स्मिथ, जिन्होंने हाल ही में गाबा में क्वींसलैंड के खिलाफ 118 रन की पारी खेली थी, अपना दूसरा लगातार शील्ड मैच खेलेंगे। विक्टोरिया की टीम में स्कॉट बोलैंड भी शामिल रहेंगे, जिन्हें पिछले मैच में आराम दिया गया था। कैमरन ग्रीन वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की ओर से क्वींसलैंड के खिलाफ उतरेंगे और उम्मीद है कि वे इस मैच में गेंदबाजी की वापसी करेंगे। मार्नस लाबुशेन भी टेस्ट सीरीज से पहले एक और अभ्यास मैच खेलने के इच्छुक हैं, जबकि मैट रेनशॉ को ओपनिंग स्लॉट के लिए आजमाया जा सकता है। तस्मानिया की टीम में ब्यू वेबस्टर खेलेंगे, जबकि साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए एलेक्स केरी और ब्रेंडन डॉगेट उपलब्ध रहेंगे। इस बीच, लेग स्पिनर तनवीर संगा को टी-20 टीम से रिलीज कर दिया गया है, ताकि वे वन-डे कप में न्यू साउथ वेल्स की ओर से सोमवार को क्वींसलैंड के खिलाफ खेल सकें। वे एडम जंपा की गैरमौजूदगी में कवर के रूप में टीम के साथ थे, जो इस समय अपने दूसरे बच्चे के जन्म की प्रतीक्षा कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## एरिना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पाओलिनी को हराया



**एजेंसी, रियाद**

**दुनिया** की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में आठवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-1 से आसान जीत दर्ज की।

सबालेंका ने बेहतरीन सर्विस की और उन्होंने कुल मिलाकर 10 ऐस लगाए। इनमें पहले सेट के अंतिम गेम में लगाए गए चार ऐस भी शामिल हैं। यह सबालेंका का डब्ल्यूटीए स्तर पर 500वां मैच था जो 70 मिनट तक चला। इसी ग्रुप में जेसिका पेगुला ने गत चैंपियन कोको गॉफ को 6-3, 6-7 (4), 6-2 से हराया। गॉफ को अपनी सर्विस में फिर से संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने 17 डबल फॉल्ट किए। (अनंत ज्ञान)

## अब मैदान के बाहर भी कमाल दिखा रहे संजू सैमसन, केरल के युवा एथलीट्स की करेंगे मदद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल छू लेने वाले कदम के रूप में, जो करुणा और समर्पण दोनों को बखूबी दिखाता है, भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन ने एक बार फिर मैदान के बाहर भी अपने करुणाभरे दिल का प्रमाण दिया है। संजू सैमसन फाउंडेशन ने केरल के दो उभरते युवा एथलीट्स की पूरी जिम्मेदारी उठाने का फैसला किया है, जिन्होंने हाल ही में थिरुवनंतपुरम में हुए स्टेट स्कूल स्पोर्ट्स मीट में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में नया रिकॉर्ड बनाकर सबका ध्यान खींचा।

सैमसन ने बतौर मेंटॉर और टीम के बाहर से सपोर्ट सिस्टम बनकर इस बार खेल भावना की असली मिसाल पेश की है, जो केरल की बढ़ती खेल संस्कृति को मजबूती दे रहा है। केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने बताया कि संजू सैमसन फाउंडेशन अब सीएचएस कैलवरी माउंट की छात्रा देवप्रिया शाइबू और चारमंगलम गवर्नमेंट डीवीएचएसएस के छात्र टीएम अथुल की खेल यात्रा में पूरा साथ देगा। देवप्रिया ने सब-जूनियर गर्ल्स 100 मीटर रेस में नया मीट रिकॉर्ड बनाया, जबकि अथुल ने लड़कों की 100 और 200 मीटर दौड़ दोनों में रिकॉर्ड तोड़े। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि सैमसन सिर्फ क्रिकेट के मैदान पर नहीं, बल्कि खेल जगत के हर युवा खिलाड़ी के लिए प्रेरणा बनते जा रहे हैं। सैमसन ऐसे असली टीम प्लेयर के रूप में खुद को साबित कर रहे हैं, जो अब अपने 'स्टेट' के लिए रन ही नहीं, बल्कि सपनों को भी आगे बढ़ा रहे हैं।



कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने संजू सैमसन का एक संदेश भी पढ़ा, जो 2025 स्टेट स्कूल स्पोर्ट्स मीट के ब्रांड एंबेसडर हैं। अपने संदेश में सैमसन ने न सिर्फ इन युवा एथलीट्स के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की, बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी उनके जज़्बे और संघर्ष की सराहना की।
सैमसन ने कहा, 'जिस बात ने मेरा ध्यान खींचा, वह थी इन एथलीट्स की चुनौतियों के बावजूद हासिल की गई अद्भुत उपलब्धियां। यदि इन्हें सही दिशा और सहयोग मिले, तो ये युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि ओलंपिक स्तर तक पहुंचे सकते हैं। अपने फाउंडेशन के माध्यम से सैमसन ने इन दोनों एथलीट्स की यात्रा, रहने की व्यवस्था, प्रोफेशनल कोचिंग और मेंटॉरशिप का पूरा खर्च उठाने का वादा किया है, ताकि उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए हर जरूरी सुविधा मिल सके। संजू सैमसन फाउंडेशन, जिसकी स्थापना वर्ष 2023 में हुई थी, लगातार युवाओं को सशक्त बनाने, खेलों को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रहा है। सैमसन की इस पहल को खास बनाता है उनका यह संतुलन, जहां वे मैदान पर क्रिकेट के सितारे हैं, वहीं मैदान के बाहर युवाओं के भविष्य के लिए 'टीम इंडिया' से पहले 'टीम ह्यूमैनिटी' की पारी खेल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया से लौटेंगे भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारतीय** टीम के लेफ्ट-आर्म चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चल रही 20 सीरीज से रिलीज कर दिया गया है। अब वह भारत लौटकर साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज की तैयारी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे 5 टी-20 मैचों की सीरीज में तीन मैच खत्म हो चुके हैं। वहीं, सीरीज 1-1 से बराबर है, जबकि एक मैच बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया था। टीम प्रबंधन बीसीसीआई से कुलदीप को रिलीज करने का अनुरोध किया था। बीसीसीआई ने बताया कि कुलदीप को टीम से रिलीज करने का अनुरोध भारतीय टीम प्रबंधन की ओर से किया गया था। उन्हें अब भारत ए टीम में शामिल किया गया है, जो 6 नवंबर से बेंगलुरु में साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरा चार दिवसीय मैच खेलेगी। यह मैच बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होगा। भारत ए ने पहला मैच जीत लिया था, जिसमें ऋषभ पंत ने शानदार 90 रन की पारी खेली थी और टीम ने 275 रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया में एक वनडे और दो टी-20 मैच खेले कुलदीप यादव ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे में से एक और पहले दो 20 मैच खेले थे। उन्हें तीसरे 20 में वॉशिंगटन सुंदर की जगह बाहर बैठना पड़ा था। चौथा मैच 6 नवंबर को कैरेरा और पांचवा मैच ब्रिस्बेन में खेले जाएगा। वहीं, भारत की पहली टेस्ट मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ 14 नवंबर से कोलकाता में शुरू होगी। (अनंत ज्ञान)

**अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलेंगे चार दिवसीय मैच**